e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 59

शनिवार

01.03.2025

RNI No. - JHAHIN/2022/81895

**सुविचार**

हमेशा सही के साथ खड़े रहो, भले ही अकेला क्यों ना रहना पड़े!

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### झारखंड के कई जिलों में होगी एक मार्च से बारिश

**रांची :** राज्य के उत्तर पश्चिमी जिलों में शनिवार को हल्की बारिश और एक दो स्थानों पर वज्रपात होने की आशंका है। जिन जिलों में बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा और लोहरदगा शामिल है। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि यह स्थिति पश्चिमी विक्षोभ के चलते पैदा हो रही है।उन्होंने बताया कि राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में इस बदलाव का असर कम देखने को मिलेगा। रांची में इसकी वजह से शनिवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे।वहीं शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री, जमशेदपुर में 32.5, डालटेनगंज में 33.4, बोकारो में 33.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### मानव तस्करी रैकेट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने श्रीलंकाई नागरिकों की मानव तस्करी से जुड़े एक बड़े केस में मुख्य आरोपी मो. इब्राहिम को गिरफ्तार कर लिया है. इब्राहिम लंबे समय से फरार था और उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी थे. एनआईए ने तमिलनाडु पुलिस की एंटी-टेरर स्क्वॉड के सहयोग से उसे शुक्रवार को चेन्नई से गिरफ्तार किया.यह मामला श्रीलंकाई नागरिकों को भारत के रास्ते कनाडा भेजने के फर्जीवाड़े से जुड़ा हुआ है. तस्करी का ये नेटवर्क तमिलनाडु और कर्नाटक के जरिए काम कर रहा था. एनआईए ने इस केस को 13 जुलाई 2021 को दर्ज किया था. अब तक इस केस में 10 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट की जा चुकी है, जिसमें से 9 गिरफ्तार हो चुके है. इब्राहिम के अलावा एक और आरोपी इमरान हज्जियार अभी भी फरार है.

### मालदा में नाका चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में हथियार बरामद, एक गिरफ्तार

**मालदा :** मालदा जिले के रतुआ थाना पुलिस ने नाका चेकिंग के दौरान बड़ी कामयाबी हासिल की है। नक्कटी पुल के पास तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने चार सेवन एमएम पिस्तौल बरामद की, जो मैगजीन और गोलियों से लोडेड थीं। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान 35 वर्षीय रज्जाक शेख उर्फ टोटो के रूप में हुई है। आरोपित मालदा जिले के बैष्णवनगर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव का निवासी बताया जा रहा है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने स्मृति चिन्ह भेंट किया

**गांधीनगर** : गुजरात के चार दिवसीय दौरे पर आई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को गांधीनगर से कच्छ के लिए रवाना हो गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आज सुबह राजभवन से राष्ट्रपति को विदाई देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया।राष्ट्रपति 27 फरवरी को एनआईडी के दीक्षांत समारोह और आज राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने के लिए अहमदाबाद और गांधीनगर का दौरा किया। राजभवन में रात्रि विश्राम के बाद वे आज रणोत्सव में भाग लेने के लिए कच्छ के लिए रवाना हुईं। राष्ट्रपति शनिवार शाम को कच्छ से दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

### राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली** : कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर एक बार फिर दलित विरोधी होने के आरोप लगाए हैं. राहुल गांधी ने इस बार राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग में एक साल से खाली पड़े दो पदों का हवाला देते हुए केंद्र सरकार को घेरा है. उन्होंने पूछा है कि अगर आयोग ही नहीं रहेगा तो सरकार में दलितों की आवाज कौन सुनेगा ? राहुल गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,भाजपा सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का एक और सबूत देखिए. दलितों के अधिकारों की रक्षा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को जानबूझकर उपेक्षित कर दिया गया है. इसके दो अहम पद पिछले एक साल से खाली पड़े हैं.उन्होंने लिखा,यह आयोग एक संवैधानिक संस्था है. इसे कमजोर करना दलितों के संवैधानिक और सामाजिक अधिकारों पर सीधा हमला है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

## मुख्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को सौंपा टैबलेट, आज से बीमा योजना लागू

# क्वालिटी एजुकेशन सरकार की प्राथमिकता : हेमंत सोरेन

**विद्यालय रिपोर्ट कार्ड एवं शिक्षकों के लिए 50 घंटे का अनिवार्य समेकित-सतत क्षमता विकास कार्यक्रम का भी किया ऑनलाइन शुभारंभ**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जमाना डिजिटल हो चुका है। कोई भी ऐसा सेक्टर नहीं बचा है जो डिजिटलाजेशन से अछूता हो। डिजिटल सेवाओं में भी तेजी से बदलाव हो रहा है। हर दिन- डिजिटल सेवाएं अपग्रेड हो रही है। ऐसे में आप चाहे या ना चाहे, डिजिटल प्लेटफार्म से अपने को अलग नहीं रह सकते हैं। ऐसे में बेहतर है कि वक्त के अनुरूप आप अपने और आने वाली पीढ़ी को तकनीकी रूप से मजबूत बनाएं। जब आप डिजिटल फ्रेंडली होंगे,तभी आगे बढ़ सकेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मुख्यालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा आयोजित समारोह में 28945 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के बीच टैबलेट वितरण कार्यक्रम को संबोधित ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने गुणवत्तायुक्त शिक्षा संवर्धन हेतु विद्यालय रिपोर्ट कार्ड एवं शिक्षकों के लिए 50 घंटे का अनिवार्य समेकित-सतत क्षमता विकास कार्यक्रम का भी ऑनलाइन शुभारंभ किया।

**बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा में आज जुड़ा एक नया अध्याय:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों को डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज प्राथमिक विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध करने के साथ एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है। इससे स्कूलों में उपस्थिति से लेकर सभी रिपोर्टिंग कार्य डिजिटल माध्यम से होंगे. वहीं, टैबलेट का प्रयोग बच्चों के पठन-पाठन,शिक्षकों के प्रशिक्षण,अनुश्रवण, बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग आसान हो जाएगी और उसके आधार पर शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलेगी।

**बच्चों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था का व्यापक पैमाने पर डिजिटाइजेशन हो चुका है। स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज चल रहे हैं। डिजिटल शैक्षिक सामग्रियों का इस्तेमाल हो रहा है । ऑनलाइन कोचिंग क्लासेज चल रहे हैं । ऐसे में अगर हमारे बच्चे अगर डिजिटल फ्रेंडली नहीं होंगे तो उनके आगे की राह आसान नहीं होगी। उन्हें हर कदम पर कई चुनौतियां एवं परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने तथा डिजिटल रूप से उन्हें मजबूत करने करने के अभियान में जुट गई है। बच्चों का समग्र विकास हमारी सरकार प्रतिबद्धता है।

**पंचायतों में नेटवर्क कनेक्टिविटी को किया जाएगा मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में डिजिटल सेवाओं के प्रभावित होने की बात बार-बार सामने आती है। डिजिटल कनेक्टिविटी की समस्या से तमाम प्रकार के कार्यों एवं सेवाओं में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे लोगों को काफी परेशानियां होती है। ऐसे में सरकार सभी पंचायतों में मोबाइल टावर स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाएगी ताकि डिजिटल माध्यम से होने वाले सभी सरकारी कार्य सुचारू, सरल एवं सुविधाजनक तरीके से संचालित हो सके।



### बच्चों को प्रोत्साहित कर रही है सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के होनहार बच्चों को विभिन्न माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आगे बढ़ सकें।आज जैक के साथ सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉपर्स को प्रोत्साहन राशि के साथ लैपटॉप और मोबाइल फोन दिया जा रहा है वहीं, राज्य सरकार अपने खर्चे पर यहां के गरीब और होनहार विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ने का मौका दे रही है। इसके अलावा अनेक ऐसी योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़नी एवं उनके भविष्य को संवारने का काम हो रहा है।

### मोबाइल में सिमट गई है दुनिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक में आज तेजी से बदलाव हो रहा है। आपकी मुट्ठी में मोबाइल है और उस मोबाइल में सारी दुनिया सिमट गई है। अब आपको ना को पर्स लेकर चलने की जरूरत है और ना ही कैश। आप अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अपनी जरूरत को पूरा करने के साथ तमाम जानकारियां हासिल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हर चीज की सकारात्मक और नकारात्मक पहलू होते हैं। मोबाइल फोन भी इससे अच्छा नहीं है,लेकिन यह आप पर निर्भर करता है कि इसका इस्तेमाल किस रूप में करते हैं। अगर आप इसका सदुपयोग करेंगे तो निश्चित रूप से उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। बच्चों से कहा कि वे इस डिजिटल जमाने में कहां खड़े हैं और दुनिया कहां पहुंच चुकी है उसका आकलन करते हुए आगे बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर मंत्री रामदास सोरेन,मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह एवं झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने किया राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ कर लाखों कर्मियों को एक बड़ी सौगात दी। झारखंड विधानसभा सभागार में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर राज्य कर्मियों को सेवा निवृत्ति के बाद भी आर्थिक संबल देने का काम किया है, उसी तरह राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से कर्मियों के समुचित इलाज का पूरा खर्च वहन की दिशा में यह बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के किसी भी श्रेणी के सरकारी कर्मियों को अपनी बीमारी के इलाज खर्च के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस योजना के माध्यम से उनके पूरे इलाज का खर्च सरकार उठाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जीवन शैली और कार्य प्रणाली में बदलाव की वजह से स्वास्थ्य समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही है। । रहन-सहन और खान -पान में जिस तरह से बदलाव हो रहा है, उसने कमोबेश हर व्यक्ति किसी ना किसी बीमारी से ग्रसित कर दिया है। ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां आम हो चुकी है तो कई गंभीर बीमारियां भी लोगों को अपनी चपेट में तेजी से लेती जा रही है। अस्पतालों का इलाज काफी महंगा हो चुका है । जैसे अस्पताल और डॉक्टर होंगे, वैसा ही इलाज का खर्च भी होगा। ऐसे में लोगों को अपनी बीमारी के इलाज के क्रम में आर्थिक मोर्चे पर काफी परेशानियां होती है। इस वजह से हमारी सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने की मुहिम में जुटी है, ताकि लोगों को कम से कम खर्चे में बेहतर से बेहतर उपचार की सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक पिछड़ा और गरीब राज्य है । यहां कई चुनौतियां हमारे सामने खड़ी है। संसाधनों की कमी है। लेकिन, इन सब के बाद भी सरकार का प्रयास है कि यहां की विभिन्न समस्याओं को जड़ से समाप्त कर सके। इसी कड़ी में सीमित संसाधनों के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने का काम तेज गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बेहतर प्रबंधन के जरिए इस बीमारी पर जीत हासिल की, उसे पूरी दुनिया ने सराहा।विदित हो कि राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना 1 मार्च 2025 से लागू हो रही है।

## बद्रीनाथ में माणा गेट के पास टूटा ग्लेशियर, 25 मजदूर दबे



**एजेंसी**

**चमोली** : पहाड़ों में भारी बारिश और हिमपात ने कहर मचाया हुआ है. हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में बारिश के कारण कई गाड़ियां बह गईं और मलबे में दब गई हैं. वहीं उत्तराखंड के चमोली में भारी बर्फबारी से माणा गांव के पास अचानक से एक ग्लेशियर टूट गया. जानकारी के अनुसार माणा गांव के ऊपर ग्लेशियर टूटने से बॉर्डर रोड्स आर्गेनाईजेशन के 25 मजदूरों उसमें दब गए. जबिक 32 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है. मौके पर राहत-बचाव कार्य जारी है और दबे हुए मजदूरों को निकालने का काम तेजी से किया जा रहा है.एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन, आईटीबीपी और बीआरओ की टीमें मौके पर हैं. रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से जारी है.पुलिस महानिरीक्षक, एसडीआरएफ, रिधिम अग्रवाल ने बताया कि 28 फरवरी 2025 को बद्रीनाथ धाम के पास माणा में हिमस्खलन हुआ. हिमस्खलन की घटना में बीआरओ के कुल 57 श्रमिक प्रभावित हुए. कमांडेंट बीआरओ के अनुसार, अब तक 16 श्रमिक सुरक्षित हैं, जबकि 41 लापता है.एसडीआरएफ की एक टीम जोशीमठ से रवाना हो चुकी है. लामबगड़ में सड़क अवरुद्ध होने के कारण सेना से संपर्क कर मार्ग खोलने की प्रक्रिया चल रही है. दूसरी टीम को सहस्त्रधारा हेलीपैड पर अलर्ट पर रखा गया है. मौसम की स्थिति में सुधार होते ही एसडीआरएफ की हाई-एल्टीट्यूड रेस्क्यू टीम को हेलीकॉप्टर से निकटतम उपलब्ध स्थान पर उतारा जाएगा. एसडीआरएफ ड्रोन की टीम को भी तैयार रखा गया है.

## वित्त मंत्री ने प्रस्तुत किया झारखंड का आर्थिक सर्वेक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची** : बजट सत्र के चौथे दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड का आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत किया. आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष की तुलना में राज्य में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में जीएसडीपी अधिक होगी. आकलन के मुताबिक चालू वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है. वहीं अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है. झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार राज्य की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2024-25 में स्थिर मूल्य पर 68,612 रुपये और वर्तमान मूल्य पर 1,14,271 रुपये और स्थिर मूल्य पर 72,836 रुपये और वर्तमान मूल्य पर 5,56,286 करोड़ रुपये होने का अनुमान है. आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में इसके वर्तमान मूल्य पर राज्य की प्रति व्यक्ति आय 1,24,079 होने का अनुमान है.रिपोर्ट के अनुसार राजकीय अर्थव्यवस्था में लगातार वृद्धि हुई है. पिछले 3 वर्षों में खासकर साल 2021-22 और 2023-24 के बीच राज्य के स्थिर मूल्य पर जीएसडीपी में औसतन वार्षिक 7.7 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर जीएसडीपी में 10.7 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है. इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थिर मूल्य पर 6.7 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 9.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है. वहीं बात यदि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से राज्य की तुलना करें तो राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में झारखंड के जीएसडीपी में पिछले 5 वर्षों में सुधार हुआ है. वर्ष 2019-20 में राज्य का जीएसडीपी देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद का 1.59 प्रतिशत था जो वर्ष 2023- 24 में बढ़कर 1.64 प्रतिशत हो गया.वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जो इकोनामिक सर्वे है वह झारखंड के एकदम फैक्ट पर आधारित है, जो वास्तविकता है.

## विधानसभा में जमीन अधिग्रहण व मुआवजा को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष ने किया हंगामा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन जमीन अधिग्रहण से जुड़ा मुआवजा, एनओसी और म्यूटेशन में धांधली का मुद्दा गरमाया रहा। इस पर विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी सवाल उठाए।विधायक नागेंद्र महतो ने सरकार से पूछा कि क्या वह गैर-मजरूआ जमीन पर किसानों से राजस्व लेकर उन्हें स्वामित्व का अधिकार देने पर विचार कर रही है? इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने जवाब दिया कि पूर्व की भाजपा सरकार ने अवैध जांच का आदेश दिया था, लेकिन अब 2018 से पूर्व की बंदोबस्ती वाली जमीन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि ऑनलाइन प्रक्रिया लागू होने के बाद खाता और प्लॉट नंबरों में बदलाव कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की मिलीभगत से पांच एकड़ की जमीन को पांच डिसमिल दिखाया जा रहा है और सीओ (अंचल अधिकारी) 25 से 50 हजार रुपये तक की घूस मांग रहे हैं। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने स्पष्ट किया कि यदि किसी अंचल से ऐसी शिकायत मिलती है, तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने भी भूमि अधिग्रहण से जुड़े मुद्दे को उठाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि विकास कार्यों के लिए भूमि देने वाले रैयतों के गैर-अधिग्रहित प्लॉट पर प्रतिबंध हटाया जाए, क्योंकि इस कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## रविवार से शुरू होगा रमजान का महीना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची** : शुक्रवार को रमजान का चांद नजर नहीं आया। दिल्ली के जामा मस्जिद के इमाम की तरफ से ऐलान किया गया कि रविवार को पहला रोज़ा रखा जाएगा। शनिवार शाम चांद दिखने के साथ ही रमजान का महीना शुरू हो जाएगा।दुनिया भर के मुसलमान साल के सबसे पवित्र महीने रमज़ान के पहले दिन की तैयारी कर रहे हैं। अर्धचंद्राकार चांद दिखने के साथ ही रमज़ान के महीने में रोज़ा रखा जाएगा। ऐसे में शनिवार को चांद दिखने की पूरी संभावना है। रमज़ान इस्लामी कैलेंडर के नौवें महीने की शुरुआत और सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच 29 से 30 दिनों के उपवास की अवधि की शुरुआत का प्रतीक है। बता दें कि इस्लाम धर्म में रमजान के महीने का बहुत महत्व है. यह महीना मुस्लिम समुदाय के लिए सबसे पवित्र महीनों में से एक माना जाता है. रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है. इस पूरे महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं. रमज़ान इस्लाम धर्म में सबसे पवित्र महीना माना जाता है, जिसमें दुनिया भर के मुस्लिम समुदाय के लोग रोज़ा (उपवास) रखते हैं. रोज़ा इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है, और इसका पालन हर बालिग़ और स्वस्थ मुस्लिम व्यक्ति पर अनिवार्य होता है.इस्लाम में रोजा रखने की परंपरा दूसरी हिजरी में शुरू हुई थी. पैगंबर मुहम्मद साहब के मक्का से मदीना प्रवास करने के एक साल बाद मुसलमानों को रोजा रखने का हुक्म आया था.

## पुणे बस रेप कांड का आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**मुंबई :** पुणे के स्वारगेट बस स्टेशन पर महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी दत्तात्रेय गाडे को महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पुणे के स्वारगेट बस स्टेशन पर बस के अंदर 26 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने वाले एक व्यक्ति को शुक्रवार को शिरूर तहसील में हिरासत में लिया गया। आरोपी की पहचान दत्तात्रेय गाडे के रूप में हुई है, जिसे पुणे पुलिस ने आधी रात को पुणे के शिरूर से हिरासत में लिया। महिला के साथ कथित तौर पर हिस्ट्रीशीटर गाडे ने मंगलवार की सुबह एसटी बस के अंदर बलात्कार किया था। पुणे और अहिल्यानगर जिले में चोरी, डकैती और चेन-स्नेचिंग के आधा दर्जन मामलों में गाडे का नाम है। वह इनमें से एक अपराध में 2019 से जमानत पर बाहर है। आरोपी को पकड़ने के लिए राज्य भर के विभिन्न स्थानों पर तेरह पुलिस टीमों को तैनात किया गया था। पुलिस ने गुरुवार को पुणे जिले के शिरूर तहसील में स्थित गन्ने की फसल के इलाकों में तलाशी अभियान के तहत खोजी कुत्तों और ड्रोन को भी तैनात किया था।

**असर्फी कैंसर संस्थान**

Any Type, Any Stage

आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज

Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध

9297970030

Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

पलामू/गढ़वा

रांची, शनिवार, 01 मार्च 2025 | पेज 2


# अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए सभी पदाधिकारी सक्रियता से कार्य करें। सभी संबंधित पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व जवानों की आपसी समन्वय से बेहतर व कारात्मक परिणाम निकलेंगे। पदाधिकारी अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में गोपनीय तरीके से छापेमारी करें। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाएं। इसमें जुड़े वाहनों को जब्त करें, अर्थ दण्ड लगाएं और इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक कर रहे थे।उपायुक्त ने अनुमंडल, अंचल एवं थाना स्तर से अवैध परिवहन, खनन एवं भंडारण के विरूद्ध की गयी कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों में विषेष चौकसी बरतने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से षिकायत मिलती है। इसलिए सभी की जिम्मेवारी है कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम करने में अपनी महती भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में छापेमारी कर सुनिश्चित करें कि लीज एरिया का विचलन कर कोई खनन कार्य तो नहीं कर रहा है। साथ ही लीज कहीं का और खनन होने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी संबंधित क्षेत्रों में छापेमारी करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बालू के अवैध उठाव एवं भंडारण पर सख्ती से कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही ट्रेंच कटवाकर अवैध परिवहन के मार्ग को अवरूद्ध करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि बालू के अवेध परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु अंचल एवं थाना स्तर पर ट्रेंच कटिंग, बैरिकेडिंग एवं चौकीदार की प्रतिनियुक्ति से इसके अवैध रोकथाम में मदद मिलेगी। उपायुक्त ने खनिजों के ओवरलोड की जांच कर कार्रवाई का निदेश दिया। वहीं बिना व्यवसायिक पंजीयन के संचालित ट्रैक्टर/ट्रॉली के विरूद्ध कार्रवाई करने तथा सीटीओ में अंकित शर्तो के अनुपालन की प्रदूषण विभाग द्वारा जांच का निदेश दिया। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने भी अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई तथा चालान वाले व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने का निदेश दिया। वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार ने वन क्षेत्र में अवैध खनन की षिकायत पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया। उन्होंने विशेषकर छत्तरपुर, पिपरा एवं चैनपुर के अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को ध्यान देने की जरूरत पर बल देते हुए चौकसी बढ़ाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है। बैठक के शुरूआत में जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने जनवरी 2025 में किए गए कार्रवाई से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में जिला खनन कार्यालय की ओर से 38 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं 6 प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही दण्ड स्वरूप 18.90 लाख रूपये वसूले गये हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया कि परिवहन कार्यालय द्वारा भी निरंतर कार्रवाई की गई है। 16 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं 7.35 लाख रूपये का अर्थ दण्ड वसूला गया है। साथ ही वन प्रमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर वन प्रमण्डल द्वारा 9 क्रसरों को जब्त कर सभी संचालकों पर वनवाद दायर किया गया है।बैठक में उपरोक्त पदाधिकारी के अलावा तीनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

## कमरुद्दीन तीसरी बार बने झामुमो के चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमिटी व जिला संयोजक मण्डली के निर्देश पर शुक्रवार को चैनपुर नगर निगम स्थित समृद्धि होटल में झामुमो ज़िला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा की अध्यक्षता में प्रखण्ड कमिटी पुनर्गठन को लेकर कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से तीसरी बार कमरुद्दीन अंसारी को प्रखंड का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं तीन उपाध्यक्षों के नामों की भी घोषणा की गई। इसमें दिनेश पासवान, जितेंद्र यादव, मुस्तफा अंसारी हैं। वहीं प्रखंड कमेटी में सचिव नितीश कुमार, संयुक्त सचिव नलिन चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई हैं।सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर किया। जिला अध्यक्ष ने सभी को झामुमो पार्टी संविधान के अनुसार पार्टी हित में कार्य करने का निर्देश दिया। उधर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को शत प्रतिशत पूरा करने की बात कही। मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने झामुमो के नीति सिंद्धान्तों की जानकारी देते हुए कहा कि हमारी पार्टी जनता की हित में जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रहीं है। मौके पर दर्जनों प्रखंड कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## बसंती बयार से मदमस्त हुआ मौसम, आम के मंजरी कर रहे है स्वागत



**बंशीधर(नगर प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल क्षेत्र में बसंत ऋतु आते ही बसंती बयार से मौसम मदमस्त हो गया है।आम के पेडों पर लगे मंजर जैसे बसंत ऋतु का स्वागत कर रहे है।बसंत ऋतु आते ही बसंती हवा चलना शुरू हो जाता है।इस समय शरद ऋतु का बिदाई के साथ गर्मी दस्तक देना शुरू कर देता है। इस समय न तो ठंडक से परेशानी न गर्मी का एहसास होता है।इसके साथ ही मंद मंद बसंती हवा से लोगो का मन प्रफुल्लित लगने लगता है। इस ऋतु में खेतो में लगे फसल पकने लगता है। पलास के पेड़ अपने फूलो से लाल होने लगता है। तो आम के पेड़ अपने बौर से लद जाता है। इनके फूलो से होकर निकलने वाला खुशबू चारो तरफ हवा के साथ फैलने लगती है।जिसका एहसास मन को प्रफुल्लित वा रोमांचित कर देता है। जिससे बसंत इससे किसानों के चेहरे पर नई चमक देखा जा रहा है। उन्हे लग रहा है की आने वाले समय में भरपूर फसल होगा। जिससे उनका आर्थिक लाभ निश्चित लग रहा है। आम के बगीचा लगाकर हर साल अच्छी आमदनी करने वाले सगमा प्रखण्ड के मकरी गांव निवासी उदय मेहता का कहना है कि इस वर्ष पिछ्ले वर्ष की तुलना में आम के पेड़ो पर अधिक बौर आया है। सब कुछ ठीक ठाक रहा मौसम साथ देता है तो आम का फसल लाभ दायक साबित हो सकता है।

# सेवा से बर्खास्त हुए अनुसेवकों को छलका दर्द, कहा

## झारखंड सरकार ने नहीं रखा अपना पक्ष




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सर्वोच्च न्यायालय में पारित आदेश सिविल अपील संख्या 1350-1351/2024 में पारित आदेश के आलोक में उपायुक्त पलामू द्वारा अपने ज्ञापन 90 स्था. दिनांक 22 2.2025 के द्वारा कुल 251अनुसेवकों को बिना विधि परामर्श विभाग से परामर्श से लिए ही बर्खास्त किया गया तथा शेष राजकुमार राम, कमल हसन, रशीद अंसारी, मोहम्मद तौहीद एवं गणेश राम अनुसेवक को सेवा में बरकरार रखा गया है। साथ ही शशि शुक्ला एवं राजेश शुक्ला एवं उपरोक्त पांचो व्यक्तियों को विज्ञापन संख्या 01/2010 के पैनल से ही चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के पद पर बहाली की गई है। इस संबंध में सभी अनुसेवकों का कहना है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में झारखंड सरकार द्वारा अपना पक्ष या किसी प्रकार का अपील नहीं किया गया। यह झारखंड सरकार की हार है। बर्खास्त हुए अनुसेवकों ने कहा कि हम सबसे निचले स्तर के कर्मचारी हैं। इसलिए हमारा सुनने वाला कोई नहीं है। उप सिविल अपील में झारखंड सरकार को पुनर्विचार याचिका दायर करना चाहिए था। परंतु फिर भी हम चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों ने मिलकर सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर किया है। जिसका नंबर 10619/2025 राजेंद्र राम वगैरह बनाम झारखंड सरकार है। बर्खास्त हुए अनुसेवकों के कहा कि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, वित्त सचिव और उपायुक्त पलामू से अनुरोध है कि हम सभी के बातों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए पुनः नियुक्त किया जाए। अथवा उपरोक्त अनुसेवक, जो सेवा में बरकरार रह गए, उन्हें भी सेवा से मुक्त करने की कृपा किया जाए।

## श्री श्री मां चतुर्भुजी नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट शनिवार से प्रारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत लोहिया समता उच्च विद्यालय स्टेडियम प्रांगण में एक मार्च शनिवार से श्री श्री मां चतुर्भुजी नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 01 का शुभारंभ के उपलक्ष में शुक्रवार को आयोजक एवं उद्घाटन कर्ता युवा समाजसेवी पंकज सिंह के द्वारा प्रेस वार्ता की गई। इस दौरान समाजसेवी पंकज सिंह ने कहां की केतार प्रखंड जैसे सुदूरवर्ती इलाके में कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के होनहार युवाओं को खेल के प्रति छुपी प्रतिभाएं को मजबूत करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट में कुल 32 टीम भाग लेगी इच्छुक टीम के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं,उन्हें कमेटी के द्वारा प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच के साथ प्रोत्साहित भी किया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह का खेल इस क्षेत्र में कम ही देखने को मिलता है मेरा



प्रयास है कि इस क्षेत्र के खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करें और जिला सहित राज्य स्तरीय खेल में भाग लें एवं विश्व प्रसिद्ध खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी जैसा अंतरराष्ट्रीय प्लेयर बनकर क्षेत्र का नाम रौशन करें। वही टूर्नामेंट के अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह ने बताया कि मैच में भाग लेने वाले टीम का एंट्री फीस 3500 सौ रुपए रखा गया है। जबकि फाइनल मैच के दिन विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 51000 हजार रुपए एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 31000 हजार रुपए देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कमेटी के द्वारा यह आह्वान किया गया है कि मैच में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को यूनिफॉर्म में आना अनिवार्य है। इस मौके पर सचिव रामाश्रय मेहता, कोषाध्यक्ष एनुअल परवेज, उपाध्यक्ष श्याम बिहारी राम, उप सचिव हेमंत कुमार मेहता, उपकोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, गुड्डू सिंह, गौतम पाल, रविंद्र सोनी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# अबुआ आवास में लाभुकों से रिश्वत लेने का आरोप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत परती कुशवानी के अबुआ आवास के दो लाभुक उदित यादव एवं हरशु यादव ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय केतार पहुंच रिश्वत लेकर अबुआ आवास दिलवाने का आरोप मुखिया पुत्र पर लगाया है। बीडीओ को दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि परती पंचायत के मुखिया पुत्र ईश्वरी सिंह के द्वारा आवास दिलवाने के नाम पर उदित यादव से 7500 सौ रुपए एवं हरशु यादव से 5000 हजार रुपए लेने का आरोप लाभुकों के द्वारा लगाई गई है। साथ ही उक्त लाभुक ने आवेदन में यह भी कहा है कि हम लोगों से ईश्वरी सिंह के द्वारा 15000 हजार रुपए की मांग और की जा रही है। राशि नहीं देने पर सूची से नाम हटवा देने की बात कहीं जा रही है। उक्त लाभुकों ने केतार बीडीओ प्रशांत कुमार से आवास का लाभ दिलवाने एवं ली गई रिश्वत की राशि वापस कराने की गुहार लगाई है।

## डिग्री कॉलेज सडमा छतरपुर में मनाया गया विज्ञान दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के स्मार्ट क्लास में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। जिसका शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रो राज किशोर लाल कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राज मोहन, प्रो अशोक अग्रवाल, प्रो जलेश्वर सोरेन कु गुप्ता, प्रो मुन्नी देवी, प्रो इंदु कुमारी ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित किया कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रो राज मोहन ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारतीय वैज्ञानिकों के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन द्वारा खोजे गए 'रमन प्रभाव' की याद दिलाना है और विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना है प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल ने अपने वक्तव्य में सर सी.वी. रमन का भारत में साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विकास में योगदान के बारे में जानकारी दी




और उनकी जीवन यात्रा पर चर्चा की। उन्होंने 'रमन प्रभाव' के बारे में विस्तार से बताया और छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर आगे आने के लिए भी प्रोत्साहित किया। वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो जलेश गुप्ता ने कहा कि युवाओं को विज्ञान और प्रधौगिकी में कैरियर बनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रो अशोक कुमार अग्रवाल ने किया। मौके कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक उपस्थित थे।

# पिपरा के बीईईओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटर से स्पष्टीकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त-सह-जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष शशि रंजन के निदेश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक ने बीईओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटरों के साथ बैठक की। बैठक में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना सहित विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई। पीएम पोषण शक्ति निर्माण, योजना अंतर्गत एसएमस पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इसके तहत विद्यालयों में प्रतिदिन उपस्थित छात्र-छात्राओं की संख्या, प्रति सप्ताह उपलब्ध अनाज एवं कुकिंग कॉस्ट, पूरक पोषाहार, प्राप्त कुकिंग कॉस्ट,पूरक पोषाहार तथा प्राप्त अनाज की मात्रा का एसएमएस किया जाता है। समीक्षा के दौरान पिपरा क्षेत्र के विद्यालयों में कार्य दिवसवार एसएमएस भेजने में षिथिलता बरतने की बात प्रकाश में आने पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने पिपरा के बीईओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटर से स्पष्टीकरण की मांग की। निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण का जवाब नहीं मिलने एवं असंतोषजनक जवाब की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं एमडीएम कम्प्यूटर ऑपरेटर पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना का एसएमएस शत प्रतिशत कराना सुनिश्चितत करें। उन्होंने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत रसोइया-सह- सहायिका का आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से शत प्रतिशत अच्छादन का निदेश दिया।

## बिश्रामपुर में उच्च स्तरीय अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य : डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी




**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शुक्रवार को मेगा आई कैम्प लगाया गया. जिसमे 130 मरीजों का फेंको मशीन द्वारा मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपित किया गया. इससे पहले शिविर का उद्घाटन एलसीएमसीएच के डायरेक्टर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी,प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप, एडवाइजर डॉ रवि भूषण पांडेय, आरसीयू के रजिस्टर देवाशीष मंडल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव व डॉ राजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. उद्घाटन समारोह का संचालन एमबीबीएस की छात्रा सोनल प्रज्ञा, छात्र दिव्यांशु सौरभ व कुमार गौरव ने बारी-बारी से किया. डॉ विवेक कश्यप ने कहा कि एलसीएमसीएच में सभी तरह की बीमारियों का बिल्कुल मुफ्त इलाज व ऑपरेशन होता है.दवा भी निःशुल्क दिया जाता है.उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को 250 से भी ज्यादा मरीजों का नेत्र जांच किया गया.जिसमें से 130 मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन आज किया गया.बाकी मरीजों को दवा दिया गया, जिससे पूर्ण रूप से उनका नेत्र दोष दूर हो सकें. प्रो.सुभाष तेतरवे ने कहा कि एलसीएमसीएच शिविर लगाकर प्रति वर्ष सैकड़ों मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन मुफ्त करता है. इतना ही नहीं हर वर्ष इसका दायरा भी बढ़ाया जा रहा है. मौके पर डॉ. श्रावंती, डॉ. आशुतोष, डॉ. हरिभूषण, डॉ. अरविंद कुमार त्रिपाठी, डॉ अविनाश, डॉ. नागेन्द्र, पूर्व विस प्रत्यासी लक्ष्मण सिंह, इदरीश हवारी, एडमिनिस्टर नीतीश कुमार, संदीप कुमार, शोएब खान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पाटन के खैरदोहर गांव में जमीन के फर्जी खरीद-बिक्री के खेल में खूनी संघर्ष की आशंका

**खैरदोहर में खाता 11 प्लॉट 102 और खाता 2 प्लॉट 101 के जमीन में हुआ है फर्जी खरीद-बिक्री का खेल, जांच की मांग**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू जिला स्थित पाटन थाना क्षेत्र के खैरदोहर गांव में जमीन के फर्जी खरीद-बिक्री का खेल विगत कुछ वर्षो से शुरू है। इस खेल में खूनी संघर्ष की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है। खैरदोहर मुस्लिम बहुल गांव है। इस गांव के अधिकांश लोग अनपढ़ हैं, जो मजदूरी और छोटा धंधा करके अपना जीवन बसर करते हैं। इस गांव में एक जमीन दलाल रूपेश उपाध्याय का एंट्री विगत कुछ वर्षो से हुआ है। वह अनपढ़ और गरीब मुस्लिम परिवार को पहले अपने झांसे में लेता है। इसके बाद इनलोगों को डरा धमका कर और कुछ राशि देकर जमीन का एग्रीमेंट वह अपने नाम से कराता है। फिर इस जमीन को उच्चे मूल्य पर इसी गांव के जरूरतमंद लोगों को एग्रीमेंट कर देता है। यानी एग्रीमेंट से खरीदे गए जमीन को एग्रीमेंट के द्वारा रूपेश उपाध्याय बेच देता है। खैरदोहर गांव में अभी ऐसा दो मामला प्रकाश में आया है। पहला मामला खाता 11 प्लॉट 102 का है। जानकारी के अनुसार रूपेश उपाध्याय ने इस जमीन को जाली और बनावटी कागजात के माध्यम से प्राप्त किया और एग्रीमेंट के माध्यम से शाहनाज बेगम के नाम से 12.11.22 को बेच दिया। इस पर शाहनाज बेगम के पति जुमन मियां द्वारा अवैध रूप से आवास का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। जिस जमीन पर जुमन मियां द्वारा आवास का निर्माण कार्य शुरू किया गया है, उस जमीन को 52 वर्ष पूर्व साल 1973 में चेतमा ग्राम निवासी राजेश्वर उपाध्याय, रामसूरत उपाध्याय, राम केयास उपाध्याय और राम लखन उपाध्याय ने दो केवाला के माध्यम से प्राप्त किया है। दोनों केवाला मिलकर इन लोगों का एक डिसमिल जमीन है। जुमन मियां द्वारा अवैध रूप से किए जा रहे आवास निर्माण पर रोक लगाने की मांग स्थानीय प्रशासन से की गई है। दूसरा मामला खाता नंबर 2 प्लॉट 101 का है। इस जमीन को रूपेश उपाध्याय ने 28.10.2021 को खैरदोहर निवासी कुर्बान मियां के नाम 0.1.65 डिसमिल एग्रीमेंट किया। बाद में कुर्बान मियां की हत्या हो गया। कुर्बान मियां हत्याकांड की गुत्थी आज तक नहीं सुलझ पाया है। इस जमीन पर खैरदोहर के लोगों द्वारा मदरसा का निर्माण शुरू कराया गया, जो बाद में रुक गया। मदरसा का निर्माण कार्य क्यों रूक गया ? यह भी रहस्य बना हुआ है। इस जमीन को भी रूपेश उपाध्याय ने फर्जी तरीके से प्राप्त किया और एग्रीमेंट के माध्यम से बेच दिया। खैरदोहर गांव में उक्त दोनों जमीन (खाता 11 प्लॉट 102 और खाता 2 प्लॉट 101) के खरीद बिक्री मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। इस मामले में यह सवाल उठता है कि एग्रीमेंट से प्राप्त जमीन को क्या एग्रीमेंट के माध्यम से विक्री किया जा सकता है ? इस संबंध में कानून के जानकारों का कहना है कि सिविल अपील संख्या 1598/2023 मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि एग्रीमेंट के माध्यम से जमीन का विक्री नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि बिक्री अनुबंध (एग्रीमेंट) और पावर ऑफ अटॉर्नी सहित अपंजीकृत दस्तावेजों के माध्यम से अचल संपत्ति का स्वामित्व हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है। बावजूद इसके खैरदोहर गांव में कानून को धाता बताते हुए रूपेश उपाध्याय द्वारा निडर होकर फर्जी एग्रीमेंट का खेल खेला जा रहा है। खैरदोहर गांव में रूपेश उपाध्याय ने कई लोगों से जमीन का फर्जी एग्रीमेंट कराया है। अगर इस गांव में फर्जी एग्रीमेंट के धंधे को नहीं रोका गया तो आने वाले समय में खून खराबे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## आंगनबाड़ी केन्द्र में गलत चयन को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध, एसडीओ सौंपा आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** ग्राम सड़मा टोला कंगालीडीह के आंगनबाड़ी केंद्र पर चयन में ग्रामीणों ने विरोध जताया है और अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर को आवेदन देकर सही तरीके से पुनः चयन करने का ग्रामीणों ने अनुरोध किया है ज्ञात हो कि कंगालीडीह टोला आंगनबाड़ी केंद्र पर सेवका और सहायिका चयन किया जा रहा था ग्रामीणों ने बताया कि 11 फरवरी 2025 को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा चयन करना था ग्रामीणो ने आरोप लगाया है कि छतरपुर सीडीपीओ द्वारा मनमानी तरिके से दिनांक 27 फरवरी 2025 को बिना ग्रामीणों के जानकारी और आम सभा के ऑगनवाडी सेप्टर में सेवका और सहायिका किया जा रहा था जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ओबीसी की जनसंख्या 334 और एसटी की जनसंख्या 185 दिखाया गया है। सिडिपीओ के मिलिभगत से एसटी सीट कर चमन करवा जा रहा है जो गलत है। ग्रामीणों ने छतरपुर एसडीओ को ज्ञापन देकर पुनः सही सीट चयन करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में दूरभाष से छतरपुर सीडीपीओ शिला कुमारी से संपर्क किया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। ग्रामीणों में विनलेश यादव, मानती देवी, भोला यादव सविता कुमारी,मुखदेव यादव, रेणु देवी, सोनी कुमारी, संगीता देवी, नागेन्द्र ठाकर, सुनिता देवी, संगीता देवी विश्वनाथ ठाकुर, सुरजी कुंवर, पुटुन देवी, रीना देवी, रामाधार यादव रमेश ठकुर, अरविन्द्र कुमार, सबिता कुमरी, कशी साव, जितेंद्र साव आदि विरोध जताया है।

## कुहकुह स्टोन माईंस में संदिग्ध लोगों ने किया एक हाईवा को आगे के हवाले

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के कुहकुह में संचालित गौतम इंटरप्राइजेज स्टोन माईस में गुरुवार को संध्या करीब 6 बजे चार हाईवा पत्थर लोड निकला और निकलने बाद बीच में संदिग्ध लोगों ने चारों हाईवा को रोककर बारी बारी से गाड़ी नंबर और स्टोन माईस के मैनेजर के नाम और पता पूछकर चौथे नंबर के हाईवा नाम पता और स्टोन माईस के मालिक नाम पूछने के बाद हाईवा को आगे की हवाले किया गया। घटना के तुरंत बाद स्टोन माईस से जुड़े लोगों ने स्थानीय थाना नौड़ीहा बाजार को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही नौड़ीहा बाजार थाना प्रभारी श्री अमित कुमार द्विवेदी ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना के पूरे मामले की छानबीन मे जुट गई। पलामू पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगजननी के पूरे घटना की मामले की जाँच किया जा रहा है।घटना के पहले सभी हाइवा को रोककर चालक व गाड़ी मालिक का नाम व स्टोन माईस के मैनेजर के नाम पता पूछनें के बाद गाडी के आगे के हवाले किया गया है। जिस हाइवा को आग लगाई गई है उसके पहले ही निशाना किया था। जिस क्षेत्र में घटना हुई है पूर्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दिया गया। पलामू पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नौड़ीहा बाजार थाना में शुक्रवार को स्टोन माईस के मालिक के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### आदिवासी जन परिषद की उपाध्यक्ष बनी कुन्दर्शी मुंडा



**रांची।** आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा बयान जारी करते हुए बताया कि कुंदर्शी मुंडा, पति प्रकाश बरियातु थाना क्षेत्र की मोरहाबादी स्थित बनिया टोली की रहने वाली है, उसे वरीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है और बेहतर काम करेगी भरोसा भी जताया है।

### दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने एसीएम पद की परीक्षा तिथि घोषित की

**रांची :** दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने असिस्टेंट कमर्शियल मैनेजर (एसीएम) पद के लिए परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा चार और 18 मई को सीबीटी मोड में आयोजित होगी। इसमें कार्यरत रेल कर्मचारियों को अवसर दिया जाएगा। परीक्षा में सीसीआई सहित अन्य रेल कर्मचारियों को 70 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इस संबंध में चक्रधरपुर रेल मंडल के असिस्टेंट पर्सनल अफसर मो. इबरार ने शुक्रवार को आधिकारिक पत्र जारी किया है।

### झारखंड विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण प्रतिवेदन पेश

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को आर्थिक सर्वेक्षण प्रतिवेदन सदन में पेश किया गया। सत्र की शुरुआत प्रश्नकाल से हुई, जिसमें स्पीकर ने अल्पसूचित प्रश्न, तारांकित प्रश्न, शून्यकाल और ध्यानाकर्षण सूचनाओं पर चर्चा की।विधायक नागेंद्र महतो ने गैर मजरूवा जमीन की बंदोबस्ती का मुद्दा उठाया, जिस पर वे वर्षों से खेती कर रहे हैं।

# रांची नगर निगम की टीम ने चलाया जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम के द्वारा दिनांक 28.02.2025 को सहायक प्रशासक के नेतृत्व में वार्ड नं0 15, स्थित डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वार्ड नं0 06, स्थित नेक्सा शोरूम एवं वार्ड नं0 06, Panacea Super Speciality Hospital की जांच की गई। डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के जांच क्रम में पाया गया कि हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा होल्डिंग की प्रकृति खाली भूमि दिखाई गई थी एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 से लगभग 14,521 रुपए कर बकाया है। जबकि कई वर्षों से त्न+5 हॉस्पिटल भवन का संचालन किया जा रहा था। जिसपर सहायक प्रशासक के निर्देश पर निगम की टीम के द्वारा पूरे परिसर की मापी की गई एवं कुल 45,878.67 स्केवार फीट क्षेत्रफल पाया गया। सहायक प्रशासक के द्वारा अस्पताल प्रबंधन को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट कराते हुए व्यावसायिक कर का पूर्ण भुगतान करने का निर्देश दिया गया।नेक्सा शोरूम के जांच क्रम में पाया गया कि 16,445 स्केवार फीट के कुल क्षेत्र में शोरूम द्वारा रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां चलाई जा रही है एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 तक होल्डिंग का भुगतान किया गया है। जिसपर सहायक प्रशासक के निर्देश पर निगम की टीम द्वारा पूरे परिसर की मापी की गई एवं एसीसी तथा आरसीसी क्षेत्र मिलाकर कुल 24,207 स्केवार फीट क्षेत्रफल पाया गया। सहायक प्रशासक के द्वारा शोरूम प्रबंधन को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट कराते हुए व्यावसायिक कर का पूर्ण भुगतान करने का निर्देश दिया गया Panacca Super Speciality Hospital के जांच क्रम में पाया गया कि कुल क्षेत्र में अस्पताल द्वारा रेसिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां चलाई जा रही है। जिसपर निगम की टीम द्वारा पूरे परिसर की मापी की गई जिसमे एसीसी तथा आरसीसी क्षेत्र मिलाकर कुल 27,781 स्केवार फीट. क्षेत्रफल पाया गया। सहायक प्रशासक द्वारा अस्पताल प्रबंधन को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट कराते हुए दिसंबर-2024 से सारे लंबित व्यावसायिक कर का पूर्ण भुगतान करने का निर्देश दिया गया। जांच टीम में सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, पीएमयू निगम के कर संग्रहकर्ता एवं एजेंसी के कर संग्रहकर्ता उपस्थित थे।



# 2 करोड़ की लागत से जगन्नाथ मंदिर परिसर का होगा समग्र विकास : सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** धुर्वा में स्थित प्रभु जगन्नाथ के ऐतिहासिक मंदिर परिसर के समग्र विकास का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ के प्रयास से 450 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मंदिर परिसर का समग्र विकास सीएसआर से होना है। इसे कार्य 2 करोड़ 9 लख रुपए की राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। रांची जिला प्रशासन के किए सीसीएल ने एमओयू भी कर किया है। बहुत जल्द यह कार्य शुरू हो जाएगा। विदित हो कि अगस्त 2024 में संजय सेठ ने सीसीएल के सीएमडी को पत्र लिखकर जगन्नाथ मंदिर की आध्यात्मिकता और ऐतिहासिकता से अवगत कराया था। रक्षा राज्य मंत्री ने अपने पत्र में कहा था कि नागवंशी राजाओं के द्वारा स्थापित यह मंदिर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नायकों की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। वर्तमान समय में इस परिसर के समग्र विकास की आवश्यकता है ताकि राष्ट्रीय पटल पर इस परिसर को नई पहचान मिल सके। इसी के आलोक में सीसीएल ने जिला प्रशासन से संपर्क किया और परिसर के समग्र विकास को स्वीकृति दी। जगन्नाथ मंदिर परिसर के समग्र विकास की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के लोगों में अपार हर्ष है। लोग रक्षा राज्य मंत्री की इस पहल के लिए उनके प्रति आभार प्रकट कर रहे हैं।

इस बाबत संजय सेठ ने कहा कि प्रभु जगन्नाथ की कृपा से ही यह काम संभव हुआ है। रांची की जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना है, उसे विश्वास को और मजबूत बनाने के लिए मैं हर कार्य कर रहा हूं। जनता की आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए मेरा हर कार्य समर्पित है। जगन्नाथ मंदिर सिर्फ हमारी आध्यात्मिकता का केंद्र नहीं है बल्कि यह झारखंड की ऐतिहासिक धरोहर में से एक है। इस मंदिर परिसर का समग्र विकास, यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कई प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने वाला होगा।

मंदिर के समग्र विकास की दिशा में बाउंड्री वाल, पार्क निर्माण, वॉटर फाउंटेन, बच्चों के लिए खेलने की सुविधा, शौचालय, बागवानी, कियोस्क, गजीबो, पर्याप्त लाइटिंग, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सहित कई कार्य किए जाएंगे।



# झारखंड कम्यूनिकेटर्स वर्कशॉप का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज रांची में झारखंड कम्यूनिकेटर्स वर्कशॉप का समापन हुआ जिसमें राज्य में कॉमन्स (सामुदायिक प्राकृतिक स्रोत) के महत्व के प्रचार-प्रसार में स्टोरी टेलिंग (कहानी सुनाना) की भूमिका पर चर्चा की गई. 27 और 28 फरवरी को आयोजित इस वर्कशॉप में पूरे झारखंड से आए 92 कम्यूनिकेटर्स ने भाग लिया जिनमें पत्रकार, सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स और विजुअल स्टोरीटेलर्स सहित अन्य लोग शामिल थे.

इस वर्कशॉप में झारखंड के सभी 24 जिलों के 45 ब्लॉक से आए कम्यूनिकेटर्स ने हिस्सा लिया जो प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, वीडियो, न्यू मीडिया, सामुदायिक रेडियो और स्वतंत्र पत्रकारिता सहित अलग-अलग मीडिया पृष्ठभूमि से जुड़े हुए थे.

आदिवासी समुदाय के लेखकों और आदिवासी कला के चित्रकारों ने भी कार्यशाला में भाग लिया और उन्होंने पत्रकारों को जिला और राज्य - दोनों स्तरों पर कॉमन्स पर आधारित दमदार और प्रभावशाली रिपोर्टिंग से संबंधित उपकरणों के बारे में बताया और इससे जुड़ी अंतर्दृष्टि प्रदान की. प्रतिभागियों ने झारखण्ड में कॉमन्स की भूमिका और जलवायु परिवर्तन, कृषि, भूमि उपयोग और पारिस्थितिकी तंत्र को पहले के जैसा बेहतर बनाने में कॉमन्स के संबंधों पर चर्चा की.

# पांच हजार घुस लेते एसआई को एसीबी ने दबोचा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कोतवाली थाना के एक एसआई को एसीबी की टीम ने पांच हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ दबोचा है। एसआई का नाम ऋषिकांत बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एसआई ऋषिकेश ने एक शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन रिलीज करने और केस डायरी लिखने के एवज में 20 हजार रुपये की डिमांड की थी। शिकायतकर्ता घूस नहीं देना चाहता था, सो एसीबी के दफ्तर शिकायत करने पहुंच गया। उसकी शिकायत पर एसीबी की टीम ने मामले की जांच की। जांच में एस आई पर लगे आरोप को सही पाया। इसलिए एसीबी ने पैसे देकर शिकायतकर्ता को एस आई के पास भेज दिया गया। एस आई ने पीड़ित को कोतवाली थाना से महिला थाना परिसर में बुला लिया। वहां जैसे ही एस आई ने घूस के पैसों को अपने हाथों में लिया वैसे ही एसीबी की टीम ने उसे दबोच लिया। और अपने साथ लेकर चली गई। हलांकि इस दौरान मीडिया को कवरेज करने से एसीबी मना भी करते नजर आये।



# जिफ्फा अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव आज से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर से छठे जिफ्फा अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव लेकर आ रही है। एक और दो मार्च को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के मॉडलों द्वारा रैंप वॉक और झारक्राफ्ट के उत्पादों, कपड़े, हस्तशिल्प का भी प्रदर्शन किया जाएगा। झारखंड अंतराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल को लेकर पूरी तरह से तैयार है। इसको लेकर जिफ्फा के अध्यक्ष ऋषि प्रकाश मिश्रा, कार्यकारी उपाध्यक्ष आकाश सिन्हा, सचिव खुशी काकन , उपाध्यक्ष सुनील बादल ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को बताया कि कला संस्कृति मंत्रालय एवं झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन झारखंड सरकार के सहयोग से छठे झारखंड अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव का आयोजन एक और दो मार्च को झार क्राफ्ट के संयुक्त तत्वावधान में मोराबादी मैदान रांची में होने जा रहा है। पिछले 5 वर्षों से झारखंड फिल्म नीति के अंतर्गत आयोजित होते आ रहे झारखंड अंतराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव जिफ्फा में झारखंड की कला संस्कृति एवं फिल्म उद्योग के साथ-साथ परंपरागत कलाकृति पारंपरिक भोजन हैंडीक्राफ्ट एवं पेंटिंग्स के विकास के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, इस बार आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव का उद्घाटन एक मार्च को झारखंड के कला संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू करेंगे ।

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, फैसला आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव 28 फरवरी 2025 को रांची जिला के चडरी स्थित झारखंड पुलिस एसोसिएशन के परिसर में मतदान देर शाम पांच बजे तक किया गया। लगभग 1056 मतदाताओं में से लगभग 956 मतदाताओं ने मतदान किया।

**दोनों टीमें के पदाधिकारियों की किस्मत मतपेटी में बंद:** इस चुनाव में राहुल कुमार मुर्मू पुलिस अवर निरीक्षिक अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं तो वहीं दूसरी तरफ रविंद्र कुमार उर्फ पप्पू सिंह अध्यक्ष पद के लिए चुनावी मैदान में थे।



**दोनों टीमों के उम्मीदवारों की सूची:** अध्यक्ष पद के लिए राहुल कुमार मुर्मू, रविंद्र कुमार आमने सामने थे अब शनिवार को पता चलेगा जीत का सेहरा किसके सर होगा। अध्यक्ष पद पर पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार मुर्मू हैं और इनके साथ उपाध्यक्ष पद के लिए पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार रजक, संगठन सचिव पुलिस अवर निरीक्षक मंटू साहू, संयुक्त सचिव संतोष महतो, उपाध्यक्ष पद पर सहायक अवर निरीक्षक अशोक कुमार तिवारी, महामंत्री सहायक अवर निरीक्षक संजीव कुमार, संयुक्त सचिव राकेश पाण्डेय शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पुअनि रवींद्र कुमार उर्फ(पप्पु सिंह) थे और इनके टीम में प्रदेश उपाध्यक्ष सअनि, मो.महताब आलम हैं और पुअनि रामाकांत उपाध्याय, महामंत्री पुअनि अरविंद प्रसाद यादव, प्रदेश संयुक्त सचिव, सअनि श्रीकांत शर्मा सअनि, मनोज पासवान , प्रदेश संगठन सचिव अनिस निर्मल यादव आईआरबी 8 से हैं।

# सरकार चतुर्थ वर्गीय पदों पर सीधी करे नियुक्ति : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने राज्य सरकार से अपील की है कि वह अपने विभिन्न कार्यालयों के साथ ही अपने अधीनस्थ सभी निगम, बोर्ड आदि में भी चतुर्थ वर्गीय पदों पर कर्मचारियों एवं श्रमिकों की सीधी और पूर्ण नियुक्ति करे साथ ही पहले से आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से उपलब्ध कराये गये अनुबंधित कर्मियों को नियमित करे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजे गये एक पत्र में तिर्की ने कहा है कि राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालय के साथ ही विभिन्न निगमों, प्राधिकार, बोर्ड आदि में बड़ी संख्या में चतुर्थ वर्गीय पदों पर वैसे कामगार और कर्मचारी कार्यरत हैं जो नियमित नहीं है.

उनमें से अधिकांश आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से उपलब्ध कराये गये अनुबंधित कर्मी हैं जो रोजगार के अभाव एवं गरीबी के कारण वैसी आउटसोर्स कंपनियों के माध्यम से अनुबंधित होते हैं और अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं. तिर्की ने कहा कि वैसे श्रमिकों एवं कर्मचारियों को निर्धारित पारिश्रमिक या वेतन की अपेक्षा काफी कम पारिश्रमिक या वेतन का भुगतान किया जाता है और वैसे लोग किसी से शिकायत करने की स्थिति में भी अपने-आपको असहाय पाते हैं. वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसे कार्यों में कार्यरत अधिकांश आउटसोर्सिंग कंपनियां वैसे अनुबंधित कर्मचारियों एवं श्रमिकों को निर्धारित राशि की बजाय बहुत कम राशि का भुगतान करती है। इसके साथ-साथ वैसे कर्मचारियों की अनुबंध के आधार पर नियुक्ति से पूर्व उनसे अवैध रूप से मोटी रकम की भी मांग की जाती है जिसे देने में वे असमर्थ तो होते हैं लेकिन हर महीने रोजगार की लालच में वे जैसे-तैसे उस अवैध मोटी रकम का भुगतान आउटसोर्सिंग कंपनी या उसके दलालों, बिचौलियों आदि को करते हैं क्योंकि वे वैसे अवसर को पाना चाहते हैं।

# सीसीएल ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दिया भावभीनी विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले 100 कर्मियों में से मुख्यालय में कार्यरत 7 कर्मियों को विदाई दी गई।समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में प्रमुख नामों में शामिल हैं : आई. ई. विभाग से अरुण कुमार पांडेय, मुख्य प्रबंधक (आई. ई.); भर्ती विभाग से अर्चना सिन्हा, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक); उत्खनन विभाग से धर्मेंद्र कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन); गांधीनगर अस्पताल से डॉ. हेमंत केरकेट्टा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी; गांधीनगर अस्पताल से श्री सुनील के. एन., मुख्य रेडियोग्राफर; कल्याण विभाग से गीता कुमारी, वरीय लिपिक एवं लपंगा ड्रिलिंग कैंप से मिटिक नाहक, रिगमैन। समारोह में आई. ई. विभाग के विभागाध्यक्ष वी. के. शुक्ला, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके निरंतर विकास की कामना की। मुख्य अतिथि शुक्ला ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया और कहा कि आप सभी का योगदान अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक/कल्याण) रेखा पांडेय ने किया।

# हेमंत सरकार का पिछला कार्यकाल आर्थिक कुप्रबंधन और लूट का था : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर सीएजी रिपोर्ट के हवाले से बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार का पिछला पांच साल वित्तीय कुप्रबंधन,लूट और भ्रष्टाचार का रहा है।उन्होंने राज्य सरकार से पिछले 5 साल का श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। कहा कि झारखंड में चिकित्सा कर्मचारियों की भारी कमी की रिपोर्ट कैग ने दी है। ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2022 तक, चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञों के 3,634 स्वीकृत पदों में से 2,210 पद खाली रह गए, जो कुल आवश्यकता का 61त्न है। ऑडिट में झारखंड के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों और पैरामेडिक्स की भारी कमी का खुलासा हुआ है। इसके अलावा, आवश्यक दवाओं की गंभीर कमी का भी पता चला। 2020-21 और 2021-22 के बीच, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में 65 प्रतिशत से लेकर 95 प्रतिशत तक आवश्यक दवाओं की कमी पाई गई।कहा कि कैग रिपोर्ट में साफ है कि राज्य सरकार कोविड के लिए दी राशि खर्च नहीं कर सकी। . सीएजी ने पाया है कि भारत सरकार ने कोविड प्रबंधन के लिए 483.54 करोड़ रुपये विमुक्त किए थे, इस राशि के विरुद्ध झारखंड सरकार को अपने हिस्से की 272.88 करोड़ की राशि विमुक्त करनी थी। कुल प्रावधान 756.42 के विरुद्ध राज्य सरकार ने केंद्रीय राशि का 291.87 करोड़ और राज्य का 145.10 करोड़ ही विमुक्त किया। यानी कुल 436.97 करोड़ का ही उपयोग किया। यह कुल जारी राशि का महज 32 प्रतिशत था।

कहा कि सीएजी ने रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मार्च 2020 से दिसंबर 2021 के बीच राज्य आपदा कोष की 754.61 करोड़ की राशि कोविड 19 प्रबंधन के लिए विमुक्त की, लेकिन 539.56 करोड़ का उपयोग ही फरवरी 2022 तक किया गया।राशि खर्च नहीं होने से कोविड प्रबंधन प्रभावित हुआ ।रिपोर्ट में जिक्र है कि कोविड-19 प्रबंधन निधि की राशि का समुचित उपयोग नहीं किए जाने के कारण जिला स्तर पर आरटीपीसीआर प्रयोगशालाएं, रांची में शिशु चिकित्सा उत्कृष्टता केंद्र, सीएचसी, पीएचसी, एचएससी में पूर्व निर्मित संरचनाएं एवं तरल चिकित्सा ऑक्सीजन संयंत्रों की स्थापना नहीं हो पाई। कोविड अवधि के दौरान जिला प्रयोगशालाएं स्थापित नहीं हुई, इस कारण जिला अधिकारियों को एकत्र किए गए सैंपल को दूसरे जिलों में भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा।परिणामस्वरूप जांच रिपोर्ट प्राप्त करने में पांच दिन से लेकर दो माह से अधिक तक की देरी हुई।



# इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज़ के 45वें स्टोर का रांची में भव्य उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज़ के 45वें स्टोर के भव्य उद्घाटन के अवसर पर, पूरे भारत से लाई गई सुंदर साड़ियों का एक विशिष्ट संग्रह प्रस्तुत किया जा रहा है। यह संग्रह भारत की बेहतरीन बुनाई और शिल्प कौशल को दर्शाता है, जिसमें शामिल हैं- इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज़ में सशक्तिकरण ब्रांड की मूल विचारधारा का केंद्र है।हर खरीदी गई साड़ी बुनकर समुदायों का समर्थन करती है, शिक्षा को प्रोत्साहित करती है और आजीविका बनाए रखती है। हर बुने हुए धागे के माध्यम से कारीगरों, ग्राहकों और समाज की महिलाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाता है।साड़ियाँ कालातीत होती हैं, किसी भी आकार में फिट हो सकती हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी संजोई जाती हैं, जिससे वे स्थायी फैशन का प्रतीक बनती हैं। इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज़ सर्कुलर इकोनॉमी को प्रोत्साहित करने, कचरे को कम करने और पर्यावरण अनुकूल बुनाई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप है।इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज़ का लक्ष्य पूरे देश में प्रत्येक शहर में एक साड़ी स्टोर स्थापित कर, कारीगरों को व्यापक बाज़ार उपलब्ध कराना है। 1,000 से अधिक हैंडलूम बुनाई समूहों और 62 बुनाई तकनीकों को समर्थन दिया जा रहा है, जिससे 15,000 से अधिक कारीगरों को मंच मिल रहा है। ब्रांड का उद्देश्य भारतीय संस्कृति की सुंदरता को वैश्विक स्तर पर फैलाना है। 9 राज्यों में 52 स्टोर और 5,00,000 से अधिक ग्राहकों के साथ, इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज़ अपनी ई-कॉमर्स उपस्थिति का भी विस्तार कर रही है, जिससे प्रमाणिक भारतीय साड़ियाँ हर घर तक पहुँच सकें। रांची में 45वें स्टोर का यह भव्य उद्घाटन इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज़ के मिशन का एक और महत्वपूर्ण अध्याय है, जो भारतीय साड़ियों की कालातीत भव्यता को सुरक्षित करने, बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।




# रांची : बिरसा मुंडा जेल से दस साल का सजाफ्ता उग्रवादी फरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से एक सजाफ्ता उग्रवादी समीर तिर्की के भागने से जेल प्रशासन की नींद उड़ गई है। पिछले चौबीस घंटे से जेल प्रशासन परेशान है, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस घटना के बाद से जेल की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे है। घटना गुरुवार देर शाम करीब छह बजे की है। इस मामले में जेल प्रशासन की ओर से रांची पुलिस को लिखित शिकायत दी जा चुकी है। इसकी पुष्टि जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने की। इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बताया जा रहा है कि 2018 में गुमला पुलिस ने समीर तिर्की को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। समीर गुमला के भंडरा टोली, वृंदा का रहने वाला बताया जा रहा है।



# पिपरवार के बहेरा मे हुई झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत समिति की बैठक

## बैठक मे महिला एवं पुरुष पंचायत स्तरीय कमेटी का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा कर्बला मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत स्तरीय समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता इकबाल हुसैन और संचालन जाहिद अली ने किया।बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने,सदस्यता अभियान चलाने एवं पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया।बैठक में सर्वसम्मति से बहेरा पंचायत स्तरीय महिला एंव पुरुष समिति का गठन किया गया।पुरुष कमेटी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष जाहिद अली,उपाध्यक्ष मोहम्मद सैफुल्लाह,बिजय टाना भगत,अनुप उंराव,सचिव विकास खलखो,सहसचिव निजाम अंसारी, मोहम्मद आजाद,अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार राम,सह कोषाध्यक्ष मोहम्मद सहबान, मीडिया प्रभारी मोहम्मद समीर,सह मीडिया प्रभारी सरवर आलम और संगठन सचिव मुनेश मुंडा को बनाया गया।साथ ही कई लोगों को सदस्य बनाया गया है।वही महिला समिति में अध्यक्ष नाजिया सुल्ताना, उपाध्यक्ष किरण देवी, सुकांति देवी,सचिव गजाला परवीन,सह सचिव परी कुमारी,कोषाध्यक्ष अफसाना परवीन,सह कोषाध्यक्ष सरस्वती कुमारी,संगठन सचिव यसमीना खातून, मीडिया प्रभारी लालमणि देवी,सह मीडिया प्रभारी शब्बा तरन्नुम,सदस्य राधा देवी,पूनम देवी,पार्वती देवी,रानी देवी,रूबी परवीन, शजाए खातून,शन्ना प्रवीण सहित अन्य महिलाओं को सदस्य बनाया गया है।बैठक मे मुख्य रूप से इकबाल हुसैन,जगेश्वर दास, सलीम जावेद,जाहिद अली,निखत परवीन, सतोंष नायक, मोहम्मद जुलफाम,विकास कुमार,निजाम अंसारी, विकास खलखो,मुनेश मुंडा, मनोज उरांव,मोहम्मद सहबान,नौशाद आलम, मोहम्मद नासिर,संजय उंराव,मोहम्मद मेराज, मोहम्मद अब्दुल्ला,अनूप उरांव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# राजस्व उपनिरीक्षक हरिहर प्रसाद को दी गई भावभीनी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** अंचल के तहसील कचहरी प्रांगण में शुक्रवार को राजस्व उपनिरीक्षक हरिहर प्रसाद के सेवानिवृत्ति पर एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया, वहीं उपहार और सम्मान देकर उन्हें विदाई दी गई।

सीओ प्रताप मिंज के नेतृत्व में अंचल कर्मियों ने सम्मान समारोह आयोजित कर अपने सहकर्मी को विदाई दी। इस मौके पर सीओ प्रताप मिंज ने कहा, हरिहर प्रसाद हमारे सहयोगी रहे हैं और अपने कर्तव्यों के प्रति उनकी निष्ठा व समर्पण हमेशा याद किए जाएंगे।÷

सेवानिवृत्त हरिहर प्रसाद ने सभी सहकर्मियों और अंचल कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ÷आप सभी का सहयोग हमेशा मुझे मिलता रहा। यह साथ हमेशा याद रहेगा। जब भी आप लोग हमें याद करेंगे, हम आपसे मिलने अवश्य आएंगे।÷

समारोह में अंचल निरीक्षक फिरोज खान, प्रधान सहायक सुरेंद्र महतो, अंचल नाजिर प्रभाकर तिर्की, राजस्व कर्मचारी कुलदीप कुमार साह, कार्यालय सहायक लाल चिंतामणि नाथ शाहदेव, कंप्यूटर ऑपरेटर सागर साहू, मनोरंजन देवरिया, बोनी फास कच्छप समेत अंचल और प्रखंड के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस विदाई समारोह में सहकर्मियों ने स्नेह और सम्मान के साथ अपने साथी को विदा किया, जिससे पूरा माहौल भावुक हो गया।

# राय-बचरा परियोजना में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत अमीनुद्दीन अंसारी को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के राय-बचरा परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को सुरक्षा विभाग के द्वारा विदाई सह समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम मे सुरक्षा विभाग से सेवानिवृत हुए अमीनुद्दीन अंसारी को विदाई दी गई।कार्यक्रम मे फूलों का गुलदस्ता देकर एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया,जबकि उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की।वक्ताओ ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र सीसीएल में सुरक्षा विभाग की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है।ऐसे में सेवानिवृत हुए अमीनुद्दीन अंसारी ने कई चुनौती का सामना करते हुए अपने ड्यूटी का पूरी तरह से ईमानदारी के साथ निर्वाह किया।उनके कार्यो को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत हुए



अमीनुद्दीन अंसारी के उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की गई।इस मौके पर बचरा पीओ मुकेश तोषांण,कार्मिक प्रबंधक अरुण कुमार महतो, परियोजना अभियंता विद्युत एवं यांत्रिक अजय कुमार सिंह,भीम प्रसाद मेहता, अमित कुमार वर्मा,राजेंद्र कुमार,बैजनाथ कुमार,तीरथ पासवान,हिमांशु चाटर, संजय कुमार सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# नवनिर्मित दसभुजी मां दुर्गा मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी पूर्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर में बने दुर्गा मंडप के समीप नवनिर्मित दसभुजी मां दुर्गा मंदिर में ग्यारह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। आज, शनिवार (फाल्गुन शुक्ल द्वितीया) प्रातः 8 बजे से कलश यात्रा एवं मृदाहरण होगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, संध्या 4¬30 बजे संध्या आरती और शाम 5 बजे से श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन होगा। ग्यारह दिवसीय इस भव्य आयोजन को लेकर पूरा मंदिर परिसर विद्युत सज्जा से जगमगा रहा है। बेड़ो मुख्यालय भी रंग-बिरंगी पताकाओं और झंडों से सुसज्जित किया गया है। भव्य यज्ञ मंडप, विशाल सत्संग पंडाल और भंडारा पंडाल भी बनाए गए हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान में यज्ञ मुख्य आचार्य काशी वाराणसी के ब्रजेन्द्र कुमार मिश्रा होंगे, जिनका सहयोग आचार्य नरोत्तम पाण्डेय, आचार्य मृत्युंजय मिश्रा, केके आंचल पाठक, अयोध्या के आचार्य ध्रुव मिश्रा, अमित भारद्वाज शास्त्री, गया के आचार्य भारतेंदु द्विवेदी और आचार्य सोनू पाण्डेय करेंगे। कथा प्रवचन के लिए सद्गुरु रितेश्वर जी महाराज की कृपापात्र शिष्या देवी रश्मि किशोरी जी उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा, अयोध्या, हरिद्वार, वृंदावन और काशी के कई साधु-संत इस आयोजन की शोभा बढ़ाने आ रहे हैं। इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में दुर्गा मंदिर समिति, विभिन्न संगठनों और श्रद्धालुओं का पूरा सहयोग मिल रहा है।

# सोंस में सड़क निर्माण कार्य का पूर्व मंत्री बन्धु तिर्की ने किया शिलान्यास



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो के सोंस डाक बंगला से बेतलंगी तक बनने वाले सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास शुक्रवार दोपहर एक बजे राज्य के सरकार के समन्वय समिति के सदस्य पूर्व मंत्री बंधु तिर्की द्वारा किया गया लगभग दो करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर थी सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोगों ने मंत्री शिल्पी के साथ-साथ बंधु तिर्की को धन्यवाद दिया शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान अजित सिंह मंगलेश्वर उरांव दलीप सिंह के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 2 करोड़ की लागत से जगन्नाथ मंदिर परिसर का होगा समग्र विकास

## भगवान जगन्नाथ की कृपा से ही होगा यह कार्य : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** धुर्वा में स्थित प्रभु जगन्नाथ के ऐतिहासिक मंदिर परिसर के समग्र विकास का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद श्री संजय सेठ के प्रयास से 450 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मंदिर परिसर का समग्र विकास सीएसआर से होना है। इसे कार्य 2 करोड़ 9 लख रुपए की राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। रांची जिला प्रशासन के किए सीसीएल ने एमओयू भी कर किया है। बहुत जल्द यह कार्य शुरू हो जाएगा। विदित हो कि अगस्त 2024 में श्री संजय सेठ ने सीसीएल के सीएमडी को पत्र लिखकर जगन्नाथ मंदिर की आध्यात्मिकता और ऐतिहासिकता से अवगत कराया था। रक्षा राज्य मंत्री ने अपने पत्र में कहा था कि नागवंशी राजाओं के द्वारा स्थापित यह मंदिर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नायकों की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। वर्तमान समय में इस परिसर के समग्र विकास की आवश्यकता है ताकि राष्ट्रीय पटल पर इस परिसर को नई पहचान मिल सके। इसी के आलोक में सीसीएल ने जिला प्रशासन से संपर्क किया और परिसर के समग्र विकास को स्वीकृति दी। जगन्नाथ मंदिर परिसर के समग्र विकास की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के लोगों में अपार हर्ष है। लोग रक्षा राज्य मंत्री की इस पहल के लिए उनके प्रति आभार प्रकट कर रहे हैं।

इस बाबत श्री संजय सेठ ने कहा कि प्रभु जगन्नाथ की कृपा से ही यह काम संभव हुआ है। रांची की जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना है, उसे विश्वास को और मजबूत बनाने के लिए मैं हर कार्य कर रहा हूं। जनता की आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए मेरा हर कार्य समर्पित है। जगन्नाथ मंदिर सिर्फ हमारी आध्यात्मिकता का केंद्र नहीं है बल्कि यह झारखंड की ऐतिहासिक धरोहर में से एक है। इस मंदिर परिसर का समग्र विकास, यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कई प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने वाला होगा।

**जगन्नाथ मंदिर में होंगे यह कार्य :** मंदिर के समग्र विकास की दिशा में बाउंड्री वाल, पार्क निर्माण, वॉटर फाउंटेन, बच्चों के लिए खेलने की सुविधा, शौचालय, बागवानी, कियोस्क, गजीबो, पर्याप्त लाइटिंग, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सहित कई कार्य किए जाएंगे।

## स्टार हेल्थ इंश्योरेंस बना भारत का सबसे बड़ा होम हेल्थकेयर नेटवर्क

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । भारत की अग्रणी खुदरा स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने अपनी होम हेल्थकेयर (एचएचसी) पहल का विस्तार कर देश का सबसे बड़ा कैशलेस डोरस्टेप मेडिकल केयर नेटवर्क बना लिया है। जुलाई 2023 में शुरू की गई यह सेवा अब जमशेदपुर समेत 100 शहरों में उपलब्ध है और 85 प्रतिशत से अधिक ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त खर्च के तीन घंटे के भीतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करती है। यह पहल स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं केयर 24, पोर्टिया, अर्गला, अतुल्य और अपोलो के सहयोग से संचालित हो रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, उपलब्धता और सामर्थ्य में सुधार हो रहा है। इस संबंध में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ आनंद रॉय ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ वित्तीय कवरेज देना नहीं, बल्कि लोगों तक किफायती और सुगम चिकित्सा सेवा पहुंचाना है। इस पहल से हम अस्पताल में भर्ती की उच्च लागत, लॉजिस्टिक चुनौतियों और देखभाल से जुड़े तनाव को कम कर रहे हैं, ताकि हमारे ग्राहक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

# 9 साल बाद आया फैसला, साक्ष्य के अभाव में कटकी, कलीमुद्दीन और शमी रिहा

**- बोले परिजन न्यायपालिका पर था ऐतबार; बड़ा दुःखद होता है आतंकी का कलंक**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अलकायदा के संदिग्ध आतंकी के मामले में एडीजे- वन विमलेश कुमार सहाय की अदालत शुक्रवार को फैसला सुना दिया है. उन्होंने अपने फैसले में सभी आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है. वर्तमान में कटकी और मोहम्मद शमी जेल में बंद है जबकि कलीमुद्दीन जमानत पर थे. मालूम हो कि मानगो के मौलाना कलीमुद्दीन मुजाहिद, कटक (ओडिशा) के मोहम्मद अब्दुल रहमान अली खान उर्फ मौलाना मंसूर और धातकीडीह के अब्दुल शामी आरोपी थे. यह मामला 2016 का है. तत्कालीन बिष्टुपुर थाना प्रभारी जीतेंद्र सिंह की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी. दिल्ली स्पेशल टीम से मिली जानकारी के आधार पर धातकीडीह निवासी अहमद मसूद अकरम शेख से पूछताछ की गई.

25 जनवरी 2016 को दूसरी पूछताछ में उसने आतंकी संगठन से जुड़े होने की बात स्वीकार की. मसूद ने खुलासा किया था कि 2003 में साकची में उसकी पहली मुलाकात अब्दुल रहमान उर्फ कटकी से हुई. कटकी ने सऊदी अरब में जिहादी प्रशिक्षण लिया था. मानगो निवासी राजू उर्फ नसीम अख्तर ने मसूद को हथियार दिया था. पुलिस ने मसूद के घर से एक लोडेड पिस्तौल बरामद की.

इधर फैसला आने के बाद मोहम्मद अब्दुल रहमान अली उर्फ कटकी के भाई मोहम्मद ताहिर अली ने बताया कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था आज न्याय की जीत हुई है. उन्होंने बताया कि ऐसा कभी सोचा नहीं था कि परिवार को यह दिन देखना पड़ेगा. आतंकी शब्द सुनकर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं. 9 साल हमारे परिवार ने किस तरह से गुजारे इसकी परिकल्पना करके ही रूह कांप जाती है. इधर कटकी सहित तीनों संदिग्धों की रिहाई पर कटकी के वकील भिलाई पांडा ने बताया कि शक के आधार पर बिष्टुपुर पुलिस ने कटकी को गिरफ्तार किया था. मगर जब केस का ट्रायल शुरू हुआ तो कुल 16 लोगों की गवाही कराई गई मगर किसी ने भी तीनों के आतंकी होने का प्रमाण नहीं दे सके. अंततः आज न्याय की जीत हुई है और सभी बाइज्जत बरी हो गए हैं.

## ओड़िया गांव में घर में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के ओड़िया गांव में बीती रात लगभग बारह बजे एक घर मे अचानक आग लग जाने से घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने पानी को ढो ढो कर अगल बगल के घरों को जलने से बचा लिया गया। गृह स्वामी सुकू माझी ने बताया कि वे लोग रात को सो रहे थे कि अचानक कुछ जलने से फट फट जैसा आवाज सुनाई दिया और नींद से जाग गए। जब तक घर के लोग उठे तब तक आग तेज पकड़ चुका था। शोरगुल करने पर पड़ोसी पहुंच तब तक आग ने पूरे घर को अपने चपेट में ले चुका था। लोगों ने अग्नि शामक को फोन करके दमकल को बुलाये। दमकल आते आते घर जल चुका था। गृह स्वामी सुकू माझी ने बताया कि उनके घर मे रखे धान,गृहस्थी के समान, कपड़े आदि सब जलकर राख हो गया। वही सुबह निमडीह थाना प्रभारी को घटना की सूचना दिया गया।

## बॉब बिष्टुपुर मुख्य शाखा ने लगाया पुराने नोट एक्सचेंज कैंप



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिस्टुपुर जमशेदपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा द्वारा आज बिस्टुपुर बाजार मे कटे फटे नोटों के बदलने के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया जहाँ बिस्टुपुर बाजार के व्यपारियों के बीच पुराने नोटों के बदले नये का बदलने का कार्य किया गया । उक्त जानकारी देते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा, बिष्टुपुर मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार यह पुराने एवं कटे फटे नोटों के बदले नये नोट को देने हेतु शिविर का आयोजन किया गया था। उक्त अवसर पर तरुण कुमार दत्ता का भी सक्रिय योगदान रहा।

## कुचाई के सामुडीह में प्रखंड नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, ग्रामीणों की चेहरे पर आई खुशी



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के तिलोपदा पंचायत अंतर्गत सामुडीह गांव में विगत दो वर्षो से ट्रांसफार्मर चोरी होने से ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ता था। वहीं बुधवार को झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मुंडा तिलोपदा पंचायत के मुखिया राम सोय एवं रूगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा ने संयुक्त रूप से 25 केवी नया ट्रांसफार्मर का विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर श्री मुंडा ने कहा कि सामुडीह गांव के लोगों की सुचना पर विधायक दशरथ गागराई के प्रयास से ग्रामीणों को नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। वहीं दो साल बाद गांव में बिजली की रोशनी चालू हो से ग्रामीण में हर्ष के साथ लोगों की चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। इस दौरान मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मुंडा मुखिया राम सोय मुखिया करम सिंह मुंडा रायसिंह सोय मंगल सिंह सोय रामलाल सोय गोमिया पुरती जामुदा सोय तुलसी सोय आदि उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि महोत्सव में विद्या ज्योति स्कूल की छात्रा शिवांशी ने प्रस्तुत किया नृत्य



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** श्री शिव शक्ति परिवार की ओर से आयोजित 17वें वार्षिक महाशिवरात्रि महोत्सव में विद्या ज्योति स्कूल, गम्हरिया की कक्षा दो की छात्रा कुमारी शिवांशी ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान उसने अपनी अद्भुत नृत्य कला से सबका मन मोह लिया। हज़ारों दर्शकों से भरे श्री राम मंदिर प्रांगण में शिवांशी ने पार्वती बोली शंकर से....भजन पर अपनी प्रस्तुति दी। उसके इस अद्भुत प्रदर्शन के लिए भारतीय तिब्बत सीमा बल के आईजी ए.पी. एस. निम्बाडिया द्वारा उसे पुरस्कृत किया गया। शिवांशी की छोटी सी उम्र में इस प्रकार का प्रदर्शन कर पुरस्कृत होने पर विद्यालय परिवार की ओर से भी बधाई दी गई है।

## राजद कैम्प कार्यालय गम्हरिया में डॉ राजेन्द्र प्रसाद को दी गई श्रद्धांजलि



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** राजद कैम्प कार्यालय गम्हरिया में कार्यक्रम आयोजित कर देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से राजद के प्रान्तीय महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ0 राजेन्द्र बाबू सादगी के प्रतिमुर्ति थे। इस मौके पर मुख्य रूप से शुशिता बारिक, जिला प्रवक्ता मुकेश झा, श्याम सुन्दर मालाकार, पुष्पा सिंह, राजकुमारी सिंह, यशोदा गोप, शोविन्दा तिवारी, रामानंद महतो, राजेन्द्र यादव समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में विज्ञान दिवस सह प्रदर्शनी मेला आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला के सभागार में शुक्रवार को विज्ञान दिवस सह प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सीएसआईआर राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला के टेक्निकल पदाधिकारी हाराधन मुदी उपस्थित थे। कॉलेज के प्राचार्य कृष्णपद महतो ने फूल का पौधा और मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया। मौके पर हाराधन मुदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, हमें उसे निखारने की जरूरत है। कार्यक्रम को प्राचार्य कृष्णपद महतो, व्याख्याता चंद्रशेखर महतो, टुम्पा महतो, संगीता महतो व सुभद्रा महतो ने भी संबोधित किया। मेला में विज्ञान विषय के सभी विद्यार्थियों ने अपने - अपने मॉडल प्रस्तुत किए। मंच का संचालन रसायन विज्ञान के विभागध्यक्ष चंद्रशेखर महतो एवं धन्यवाद ज्ञापन व्याख्याता शाश्वती महतो ने किया। मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षक व शिक्षेत्तर कर्मी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ग्रेजुएट कॉलेज में नेशनल साइंस डे पर कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्रेजुएट कॉलेज में आज को नेशनल साइंस डे मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्रोफेसर इंचार्ज प्रोफेसर डोरिस दास रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि का सम्मान रसायन विभाग की डॉक्टर बनश्री दे एवं भौतिक विभाग अध्यक्ष डॉ सुलेखा कुमारी के द्वारा पौधा और मोमेंटो देकर किया गया।

## साईबर जागरूकता को डीएसपी प्रदीप उरांव से मिले प्रीतम भाटिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** आज ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया सरायकेला-खरसावां जिला में साईबर जागरूकता अभियान को लेकर डीएसपी से मिलने पहुंचे. यहां उन्होंने पत्रकारों और समाजसेवी संगठनों के सामूहिक प्रयास से जिला में एक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर चर्चा की जिस पर डीएसपी हेडक्वार्टर प्रदीप उरांव ने आश्वासन दिया कि इस संदर्भ में जल्द ही एसपी साहब से अनुरोध कर दो घंटे की एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा. डीएसपी ने पत्रकारों से कहा चूंकि आज कल सोशल मीडिया का दौर है इसलिए पत्रकारों को खबरों को वायरल करने से पहले पूरी पड़ताल कर लेनी चाहिए. उन्होने कहा कि मेरा प्रयास होगा कि जल्द ही इस संदर्भ में एक जागरूकता अभियान हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. मौके पर ऐसोसिएशन के झारखंड प्रदेश सह प्रभारी शंकर गुप्ता, झारखंड प्रदेश प्रवक्ता अरूण मांझी, प्रदेश सलाहकार अजय महतो, रंजीत राणा, दशरथ प्रधान, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुमन मोदक, संतोष साहू, विद्युत महतो, फणीभूषण टुडू,पंकज महतो, दिलीप चंद महतो, बानेश्वर महतो, दीपक महतो सहित अन्य कई पत्रकार उपस्थित थे.

## कालिंदी ने कांकीडीह- दांदुडीह निर्माणाधीन सड़क को आरसीडी में स्थानांतरित करने की किया मांग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** षष्ठम झारखण्ड विधान सभा के द्वितीय (बजट) सत्र के शून्यकाल के दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शुक्रवार को पटमदा प्रखंड के कांकीडीह-दांडुदीह ग्रामीण सड़क को पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) में स्थानांतरित करने की मांग सरकार से की है। ग्रामीण कार्य विभाग से स्वीकृत पटमदा प्रखंड के कांकीडीह महुलतल से कुमीर, बनकुंचिया, बनडीह, कांकू, दांदूडीह होते हुए पश्चिम बंगाल सीमा तक सड़क का निर्माण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र खनन एरिया एवं काफी संख्या में क्रशर मशीन स्थापित होने एवं बड़ी ट्रक व हाइवा का परिचालन हमेशा होने के कारण सड़क की स्थिति कुछ ही दिनों में खराब हो जाती है। उक्त पथ का निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग से नहीं होकर पथ निर्माण विभाग से होने से सड़क काफी मजबूत होगी। जिससे लोगों को आवागमन में भी सुविधा होगी।

## जमशेदपुर की विरासत की कहानी : 2 मार्च 1982

**- प्लैटिनम जयंती समारोह में शामिल होने पहुंची थी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** 2 मार्च 1982 संस्थापक दिवस की पूर्व संध्या पर, जमशेदपुर रोशनी, उल्लास और भव्यता से सराबोर हो उठा। हर गली, हर चौक टाटा स्टील की प्लैटिनम जयंती के गौरवमयी उत्सव का साक्षी बन रहा था। इस ऐतिहासिक अवसर पर, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी विशेष रूप से नई दिल्ली से पधारीं, एक ऐसे असाधारण व्यक्ति और उसके द्वारा स्थापित महान उद्योग को सम्मान देने, जिसने राष्ट्र की प्रगति में एक अमिट छाप छोड़ी। इंदिरा गांधी का स्वागत करते हुए, जे.आर.डी. टाटा ने कहा, हम उनके स्नेहपूर्ण स्वीकृति को सिर्फ एक आमंत्रण की स्वीकार्यता नहीं, बल्कि एक विशेष सम्मान मानते हैं–एक ऐसी मान्यता, जो यह दर्शाती है कि जमशेदपुर केवल एक औद्योगिक नगर भर नहीं, बल्कि एक आदर्श है; टाटा स्टील केवल इस्पात का निर्माता नहीं, बल्कि मूल्यों, नवाचार और श्रम संस्कृति का प्रतीक है। गोल्फ ग्राउंड में आयोजित जनसभा में, इंदिरा गांधी ने कहा, भारत के औद्योगिक इतिहास में जमशेदपुर का स्थान विशिष्ट और गौरवशाली है, क्योंकि यह न केवल देश में इस्पात निर्माण का अग्रदूत रहा है, बल्कि श्रम, समर्पण और नवाचार की एक अद्भुत मिसाल भी पेश करता है। मैं यहां कार्यरत सभी लोगों को उनकी मेहनत, उत्कृष्ट योगदान और अनुकरणीय कार्य संस्कृति के लिए बधाई देती हूँ। खासतौर पर, मैं उस मित्रता और सौहार्द की भावना की सराहना करती हूँ, जो यहां के वातावरण को विशेष बनाती है और हर मतभेद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में मदद करती है।

## सोना देवी विश्वविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**- स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंस की टीम बनी विजेता**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला परिसर में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी सह पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका थीम था एम्पावरिंग इंडियन यूथ फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एण्ड इनोवेषन फॉर विकसित भारत। डॉक्टर खुर्शीद अहमद खान करीम सिटी कॉलेज रसायन शास्त्र विभाग के अध्यक्ष ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विज्ञान को समझने के लिए सही योजना बनाकर काम करें। सही सूचना और सही जानकारी होगी तभी उन्हें सफलता प्राप्त होगी। डॉ खान ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी सह पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अलग अलग थीम पर ग्यारह मॉडल और कई पोस्टर बनाये जिनपर कई स्लोगन और उपयोगी जानकारी लिखे गये थे। इस प्रतियोगिता के विजेता बने स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंस की टीम। इन्होंने इंटीग्रेटेड फार्मिंग थीम पर मॉडल बनाया जिनका नेतृत्व मोनाली मोहंता, राखी महतो, अंशु कुमारी, स्वाती कुमारी तथा श्रेष्ठ श्रीवास्तव ने किया। उपविजेता रही डिप्लोमा मेकेनिकल विभाग की टीम। इन्होंने फायर फाइटिंग रोबोट का मॉडल बनाया। तीसरा पुरस्कार बीटेक के विद्यार्थियों ने हासिल किया। इन्होंने प्रदुषण नियंत्रण थीम पर अच्छा मॉडल बनाया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, प्राध्यापक और कर्मचारियों ने छात्र छात्राओं का उत्साह बढाया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इसमें विजेता टीम ने स्टॉप पॉल्युशन एण्ड सेव नेचर विषय पर पोस्टर बनाकर संदेश दिया।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर में हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार और राजभाषा के रूप में इसके उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज संस्थान के कुलसचिव कार्यालय कक्ष में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न प्रशाखाओं के कर्मचारियों के साथ हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलसचिव कर्नल (डॉ) निशीथ कुमार राय ने अपने सम्बोधन में हिन्दी के तकनीकी और प्रशासनिक कार्यों में उपयोग पर बल दिया और सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्रों से हिन्दी को दैनिक कार्यों में अपनाने की अपील की। विदित है की संस्थान में राजभाषा विभाग एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त अनुदेशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उन्नीस सदस्यी हिन्दी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है, उक्त समिति का कार्य संविधान में निहित राजभाषा हिंदी से संबंधित प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम और नियमों, केन्द्रीय हिंदी समिति के नीतिगत निर्णयों और गृह मंत्रालय/राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी से संबंधित जारी अनुदेशों के कार्यान्वयन के संबंध में सलाह देना तथा संस्थान में हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में परामर्श देना है। वहीं राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10 (4) के तहत हिन्दी में प्रवीणता रखने वाले संतान के कई पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी में अपना काम निष्पादित करने का आदेश संस्थान के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार द्वारा निर्गत किया का चुका है। कार्यशाला में प्रमुख रूप से संस्थान के सभी सहायक कुलसचिव, आंतरिक अंकेक्षक, सभी प्रशाखाओं के अधीक्षक, वरिष्ठ सहायक के साथ-साथ अधिकांश प्रशाखाकर्मी काफी संख्या में उपस्थित थे। संस्थान के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया। व्याख्यान सत्र के बाद एक प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने हिन्दी भाषा के प्रयोग से जुड़ी विभिन्न जिज्ञासाओं को स्पष्ट किया। कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु प्रेरित किया और इस प्रकार के आयोजनों की निरंतरता पर जोर दिया गया। इस कार्यशाला ने हिन्दी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रयोग को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आशय की जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी सुनील कुमार भगत ने दी है।

## विधायक दशरथ गागराई ने शून्य काल में उठाया, तसर उद्योग के लिए स्पेशल पैकेज की मांग



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने तसर उद्योग से जुड़े बंद पड़े सामान्य सुलभ केंद्रों को खोलने की मांग की है. साथ ही तसर उद्योग को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार से विशेष पैकेज देने की मांग की है. शुक्रवार को विस में शून्य काल के दौरान विधायक दशरथ गागराई ने इस मामले को उठाते हुए सरकार का ध्यानाकृष्ठ कराया. विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि झारखंड राज्य का 35 फीसदी से अधिक तसर कोसा का उत्पादन कोल्हान प्रमंडल में होता है. पिछले तीन वर्षों में पूरे राज्य में तसर कोसा के उत्पादन में भारी कमी आयी है. तसर उद्योग से जुड़े अधिकांश सामान्य सुलभ केंद्र बंद कर दिये गये है. ये सामान्य सुलभ केंद्र गांव की महिलाओं के रोजगार सृजन के मुख्य केंद्र हुआ करते थे. विधायक दशरथ गागराई ने सदन के जरिये राज्य सरकार तसर उद्योग को बढ़ावा देने के लिये स्पेशल पैकेज की व्यवस्था करने की मांग की है.

## ओडिशा सरकार के उत्कल सम्मिलनी टीम ने खरसावां के विभिन्न विद्यालय का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** ओडिशा सरकार के उत्कल सम्मिलनी की टीम के द्वारा कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न विद्यालय का निरीक्षण कर उड़िया भाषा में पठन-पाठन की जानकारी ले रहे हैं। खरसावां पहुंचीं इस टीम में केंद्रीय सभापति डॉ अद्वैत कुमार पात्र, केंद्र कमेटी के कोषाध्यक्ष भीमसेन महापात्रा उपस्थित थे। कुम्हार साई महावीर संघ सामुदायिक भवन सभागार में उड़िया शिक्षक एवं शिक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई इस बैठक में पठन-पाठन के संबंध में बातचीत की बैठक के दौरान केंद्र कमेटी के सभापति डॉ अद्वैत कुमार पात्र ने खरसावां प्रखंड अंतर्गत उड़िया भाषा शिक्षक शिक्षिकाओं से बारी-बारी से उड़िया भाषा की इच्छा की जानकारी ली। केंद्र कमेटी के सभापति ने कहा कि जब से घोषणा हुई है इस तिथि से चालू वित्तीय वर्ष का मानदेय 4500 रुपए प्रति माह के हिसाब से शिक्षकों को मिलेगा उन्होंने कहा कि उत्कल सम्मेलन के द्वारा 10 महीने का ही मानदेय दिया जाता है इस पर केंद्र कमेटी ने शिक्षकों को 12 महीने का मानदेय मिलने के संबंध में एक प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजा गया है। बैठक में मुख्य रूप से केंद्र कमेटी के सभापति डॉ अद्वैत कुमार पात्र, केंद्र कमेटी के कोषाध्यक्ष भीमसेन महापात्रा, उपदेष्टा कामाख्या प्रसाद षाड़ंगी, पारदर्शक सुशील षाड़ंगी,अजय प्रधान,सपन मंडल, जयजीत षाड़ंगी, रंजीत मंडल, चंद्रभानु प्रधान, भारत चंद्र मिश्रा, पुष्पा पुष्टि, पद्मासिनी प्रधान, रंजीता मोहंती, सपना टोप्पो, कनिता दे,रचिता मोहंती,झुमी मिश्रा,अर्चना प्रधान,सविता विषय,बबीता मंडल,रेणु महाराणा,कुंती मंडल,वंदना दास, सुष्मिता प्रधान,सत्यव्रत चौहान, शिवचरण महतो,सपना नायक,रश्मि रंजन मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## ऑनलाइन स्पोर्टिंग को 2-0 से हराकर वन मैन आर्मी लावजोड़ा बनी चैंपियन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के दामोदरपुर फुटबॉल मैदान में गुरूवार को रियल ब्लास्टर क्लब दामोदरपुर की ओर से लगातार तीसरा वर्ष भरत -खिरोद मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पटमदा, बोड़ाम और पश्चिम बंगाल की कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच ऑनलाइन स्पोर्टिंग जोबा और वन मैन आर्मी लावजोड़ा के बीच खेला गया। वन मैन आर्मी के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ऑनलाइन स्पोर्टिंग को 2-0 से हरा दिया। वन मैन आर्मी की ओर से फॉरवर्ड खिलाड़ी कृष्ण सिंह और मिड फील्डर देवा मुर्मू ने 1-1 गोल किए। कमेटी की ओर से विजेता टीम को 22 हजार, उप विजेता को 16 हजार, तृतीय सोरेन स्पोर्टिंग और चतुर्थ करण स्पोर्टिंग दोनों टीमों को 11- -11 हजार रुपए का पुरस्कार ग्राम प्रधान अश्विनी सिंह के हाथों देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में रीयल ब्लास्टर क्लब दामोदरपुर के श्रीकांत सिंह, गोलक सिंह, प्रयाग सिंह, संजय सिंह, तिलक सिंह, श्रावण सिंह, लबघन सिंह, हेमन्त सिंह, परिमल सिंह, विकाश सिंह, देवेन सिंह,तरनी सिंह, सुनील सिंह आदि का अहम योगदान रहा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



विचार प्रवाह

संपादकीय

# विज्ञान शून्यता के खोटे सिक्के

**यहां** असलियत के सिक्के खोटे निकले, हमने सिर्फ अपनी हैसियत में उछाले थे। प्रदेश के 66 सीनियर सेकेंडरी स्कूल विज्ञान की प्रयोगशाला में शून्य निकले, क्योंकि हमें साइंस का तमगा दिखाना था। आश्चर्य यह कि हिमाचल में तमगों के लिए विकास और तमगों के इतिहास में बजट का सत्यानाश होता है। ये 66 विज्ञान केंद्र यूं ही बंद नहीं हुए, बल्कि इन्हें हमारी आवश्यकता, हमारे ज्ञान, हमारे सरोकार और हमारे अहंकार ने नकारा है। यही विज्ञान केंद्र केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में हार रहा है और आइंदा और हारेगा। शिक्षा के यही पहलू बदतमीज व सियासत के खुदगर्ज हैं, जो फुटबाल की तरह इंस्टीच्यूट-इंस्टीच्यूट खेलते हैं। अब तो मेडिकल कालेज हारने लगे और संदेह है तो पूछिए क्यों मेडिकल यूनिवर्सिटी के पंख आहत हैं? क्यों तकनीकी विश्वविद्यालय की आफत में तमाम इंजीनियरिंग कालेज बर्बाद हो चुके हैं, क्यों बीएड कालेज शिक्षा को बेसहारा कर चुके हैं। ये तख्तियां एक दिन ताबूत बनेंगी, कब तक तमन्ना को नकली पोशाक में जिंदा रखोगे। बेशर्मी के मुकाबले में अगले दस साल बाद हो सके तो पूछना कि केंद्रीय विश्वविद्यालय को धर्मशाला से बेदखल करने वालों ने शिक्षा के मकबरे क्यों चिने थे। हम 66 स्कूलों में विज्ञान के मकबरे और योजना के ताबूत ही नहीं देखते, बल्कि वहां ज्ञान और अध्ययन की समाधियां भी चुन सकते हैं। हैरानी यह कि इन्हीं स्कूलों में विज्ञान अध्ययन के कक्ष में 201 लेक्चरर आराम फरमाते पकड़े गए। तारीफ किसकी करें और विभाग की अमानत में किसे चुनें। जैसे-जैसे स्कूल बंद हो रहे हैं, इनके कारणों के बजाय आज भी समाज इन्हें बचाने का तर्क खोज रहा है। सियासत के खंभों से मुनादी यह कि निरर्थक स्कूल भी परिवेश की अमानत हैं। यह युद्ध आसान नहीं और सबसे मुश्किल होता है अपने ही आचरण को अनुशासित रखना। अगर 66 विज्ञान सीनियर सेकेंडरी स्कूल निकम्मे साबित हो सकते हैं, तो इसका यह अर्थ नहीं कि पढ़ाई का कोई कसूर था। यहां हमारे संकल्प और मॉडल की हार हुई है। यहां अभिभावकों की ख्वाहिश और रोजगार के बाजार की फरमाइश भी हारी है। स्कूलों में एक विषय रोजगार की जानकारी, परिवेश की समझ, ग्रामीण आर्थिकी की संभावना और नई संभावनाओं के स्वरोजगार पर केंद्रित होना चाहिए। हमारे स्कूल इतने पारंगत नहीं कि भाषा ज्ञान को व्यावहारिक जीवन के मूल्यों से जोड़ दें। रिटेल मार्केटिंग में रोजगार की संभावनाओं पर ही बच्चों को जमा दो तक निपुण बनाने का पाठ्यक्रम पढ़ाया जाए तो स्कूलिंग से ही दिशा तय होगी। हमारे बच्चों को पिछले कुछ दशकों से विज्ञान की कक्षा में बैठाया तो जा रहा है, लेकिन वैज्ञानिक नजरिया तैयार नहीं हुआ। आगे चलकर कृषि और बागबानी विश्वविद्यालयों में भी वैज्ञानिक नजरिए के बजाय विभागीय नौकरी का चस्का तैयार किया गया। यही वजह है कि हिमाचल स्टार्ट अप और नवाचार के युग में एक मूक दर्शक राज्य है। आज भी हमारी समस्याओं या खुशहाली का पैगाम वैज्ञानिक जीवटता के बजाय सरकारी नौकरी से जुड़ता है। अभी हाल ही में बिलासपुर के हरिमन शर्मा को बागबानी क्षेत्र में पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया, लेकिन यह उनकी निजी सफलता है। न कोई स्कूल, न कोई कालेज और न ही पालमपुर-सोलन विश्वविद्यालय में यह योग्यता रही या आइंदा होगी कि किसी हरिमन शर्मा को पैदा कर दें। दूसरी ओर भारत की सरकारी सेवाओं में नौकरी के अनेक अवसरों का साइंस से दूर-दूर तक कोई रिश्ता नहीं, इसलिए हमें अव्वल दर्जे के ऐसे सीनियर सेकेंडरी स्कूल चाहिएं जो इतिहास, भूगोल, इक्रोमिक्स, समाजशास्त्र, फाइन आट्र्स, थियेटर व इससे मिलते जुलते आट्र्स के विषय पढ़ा सकें। बच्चे अब डाक्टरी और इंजीनियरिंग की पढ़ाई से ऊब चुके हैं, तो उन्हें स्कूली शिक्षा की अनौपचारिक पृष्ठभूमि में खिलने का मौका मिलना चाहिए यानी बच्चों को लाजिमी तौर पर गीत-संगीत, रंगमंच व खेलों में कुछ समय गुजारने की सुविधा प्रदान हो।

> प्रदेश के 66 सीनियर सेकेंडरी स्कूल विज्ञान की प्रयोगशाला में शून्य निकले, क्योंकि हमें साइंस का तमगा दिखाना था। आश्चर्य यह कि हिमाचल में तमगों के लिए विकास और तमगों के इतिहास में बजट का सत्यानाश होता है। ये 66 विज्ञान केंद्र यूं ही बंद नहीं हुए, बल्कि इन्हें हमारी आवश्यकता, हमारे ज्ञान, हमारे सरोकार और हमारे अहंकार ने नकारा है। यही विज्ञान केंद्र केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में हार रहा है और आइंदा और हारेगा। शिक्षा के यही पहलू बदतमीज व सियासत के खुदगर्ज हैं, जो फुटबाल की तरह इंस्टीच्यूट-इंस्टीच्यूट खेलते हैं। अब तो मेडिकल कालेज हारने लगे और संदेह है तो पूछिए क्यों मेडिकल यूनिवर्सिटी के पंख आहत हैं? क्यों तकनीकी विश्वविद्यालय की आफत में तमाम इंजीनियरिंग कालेज बर्बाद हो चुके हैं, क्यों बीएड कालेज शिक्षा को बेसहारा कर चुके हैं। ये तख्तियां एक दिन ताबूत बनेंगी, कब तक तमन्ना को नकली पोशाक में जिंदा रखोगे। बेशर्मी के मुकाबले में अगले दस साल बाद हो सके तो पूछना कि केंद्रीय विश्वविद्यालय को धर्मशाला से बेदखल करने वालों ने शिक्षा के मकबरे क्यों चिने थे।

### महिला शिक्षकों की उपस्थिति लड़कियों के शैक्षिक अवसरों को बढ़ाती है

# शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव है अध्यापिकाओं की बढ़ती संख्या

प्रियंका सौरभ

> उच्च शिक्षा में केवल 43% संकाय महिलाएं हैं, नेतृत्व की भूमिकाओं में उनका प्रतिनिधित्व और भी कम है। शैक्षणिक जगत में लैंगिक समानता अभी भी जड़ जमाये पूर्वाग्रहों, व्यावसायिक बाधाओं और संस्थागत कठिनाइयों के कारण बाधित है। भारत के शिक्षण कार्यबल में महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि शिक्षा की गुणवत्ता, समावेशिता और सामाजिक समानता में आमूलचूल परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। शिक्षणशास्त्र में लैंगिक पूर्वाग्रहों को चुनौती दी जाती है, समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है, तथा महिला शिक्षकों द्वारा महिला विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि की जाती है। छात्रों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए, महिला शिक्षक कक्षा में अधिकाधिक भागीदारी और लिंग-संवेदनशील शिक्षण को प्रोत्साहित करती हैं।

**यूडीआईएसई** 2023-24 रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय स्कूल शिक्षकों में अब 53.34 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो शिक्षा में उनकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। उच्च शिक्षा में केवल 43% संकाय महिलाएं हैं, नेतृत्व की भूमिकाओं में उनका प्रतिनिधित्व और भी कम है। शैक्षणिक जगत में लैंगिक समानता अभी भी जड़ जमाये पूर्वाग्रहों, व्यावसायिक बाधाओं और संस्थागत कठिनाइयों के कारण बाधित है। भारत के शिक्षण कार्यबल में महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि शिक्षा की गुणवत्ता, समावेशिता और सामाजिक समानता में आमूलचूल परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। शिक्षणशास्त्र में लैंगिक पूर्वाग्रहों को चुनौती दी जाती है, समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है, तथा महिला शिक्षकों द्वारा महिला विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि की जाती है। छात्रों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए, महिला शिक्षक कक्षा में अधिकाधिक भागीदारी और लिंग-संवेदनशील शिक्षण को प्रोत्साहित करती हैं। यूनेस्को की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं द्वारा संचालित कक्षाओं में समावेशी भागीदारी 20% अधिक होती है। सामाजिक बाधाओं और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करके, महिला शिक्षकों की उपस्थिति लड़कियों के शैक्षिक अवसरों को बढ़ाती है। महिला शिक्षकों की संख्या में वृद्धि के कारण बिहार की कन्या उत्थान योजना में महिलाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। लिंग भूमिकाओं, बाल विवाह और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बातचीत को सामान्य बनाकर, महिला शिक्षक समानता को बढ़ावा देती हैं। उड़ान योजना के अंतर्गत किशोरियों को महिला शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महिला शिक्षकों द्वारा भावनात्मक समर्थन देने की संभावना अधिक होती है, जिससे विद्यार्थियों का कल्याण बेहतर होता है। उच्च शिक्षा संकाय पदों में महत्वपूर्ण लैंगिक असमानताएं महिला संकाय सदस्यों के कम प्रतिनिधित्व के कारण होती हैं। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार, शिक्षण पदों पर पुरुषों की संख्या अधिक होने के बावजूद, उच्च शिक्षा संकाय में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 43% है। आईआईटी और एनआईटी में महिला संकाय का प्रतिनिधित्व अभी भी 20% से कम है, जो प्रतिष्ठित



विश्वविद्यालयों में लैंगिक असमानताओं को दर्शाता है। अकादमिक नेतृत्व में महिलाओं की भूमिका एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर स्तर तक सीमित है, जहां उनका प्रतिशत तेजी से गिरता है। सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में 25% से भी कम पूर्ण प्रोफेसर महिलाएं हैं, जो निर्णयों को प्रभावित करने की उनकी क्षमता को सीमित करता है। भारत के शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में 10% से भी कम कुलपति महिलाएं हैं। सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाओं के कारण, केरल और तमिलनाडु जैसे दक्षिणी राज्यों में महिलाओं की भागीदारी अधिक है, जबकि ग्रामीण और उत्तर भारतीय विश्वविद्यालयों में यह कम है। केरल के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में आधे से अधिक प्राध्यापक महिलाएं हैं, जबकि बिहार और राजस्थान में यह प्रतिशत 30% से भी कम है। नियुक्ति और पदोन्नति में अचेतन पूर्वाग्रहों के कारण महिलाओं के नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाने की संभावना कम होती है। अकादमिक महिलाओं को प्रायः मार्गदर्शन और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क का अभाव होता है, जो शोध के अवसरों और कैरियर में उन्नति के लिए आवश्यक है। कई महिलाएं घर के कामकाज की दोहरी जिम्मेदारी के कारण अपने करियर में ब्रेक ले लेती हैं, जिसका असर उनकी उन्नति और शोध कार्य की संभावनाओं पर पड़ता है। समान कैरियर उन्नति के अवसर सुनिश्चित करना, लिंग कोटा स्थापित करना, चयन समितियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करना तथा स्पष्ट पदोन्नति मानकों को लागू करना, शैक्षणिक नियुक्ति समितियों में 40 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व की अनिवार्यता के द्वारा, जर्मनी का डीएफजी कार्यक्रम अधिक महिलाओं को उच्च शिक्षा में नामांकन के लिए प्रोत्साहित करता है। शिक्षाविदों में महिलाओं की मेंटरशिप और नेटवर्किंग अवसरों तक पहुंच बढ़ानाः महिला संकाय सदस्यों को वरिष्ठ शिक्षाविदों के साथ जोड़ने के लिए औपचारिक मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करना, वित्तपोषण के अवसरों, अनुसंधान और नेतृत्व विकास पर सलाह देना। केंद्रित मार्गदर्शन और समर्थन नेटवर्क के मूल्य के प्रमाण के रूप में, अमेरिका का ₹विज्ञान और इंजीनियरिंग में महिलाएं₹ कार्यक्रम नेतृत्व भूमिकाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ाने में सहायक रहा है। कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देना, परिसर में बाल देखभाल सेवाएं प्रदान करना, सवेतन मातृत्व अवकाश बढ़ाना, तथा लचीले कार्यकाल पथ को लागू करना, महिला संकाय सदस्यों को मातृत्व के बाद एक वर्ष का कार्यकाल विस्तार प्रदान करके उनके शोध करियर को जारी रखने में मदद करता है। महिलाओं की प्रशासनिक और शैक्षणिक दृश्यता में सुधार लाने के लिए विशिष्ट वित्तपोषण उपलब्ध कराना तथा उनके लिए नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम चलाना, भारत की ₹महिला वैज्ञानिक योजना₹ महिला शोधकर्ताओं को करियर ब्रेक के बाद वित्त पोषण प्रदान करके शिक्षा जगत में वापस लौटने में मदद करती है। उच्च शिक्षा संकाय में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 43% है, जो कक्षा के बाहर उनके प्रभाव को सीमित करता है। आईआईटी और आईआईएम में महिला शिक्षकों का प्रतिशत 20% से भी कम है। यूजीसी का जेंडर एडवांसमेंट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंस्टिट्यूशंस (जीएटीआई) कार्यक्रम महिला संकाय सदस्यों को नेतृत्वकारी पदों पर आसीन होने के लिए प्रोत्साहित करता है। समान वेतन के दिशा-निर्देश स्थापित करें, श्रम कानूनों को अधिक सख्ती से लागू करें तथा अनुबंध शिक्षकों को नियमित करें। निजी शिक्षा में समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 का सशक्त प्रवर्तन आवश्यक है। परिसर में सुरक्षा प्रोटोकॉल, परिवहन विकल्प और शिकायत प्रक्रिया को बेहतर बनाएं। शैक्षणिक संस्थानों में महिला सुरक्षा उपायों की स्थापना को निर्भया फंड (2013) द्वारा वित्त पोषित किया गया है। लिंग-संतुलित शिक्षण स्टाफ प्रारंभिक शिक्षा में स्त्रीकरण को कम करेगा और देखभाल संबंधी जिम्मेदारियों को सामान्य बनाएगा। प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा में, फिनलैंड और स्वीडन पुरुषों की भर्ती को आक्रामक रूप से प्रोत्साहित करते हैं।

दृष्टि कोण

# पेंशनरों की पुकार सुने प्रदेश सरकार

**अपनी** जिंदगी का एक लंबा वक्फा राज्य द्वारा निर्धारित कार्यों के निर्वहन में गुजारने और पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करते-करते सेवानिवृत्ति के बाद सरकारी कर्मचारी अपनी व्यस्तताओं के चलते अधूरे रह गए अरमानों, इच्छाओं और सपनों को पूर्ण होते देखना चाहता है। जाहिर है कि बच्चों को पढ़ाना, घर बनाना, उनकी शादियां करने और सामाजिक कार्यों में भागीदारी के बाद कई पेंशनर्स के पास इतना पर्याप्त फंड नहीं रहता है कि खुलकर खर्च कर सके, घूम फिर सके, ऊपर से यदि नियमित पेंशन और बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता आदि न मिले तो मन मसोस कर रह जाना पड़ता है। यही सब कुछ आजकल हिमाचल प्रदेश के पेंशनर्स के साथ हो रहा है। पिछली जयराम सरकार ने सेवारत कर्मचारियों और पेंशनर्स को वेतन आयोग के एरियर्स और वित्तीय लाभों से वंचित रखा तो अब आर्थिक कमी का सामना कर रही सुक्खू सरकार के समक्ष भी पिछले एरियर्स और महंगाई भत्तों की देनदारियां कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए आर्थिक तंगी का कारण बनी हुई हैं जिसके कारण वे अपनी खुशियां शौक पूरे नहीं कर पा रहे हैं। इसी बीच स्टेट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने 7 मार्च 2025 के बाद ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक धरना-प्रदर्शन और आमरण अनशन करने और पेंशनर्स के रुके हुए लाभों को जारी करवाने के लिए प्रदेश में संघर्ष करने की चेतावनी जारी की है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रवींद्र जरयाल का कहना है कि सरकार के पास पेंशनर्स के एरियर्स पेंडिंग पड़े हैं और कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त पेंशनर्स व्यथित हैं। वहीं जिलाध्यक्ष सुरेश ठाकुर कहते हैं कि जब एक टर्म के विधायक को भी पेंशन सहित सारी सुविधाएं दी जा सकती हैं तो वर्षों प्रदेश की सेवा करने वाले पेंशनर्स के देय लाभों पर सरकार क्यों कुंडली मारकर बैठी है? दूसरी तरफ इस बार भी एचआरटीसी के पेंशनरों को पेंशन के लिए इंतजार करना पड़ा है। एचआरटीसी ने पेंशन के लिए 21 करोड़ रुपए का इंतजाम किया है। हर महीने उसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को देने के लिए इतनी ही राशि की जरूरत रहती है। परिवहन निगम खस्ता वित्तीय हालात से जूझ रहा है। सरकार से यदि उसे हर महीने ग्रांट न मिले तो कर्मचारियों को न तो वेतन ही दिया जा सकता है और न ही पेंशन का इंतजाम हो पाएगा। रिटायर होने वालों के पेंशनरी बेनिफिट भी नहीं मिल पा रहे हैं। इसके साथ नाइट ओवर टाइम का लाखों रुपया रुका हुआ है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री के धर्मशाला प्रवास के दौरान जिला कांगड़ा राज्य पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सौंपे अपने ज्ञापन में पेंशनर्स की जेसीसी बैठक बुलाने, एजी कार्यालय शिमला में पेंशनर्स के संशोधित मामलों का तुरंत निपटारा करने, पे मैट्रिक्स के 50 फीसदी और 30 फीसदी के हिसाब से वित्तीय लाभ देना, कम्युटेशन अवधि को 15 साल से घटाकर 10 वर्ष करना, डीए की बकाया किस्तों और एरियर्स और मेडिकल बिलों के भुगतान की त्वरित आवश्यकता पर बल देते हुए पेंशनर्स को दरपेश आ रहीं समस्याओं के समाधान की मांग राज्य सरकार से की है। हिमाचल सरकार के वित्त विभाग के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2030-31 में हिमाचल में पेंशनर्स की संख्या 2 लाख 38 हजार 827 हो जाएगी। उस समय राज्य सरकार को उनकी पेंशन पर सालाना 19628 करोड़ रुपए खर्च करने होंगे। यानी एक महीने में 1635 करोड़ रुपए से अधिक की रकम की जरूरत होगी। इसे आज के हिसाब से देखें तो अभी से दोगुना खर्च पेंशन की मद में होगा। नए वेतन आयोग की सिफारिशों के बाद संशोधित वेतनमान व ओपीएस के कारण अब राज्य सरकार के खजाने पर सैलरी व पेंशन का बिल 59 प्रतिशत बढ़ा है। हिमाचल सरकार के समक्ष कुछ आर्थिक दुश्वारियां भी मुंहबाए खड़ी हुई हैं, जैसे 14वें वित्त आयोग में राजस्व घाटा अनुदान के तहत 40624 करोड़ रुपए मिले थे जबकि 15वें वित्त आयोग में यह रकम कम होकर 37199 करोड़ रह गई। साल दर साल यह आरडीजी रकम घटती जाती है, लिहाजा अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 में सिर्फ 3257 करोड़ मिलेंगे। जून 2022 से प्रदेश की जीएसटी प्रतिपूर्ति राशि बंद हो गई है। पहले जीएसटी प्रतिपूर्ति राशि में 3000 करोड़ मिल रहे थे। एनपीए की 1760 करोड़ की मैचिंग ग्रांट भी बंद हो गई है। केंद्र ने राज्य सरकार द्वारा लोन लेने की सीमा 5500 करोड़ रुपए घटा दी है। जुलाई 2023 में आई भीषण प्राकृतिक आपदा से राज्य के 12 हजार करोड़ तबाह हुए थे। हिमाचल सरकार अपने तीसरे बजट से पहले उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बनी रिसोर्स मोबिलाइजेशन कमेटी की रिपोर्ट का इंतजार भी कर रही है ताकि आर्थिक हालात को अनुकूल बनाने की जुगत लगाई जा सके।

कुछ अलग

# जनगणना की बेला

**देश** के गदहे क्षुब्ध हैं, कि पशु गणना विभाग ने उनकी गिनती कम कर दी है। इतना ही क्यों, गदहों की मंडी में अब उनका मोल भी कम मिलने लगा है। हम उनकी चिंता से बहुत चिंतित हैं। आजकल तैयारी तो जनसंख्या गिनने की हो रही है। देश की जनगणना के आंकड़ों को एकत्र करके प्रसारित करने की तिथि तो कब की निकल गई। तैयारी क्या करनी है? बड़ी आसानी से यह काम छोटे-बड़े स्कूलों के अध्यापकों के हवाले कर दिया जाएगा। अब बच्चे सरकारी स्कूलों के बाहर अपने बस्ते लहराते हुए यह गाना गाते हुए नजर नहीं आते कि 'अद्धी छुट्टी सारी, मियां मक्खी मारी।' अब जब स्कूलों में छुट्टियां ही छुट्टियां रहें और अध्यापक महोदय कान पर कलम लगा कर छात्रों की कापियां सुधारते नहीं, बल्कि फार्म उठा कर घरों के द्वार पर दस्तक देते नजर आएं, कि 'कितने जीव हैं परिवार के?' तो बच्चों को भला अपने स्कूलों में मक्खियों से मुलाकात करने के लिए आने की जरूरत क्या है? कक्षाओं में झांक कर देखें, वहां आपसे अध्यापकों की खाली कुर्सियों की आत्मा बतियाने लगती है। वे भाग्यवान स्कूल बहुत कम हैं, जहां बड़ी कक्षा का लडक़ा छोटी कक्षाओं का मानीटर और मास्टर दोनों बन जाता है। वैसे भी अब यह काम कठिन होता जा रहा है, क्योंकि जबसे छात्रों की योग्यता की गुणवत्ता रिपोर्ट सामने आई है, कि देश में आठवीं में पढने वाला लडक़ा अच्छी तरह से दूसरी-तीसरी कक्षा के स्तर का गुणा-भाग भी नहीं कर सकता, तब से उसे भला इन कक्षाओं का स्थानापन्न अध्यापक बनाओगे भी तो कैसे? उधर जनगणना ड्यूटी के लिए तैयार होते अध्यापक देखो तो वे बड़े दुख से कहते हैं, 'अजी साब, इस देश की हर नौकरी ऐसी है जिसमें लगे लोगों को भरपूर बालाई आमदन हो जाती है। एक अपना ही पेशा ऐसा हैए, जिसमें शब्द बालाई का प्रयोग आमदन के साथ नहीं, किसी अतिरिक्त काम से जुड़ा हुआ होता है। कभी वोटर लिस्टें बनवाते हैं। कभी वोटें डलवाने वाले अमले का रूप धरवाते हैं। अब तो सुना है, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, गरीबी कार्ड सही है या गलत भी चेक करवाएंगे।' ये रंग-बिरंगे काम करते हैं। बस कक्षाओं में पढ़ाने का काम ही नहीं कर पाते। लगता है हम तो भूलते ही जा रहे हैं, किस पेशे में लगे थे। हमारे लिए हर दिन नए काम की तजवीज हो जाती है। हम हंसते-रोते हर नया काम संभालते हैं और उसे संभालते हुए जो आक्रोश भरी उलटी-सीधी आवाजें हम निकालते हैं, उसे आप व्यर्थ-राग कह देते हैं। लेकिन जाने क्यों जब इनसानों को गिनने वाला विभाग हमारे इलाके में अवतरित हुआ तो उसने गिनती करते हुए हमें क्यों छोड़ दिया। कहीं ऐसा तो नहीं कि कामों, अनुदानों और भेंट पुरस्कारों का बंटवारा गलत लोगों और गलत विभागों में करने की आदत हो गई है। एक पुराना फिल्मी गाना था, 'जाते थे जापान पहुंच गए चीन', समझ गए। लेकिन बड़ी चिंता यही है कि यहां सचमुच गदहों की संख्या घटती और उनका मूल्य कम होता नजर आ रहा है, क्योंकि सरकार इस तरह की गदहागिरी करने वालों को इनकी प्रजाति में शामिल करके अपने खाते को नहीं बिगाडऩा चाहती। सही भी है, नकाबें उतर जाएंगी तो रात की कालिख से भद्रजन कहलाने वालों के चेहरे पहचान में नहीं आएंगे। सरकारी बाबुओं ने तो चाहा कि केन्द्र का फसल खरीद का पैसा और काम में इस्तेमाल कर लिया है, तो अब केन्द्र सरकार उसे कर्ज कह कर माफ कर दे। बड़ी सरकार नहीं मानी तो छोटी सरकार ही कैसे मान लेती कि गदहा बनते लोगों को भी गदहों की गिनती में शामिल करके वास्तविकता सामने रख दी जाए। ऐसा कर देते तो दूध का दूध और पानी का पानी न हो जाता।

देश दुनीया से

# अमेरिकी नीतियों से यूरोपीय बेचैनी की तार्किकता

**सवाल** है कि यूरोपीय लोग हक्के-बक्के क्यों हुए, तो इसके लिए यूरोप के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यवहार के पिछले सौ सालों का इतिहास को बांचना पड़ेगा, जो बताता है कि अमेरिका ने सदा अपने 'निज हित' में काम किया है, जिसे वह अपनी सुविधा के अनुसार जब चाहे 'अमेरिकी अपवाद-वाद' के रूप में वर्णित करता है। प्रथम विश्व युद्ध 28 जुलाई, 1914 को शुरू हुआ था, जिसकी शुरुआत ऑस्ट्रो-हंगेरियन साम्राज्य के युवराज आर्कड्यूक फ्रांज़ फर्डिनेंड और उनकी पत्नी सोफी की हत्या से हुई थी, जो एक बोस्नियाई सर्ब व्यक्ति द्वारा की गई थी। हालांकि, यह एक यूरोपीय युद्ध था, जिसमें ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का ट्रिपल एंटेंटे नामक गठजोड़ ऑस्ट्रिया-हंगरी, जर्मनी और इटली वाले ट्रिपल एलायंस से लड़ा, और पहले वाले गुट ने अमेरिकियों को अपना साथ देने का अनुरोध किया। जैक सोनियन विचारधारा वाले सीनेटरों द्वारा अड़ंगा लगाने से राष्ट्रपति वुडरो विल्सन के नेतृत्व वाले संयुक्त राज्य अमेरिका ने इसे यूरोपीय राजशाहियों के बीच युद्ध मानकर पहले इसका हिस्सा बनने से इनकार कर दिया था। लेकिन इसके केवल ढाई साल बाद, 7 अप्रैल, 1917 को, संयुक्त राज्य अमेरिका ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी, क्योंकि जर्मनों ने उत्तरी अटलांटिक महासागर में अपने अप्रतिबंधित पनडुब्बी युद्ध का दायरा बढ़ा दिया, जिससे अमेरिकियों को भारी जानी-माली नुकसान हो रहा था। इसमें एक अतिरिक्त उत्प्रेरक रहा, तत्कालीन जर्मन विदेश मंत्री आर्थर ज़िमरमैन द्वारा प्रेषित एक संदेश, जिसे बाद में कुख्यात 'ज़िमरमैन टेलीग्राम' का नाम मिला। इसमें मैक्सिकन सरकार से वादा किया गया कि जर्मनी मैक्सिको को वह क्षेत्र वापस पाने में मदद करेगा, जो वह 1846-1848 के मैक्सिकन-अमेरिकी युद्ध के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका को हार चुका था। इस सहायता के बदले में, जर्मनी ने युद्ध में मैक्सिको का समर्थन मांगा। यह कहना राष्ट्रपति जेम्स मोनरो और उनके विदेश मंत्री जॉन क्विंसी एडम्स द्वारा परिकल्पित उस 'मोनरो सिद्धांत' से सीधा टकराव था, जिसे 2 दिसंबर, 1823 को अमेरिकी संसद को मोनरो के संबोधन के दौरान व्यक्त किया गया था। इसमें कहा गया कि पश्चिमी गोलार्ध का इलाका, खासकर अमेरिकी महाद्वीप की तरफ, संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रभाव क्षेत्र है और यूरोपियनों को हमारे इस विशेषाधिकार वाले क्षेत्र में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। इस प्रकार, जब केवल अपने हितों पर खतरा बनता देखा, तभी संयुक्त राज्य अमेरिका यूरोपीय युद्ध में दाखिल हुआ। लीग ऑफ नेशन्स में 28 जून 1919 को राष्ट्रपति विल्सन की पहलकदमी से बनी 'वर्सायलेस की संधि' टूट गई, जब फरवरी 1933 में जापानियों ने किनारा कर लिया और इसके आठ महीने बाद जर्मनी भी पीछे हट गया, तब संयुक्त राज्य अमेरिका एक बार फिर से अलग-थलग पड़ गया, जबकि एडोल्फ हिटलर और उसके नाज़ियों ने 1938 के बाद से यूरोप के इलाके और देशों को हड़पते गए, जिसकी शुरुआत उसी वर्ष मार्च में ऑस्ट्रिया का एंस्क्लस कब्जाने से हुई। यहां तक कि जब 1940 के मई से नवंबर माह के बीच ग्रेट ब्रिटेन अपने सबसे बुरे वक्त में अकेला खड़ा था, तब भी राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने 1939 के तटस्थता अधिनियम और 1934 के जॉनसन अधिनियम का हवाला देते हुए उसकी मदद करने में अपनी असमर्थता व्यक्त की थी। हालांकि बाद में कुछ नवीन तरीके खोजे गए, जब द्वितीय विश्व युद्ध में संयुक्त राज्य अमेरिका को औपचारिक रूप से प्रवेश 7 दिसंबर, 1941 को पर्ल हार्बर पर हुए जापानी हमले के बाद करना पड़ा। जापान के खिलाफ युद्ध शुरू करने की घोषणा 8 दिसंबर 1941 को ही की गई थी। तीन दिन बाद जब जर्मनी और इटली ने भी 11 दिसंबर 1941 को अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी, तब जाकर इसने भी जवाबी ऐलान किया। निष्कर्ष यह है, बहुत संभव है कि जब यूरोप गेस्टापो और शुट्ज़स्टाफेल के गुंडों के अधीन कराह रहा था, तब भी अमेरिका ने तटस्थता बनाए रखी होती अगर जापानियों ने उसपर हमला न किया होता। आगे कुछ दशकों बाद, एक दशक तक चली लड़ाई के बाद, अमेरिका को 30 अप्रैल, 1975 को वियतनाम से वापसी करनी पड़ी, एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक खर्च होने और 58,000 से अधिक का जानी नुकसान करवाने के बाद उसने दक्षिण वियतनाम में अपना सैन्य अभियान समाप्त किया। यह एक और उदाहरण है कि कैसे बदला हुए घरेलू माहौल इसकी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं पर भारी पड़ा। वहां इस लड़ाई में अमेरिका का साथ देने वाले दक्षिण वियतनामी लोगों में अधिकांश को उत्तरी वियतनामी 'साथियों' के रहमो-करम पर छोड़कर वे निकल आए। इसी प्रकार, इस झूठे आधार पर कि इराक के पास सामूहिक विनाश के हथियार हैं, नौ साल वहां युद्ध चलाने के बाद 18 दिसंबर 2011 को अमेरिका उस देश से बाहर निकला। इसके तुरंत बाद इराक और सीरिया के इलाके में इस्लामिक स्टेट या आईएसआईएस का उदय हुआ। इराक का युद्ध, जिसमें दस लाख अमेरिकी फौजी सैन्य अभियान का हिस्सा थे, इससे अमेरिकी खजाने को 2.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की चपत लगी और कुल 4,61,000 लोग मारे गए। दो दशक बाद भी यह स्पष्ट नहीं है कि उस हस्तक्षेप की असल वजह क्या थी? इसी तरह अगस्त, 2021 में अफ़गानिस्तान से अमेरिका की वापसी हुई और वह देश उसी तालिबान को सौंप दिया, जिसको उसने 2001 में खदेड़ा था। यह दो दशकों तक वहां किए निवेश की बर्बादी थी जिसके जरिये लोकतांत्रिक मूल्यों व मानवाधिकारों की रक्षा का लक्ष्य था। यह पलायन भी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं पर भारी पड़े घरेलू एजेंडे का नवीनतम उदाहरण था। अफ़गान युद्ध में अमेरिका को 2.313 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ और कुल 2,43,000 लोग मारे गए। अब जबकि डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के मामले में अपना रुख पूरी तरह बदल लिया है, तो यूरोपियन क्योंकर अपने छद्म आक्रोश में उद्वेलित हों। सदियों तक खुद साम्राज्यवादी रहने और लड़ाई के आदी होने के कारण उन्हें यह अच्छी तरह पता होना चाहिए था कि किसी और के बंदरगाह में जबरदस्ती डाला आपका लंगर सुरक्षित नहीं रह सकता।



आप का नजरीया

# कैग 'वारंट' नहीं

**दिल्ली** अद्र्धराज्य की नई भाजपा सरकार नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रपटों पर बहुत फुनफुना रही है। ऐसा आभास दिया जा रहा है कि इधर कैग रपटों को विधानसभा में पेश किया जाएगा, उधर प्राथमिक विश्लेषण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। जनता और नौसीखिया मीडिया को इतना भ्रमित न करें। कैग की रपट सदन में पेश करना एक संवैधानिक बाध्यता है। यह सिर्फ सरकारी हिसाब-किताब की व्यवस्था है कि सरकार ने खर्च ठीक किए अथवा आनुपातिक तौर पर गलत किए गए। सरकार के आर्थिक फैसलों और कामकाज में क्या अनियमितताएं हैं, कैग उन पर सवाल उठा सकता है, लेकिन कैग का काम घाटा, नुकसान आदि बताना नहीं है और न ही वह घूस, भ्रष्टाचार आदि का उल्लेख कर सकता है। यह अन्य एजेंसियों का संवैधानिक दायित्व है। कैग की रपट कोई अदालती वारंट भी नहीं है कि पिछली सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्रियों को जेल में डाला जा सके। यदि ऐसा होता, तो महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात सरीखे राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री समेत केंद्रीय वित्त मंत्री भी जेल में होने चाहिए थे। कैग ने उन पर भी गड़बडियों या ज्यादा, फिजूलखर्ची के सवाल उठाए हैं। दिल्ली की नई-नवेली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शराब घोटाले से जुड़ी कैग की रपट विधानसभा में पेश की है। अभी 13 और रपटें हैं, जिन्हें पेश किया जाना है। उनमें 6 रपटें ऐसी बताई जाती हैं, जो करीब 500 दिनों से धूल फांक रही हैं, क्योंकि उन्हें सदन में पेश नहीं किया गया। केजरीवाल और आतिशी सरकार ने यह महत्वपूर्ण संवैधानिक गलती की है। कैग केंद्र सरकार सहित सभी राज्यों के खर्च का 'ऑडिट' करता है। यह संवैधानिक जनादेश है, लेकिन यह सिर्फ हिसाब-किताब की समीक्षा भर है। हमने कैग की रपटों को संसद के गलियारों और उनके बाहर रद्दी की तरह पड़े देखा है। संसद में इन रपटों पर बहस देखना-सुनना तो वाकई दुर्लभ रहा है। जरा याद करें, कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान की कैग रपटें और तत्कालीन प्रमुख विनोद रॉय के सनसनीखेज खुलासे! वह जब भी कुछ खुलासे करते, तो 1.78 लाख करोड़ रुपए तक के 2जी स्पेक्ट्रम, कोयला खदान आवंटन, राष्ट्रमंडल खेल, पनडुब्बी खरीद सरीखे घोटालों की बौछार होती थी। अखबारों में 8 कॉलम की बैनर खबरें छपती थीं। वामदलों और भाजपा ने संसद के भीतर और बाहर कोहराम मचा रखा था। बेशक तत्कालीन संचार मंत्री ए. राजा और द्रमुक मुख्यमंत्री करुणानिधि की सांसद-बेटी कनिमोझी आदि कुछ नेताओं की गिरफ्तारियां जरूर हुईं, लेकिन कुछ समय बाद अदालत ने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया। अंततः वे कैग रपटें 'खोदा पहाड़, निकली चुहिया, वो भी मरी हुई' साबित हुईं। तत्कालीन कैग प्रमुख विनोद रॉय ने जो गंभीर गलतियां की थीं, उन्हें एक बार फिर दोहराया जा रहा है। केजरीवाल सरकार की शराब नीति और कथित घोटाले का मुद्दा अदालत के विचाराधीन है। सर्वोच्च अदालत ने तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह आदि को पूर्ण जमानत पर रिहा किया हुआ है। केजरीवाल, सिसोदिया आदि के लिए चोर, लुटेरे, बर्बाद, घोटालेबाज आदि शब्दों का प्रयोग अनैतिक है।

## सडक दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

# कोयला वाहन का आतंक, एक की ली जान, एक को किया घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया थाना क्षेत्र के बेलगड्डा मुख्य पथ पर गुरुवार की रात करीब 9:00 बजे कोयला वाहन ने एक युवक को अपने चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही मौत हो गई है वहीं एक युवक घायल है। सिमरिया पुलिस ने घटनास्थल से घायल युवक को सिमरिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक युवक हजारीबाग जिला की केरेडारी थाना क्षेत्र के बकचौमा गांव निवासी प्रमोद तुरी उम्र 22 पिता स्व बेचन तुरी है। वहीं घायल युवक करम उराँव पिता बलराम उराँव जिला लातेहार के हेरहंज थाना अंतर्गत मासिलौंग निवासी है। उक्त दोनों युवक सिमरिया थाना क्षेत्र के सबानों पंचायत के कोदवारी गांव में श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने आये हुए थे। जहां से कुछ सामान लेने के लिए मोटरसाइकिल से बगरा जा रहे थे। इसी दौरान कोयला लदा ट्रक WB 45 5827 ने टक्कर मार दिया जिससे मौके पर हीं प्रमोद तुरी की मौत हो गई।घटना को लेकर घायल युवक करम उरांव ने बताया कि उसका विवाह कोदवारी गांव में तय हुआ था। जहां रिश्तेदार की मृत्यु क्रिया कर्म में शामिल होने के लिए हम दोनों कोदवारी आए हुए थे। घटना की जानकारी मिलते हैं परिजन एवं हित रिश्तेदार आनन फानन में सिमरिया रेफरल अस्पताल पहुंचे। जहां पूरे परिसर चीत्कार से गूंज उठा। इधर घटना को लेकर थाना प्रभारी मानव मयंक ने बताया कि पुलिस की जानकारी मिलते हीं त्वरित घटना स्थल पर पहुंच कर शव और ट्रक को अपने कब्जा में कर लिया गया और घायल को रेफरल अस्पताल पहुंचा कर इलाज करा कर हजारीबाग भेज दिया गया है। वहीं मृतक प्रमोद का शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें कि मृतक का दो बच्चे भी हैं घर में मात्र एक कमाऊ व्यक्ति यही था। अब इनके पीछे पत्नी और दो बच्चे असहाय बन गए हैं। कोयला वाहनों पर शिकंजा यदि नहीं कसा गया तो कई का जान जाना अभी बाकी है। चुकी रात्रि होने के कारण बेसुध होकर ट्रक चालक को चलना मौत का तांडव है।

# बीओडी मेंबर के साथ बिपीएम ने किया बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर के बीएमएमयू ऑफिस में बीपीएम सुरेंद्र प्रजापति ने एफपीओ के बोड मेंबर एवं सदस्यों के साथ शुक्रवार को बैठक किया। जहां उपस्थित लोगों को कई जानकारियां बताएं। जिसमें पिजी समूह से एफपीओ में जोड़ने वाले सदस्यों का पूर्ण रूपेण डिटेल्स जमा करने की बात कही। वही अन्य कर्मियों को जल्द से जल्द दिए हुए टारगेट को पूरा करने की बात कही है। बैठक में उपस्थित एफपीओ के प्रखंड डायरेक्टर प्रतिमा देवी नीलम देवी सरिता देवी सिसी निशांत कुमार सुनील पासवान जितेंद्र सिंह आइपिआरपी अजय सिंह सुनीता देवी सेजल कुमारी बिआरपि बिजय रजक युगेश्वर दांगी सिएलएफ अध्यक्ष शिला कुमारी सदस्य उषा देवी उपस्थित थे।

## 22 फरवरी से 63 वर्षीय पनवा देवी लापता, परिजन परेशान



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जिला के सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला ओपी थाना के चौपे गांव निवासी 63 वर्षीय पनवा देवी पति भुनेश्वर ठाकुर बीते 22 फरवरी से लापता है। जिसे लेकर परिजनों ने अपने रिश्तेदार कुटुंब के यहां काफी खोज बिन किया है परंतु आज तक कोई पता नहीं चल पाया है साथ ही शिला ओपी में गुमशुदगी का सनहा भी दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुशार गुमशुदा महिला पनवा देवी बीते 22 फरवरी शनिवार समय 10 बजे सुबह घर से निकली थी जो अभी तक काफी खोज बिन के बाद भी कहीं अता पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने कहा है कि जिन सज्जन को यदि इस महिला पनवा देवी पर नजर पड़े तो मोबाइल नंबर 75440966887, 6203904181 पर फोन कर सूचित करें सूचित करने वाले सज्जन को पुरस्कार के रूप में दस हजार नगद दिया जाएगा।

## एसडीपीओ ने किया थाना का वार्षिक निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना का वार्षिक निरीक्षण शुक्रवार को एसडीपीओ प्रदीप कुमार के द्वारा किया गया। जिसमें थाना में लंबित विभिन्न कांडों की समीक्षा की और ओपीध्यक्ष को कई आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा के कर्म में पुलिसिया कार्रवाई का फीडबैक लिया।वहीं क्षेत्र में विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पुलिस गशती बढ़ाने और अवैध रूप से बालू खनन करने वालों को व बढ़ते साइबर क्राइम से शक्ति से निपटने का निर्देश दिया। इस मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## आत्मा राज्य सहाय्य के तहत किसान गोष्ठी में बीपीएम ने कहा जन जंगल जमीन को करें सुरक्षित उज्जवल होगा भविष्य





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर अंतर्गत सिंगल विंडो में शुक्रवार को आत्मा राज्य सहाय्य अनुदान अंतर्गत किसान गोष्ठी में जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रबंधन कार्यक्रम पदाधिकारी सुरेंद्र प्रजापति ने जन जंगल और जमीन को सुरक्षित करने की बातें कही। ट्रेनिंग में बीपीएम ने बतलाया कि रासायनिक खाद्य दवा को छोड़िए।जैविक खाद्य दवा का प्रयोग किजीए तभी जन जंगल और जमीन सुरक्षित होगा।किसान गोष्ठी बिटिएम प्रभात कुमार के नेतृत्व में किया गया। जहां उपस्थित महिलाओं को जैविक तरीके से खेती करने की विशेष विधि बताए गए। मौके पर महिला मंडल अध्यक्ष प्रतिमा देवी किसान दीदी पुष्पा देवी जितनी देवी आशा कुमारी कौशल्या देवी सरिता देवी उषा देवी गीत देवी मुंदरी देवी पार्वती देवी सोनिया देवी एवं दर्जनों महिलाएं व पुरूष किसान उपस्थित थे।

## आम्रपाली में फर्जी एनओसी उजागर होने बाद अब पोकला उर्फ कसियाडीह ग्रामीणों ने किया फर्जीवाड़ा का पर्दाफाश

**➲ग्रामीणों ने चतरा उपायुक्त से अन्य छह गांव के फर्जी एनओसी रद्द कर संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई करने का दिया आवेदन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के टंडवा में संचालित सीसीएल के आम्रपाली में नौकरी देने का झांसा देकर सरादु वन भूमि अतिक्रमण व पेड़ पौधे नस्ट करने के मामला अभी ठंडा भी नही हुआ की आम्रपाली के जालसाजों द्वारा फर्जी एनओसी के लिए रची गई गंदी साजिश का पोकला उर्फ कसियाडीह गांव के ग्रामीणों ने भंडाफोड़ कर दिया हैं। ग्रामीणों ने भंडाफोड़ करके ग्रामीणों सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने चतरा उपायुक्त को लिखित शिकायत करके फर्जी एनओसी को रद्द करके कार्रवाई का मांग किया है। ग्रामीणों ने कहा आम्रपाली के गुर्गे द्वारा गांव के ग्रामीणों का फर्जी साइन व प्रतिनिधियों का मुहर कर जिले के अधिकारियों सहित अन्य विभाग को गुमराह किया गया है। ग्रामीणों ने कहा पोकला उर्फ कसियाडीह गांव के ग्रामीणों किसी प्रकार के एनओसी नहीं दिया है। दिए आवेदन में ग्रामीणों ने चतरा उपायुक्त से तत्काल रद्द कर कार्रवाई की मांग किया है। ग्रामीणों ने कहा टंडवा अंचल से पत्रांक 614 दिनांक 12माई 25 में जारी ग्राम सभा का लेटर में 7 गांव से एनओसी लेने का जारी किया गया था। लेकिन लेटर माध्यम से कई गांव में एनओसी लेकर बैठक नहीं हुआ है। इस लेटर में गांव के ग्रामीणों सहित प्रतिनिधियों के फर्जी साइन मोहर करके लिया गया। जिसका खुलासा तब हुआ जब एक प्रतिनिधि फर्जीवाड़ा से अपने आप को अलग किया था। इस फर्जीवाडा का सेरनदाग के ग्रामीणों का हाथ लगा। इसके बाद ग्रामीणों ने पूरा मामला का खुलासा कर के फर्जी एनओसी रद्द कर कार्रवाई का मांग किया। जिसके बाद आम्रपाली प्रबंधन द्वारा सिर्फ से एक गांव सेरनदाग से एनओसी लेने के लिए 14 वी बार ग्रामसभा का विरोध ग्रामीणों करते रहे। सेरनदाग के बाद अब पोकला उर्फ कसियाडीह गांव के ग्रामीणों फर्जीवाडा एनओसी का पर्दाफाश करते हुए फर्जी एनओसी रद्द करते हुए कार्रवाई का मांग चतरा उपायुक्त से किया है।

## नेतरहाट और लोध जलप्रपात के बीच बन सकता है सफारी पार्क

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू व्याघ्र परियोजना के तहत नेतरहाट और लोध जलप्रपात के बीच वन्यजीव सफारी पार्क बनाने की योजना पर विचार किया जा रहा है. इस संबंध में उप निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, दक्षिणी कुमार आशीष नें महुआडांड़ वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्र पदाधिकारी को पत्र लिखा है. पत्र में उल्लेख किया गया है कि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक द्वारा पलामू टाइगर रिजर्व के सीमित क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रस्ताव को रखा गया था. इसे ध्यान में रखते हुए संबंधित क्षेत्र में लगभग 300 एकड़ भूमि पर सफारी पार्क विकसित करने की संभावना तलाशी जा रही है. सफारी पार्क बनने से पर्यटकों को बाघ, तेंदुआ, भालू, हाथी, नीलगाय समेत अन्य वन्यजीवों को देखने का अवसर मिलेगा. साथ ही, यह स्थानीय ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा. हालांकि, वन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सफारी क्षेत्र के चयन में सावधानी बरती जाएगी ताकि वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास और उनके भोजन के स्रोतों को कोई नुकसान न पहुंचे. विशेष रूप से बाघ और तेंदुआ जैसे मांसाहारी जीवों के आवास में बिना उचित व्यवस्था के हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा. खासकर नीलगाय को महुआडांड़ क्षेत्र में खुले में नहीं छोड़ने की बात कही. वन विभाग अब स्थानीय ग्रामीणों और विशेषज्ञों की राय लेकर संभावित स्थल का चयन करेगा. सफारी पार्क बनने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी योगदान होगा।

## टैब वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए लातेहार के शिक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रोजेक्ट भवन रांची में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा विभिन्न जिलों से आए शिक्षकों के बीच टैब का वितरण किया गया लातेहार जिला की ओर से छह शिक्षक हीरा प्रसाद यादव अरुण कुमार सिंह विजय कुमार पासवान जगन्नाथ प्रसाद मीणा राम प्रभा तिग्गा भाग लिए एवं टैब प्राप्त किए एवं इस दौरान जेसीईआरटी के सलाहकार सह लातेहार के पूर्व डीएसई कमला सर एवं मसुदी टूडु सर से मिलने का सौभाग्य मिला मिलने के बाद दोनों सर बहुत हर्षित हुए।

## रगनिया गांव से युवक रहस्यमय तरीके से लापता, परिजन परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रगनिया गांव निवासी बीरेंद्र राम (29 वर्ष), पिता भवनाथ राम बीते 18 फरवरी 2025 की रात से रहस्यमय तरीके से लापता हैं। परिजनों के अनुसार, वह रात 9:25 बजे यह कहकर निकले थे कि जयराम सिंह के घर जा रहे हैं और फिर खेत में सोएंगे, लेकिन वह वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला, और उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है। परिजनों ने 21 फरवरी को बरवाडीह थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि जांच जारी है और जल्द ही बीरेंद्र राम का पता लगा लिया जाएगा।

## बारियातु पुलिस ने 26 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता को किया विनिष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बरियातू पुलिस ने थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे अभियान चलाकर लगभग 26 एकड़ भुमि पर लगे अवैध पोस्ता को विनिष्ट किया. शुक्रवार को थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम श्रीसमाद और, बेलवाटिकर के वन क्षेत्र से सटे लगभग 26 एकड़ भुमि पर लगे अवैध पोस्ता के फसल को लाठी डंडा से पीटकर कर नस्ट किया गया. इस संबंध में थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिली गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त क्षेत्र में वृहद स्तर पर पोस्ता का फसल लगा हुआ है व इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के निर्देश पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा अभियान चलाकर उक्त क्षेत्र में लगे अवैध पोस्ता के फसल को ट्रैक्टर व लाठी-डंडों से पीटकर नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने इस धंधे मे संलिप्त लोगो सख्त चेतावनी देते हुए इस मादक पदार्थ की खेती को स्वयम नष्ट करने व आगे इसकी खेती नही करने को कहा है. उन्होने कहा कि अभी पोस्ते की अवैध खेती को नष्ट करने के साथ में संलिप्त दोसी व्यक्तियों की विरुद्ध पहचान कर प्रथामिकी दर्ज की जा रही है. दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर इस अभियान में थाना के कई पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान, शामिल थे।

## महुआडांड़ में नीलगाय छोड़े जाने की योजना का विरोध, विधायक ने रद्द करने की किया मांग



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू और गढ़वा से महुआडांड़ में नीलगाय छोड़े जाने की योजना का किसानों ने विरोध किया है। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी शून्यकाल में इस योजना को रद्द करने की मांग की। महुआडांड़ पलामू टाइगर रिजर्व (PTR) के अंतर्गत आता है, जहां किसान पहले से ही वन्यजीवों के कारण परेशान हैं। विधायक ने कहा कि नीलगाय छोड़े जाने से किसानों की समस्याएं बढ़ेंगी। स्थानीय किसानों ने चेतावनी दी कि अगर यह योजना वापस नहीं ली गई तो वे आंदोलन करेंगे। सरकार से फैसले पर पुनर्विचार की मांग की जा रही है।

# बरवाडीह में कई अवैध ईंट भट्ठे का संचालन वरिय अधिकारियों का हस्तक्षेप नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सालों भर बरवाडीह प्रखंड में बड़े पैमाने पर अवैध ईंट भट्ठे का कारोबार चलता ही जा रहा है जबकि प्रखंड के अधिकांश इलाके इको सेंसेटिव जोन में आता है पर संचालकों द्वारा इको सेंसेटिव जोन के नियमों की बार बार अनदेखी हो रही है और अंचल से लेकर जिला प्रशासन द्वारा मामले पर कभी गंभीरता दिखाया नहीं गया। जहां नियमानुसार ऐसे इलाके में ईंट भट्ठा लगाना मनाही है बावजूद इसके प्रखंड मुख्यालय सहित अन्य सुदूरवर्ती इलाकों में अवैध ईंट भट्ठा बेहिचक, बेरोकटोक संचालित किए जा रहे हैं साथ ही प्रतिदिन दर्जनों वाहनों से बिना किसी चालान के सड़कों पर लगातार देखे जा रहे हैं हालांकि अंचलाधिकारी मनोज कुमार द्वारा खानापूर्ति करते कुछ संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। यह बात सही है कि महत्वकांक्षी व कल्याणकारी योजनाओं में ईंट का उपयोग होना ही है पर ईंट के बढ़ते दामों में बेतहाशा वृद्धि हुई है साथ ही लाखो रुपए के खनिज राजस्व का काफी नूकसान हो रहा है। वहीं ईंट भट्ठा के संचालन से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। बता दें कि भारत सरकार के वन पर्यावरण मंत्रालय के नियमानुसार इको सेंसेटिव जोन में ईंट भट्ठा का निर्माण प्रतिबंधित है। इतना ही नहीं भट्ठा संचालकों द्वारा नदी नाले के किनारे भी अवैध ईंट भट्ठे का संचालन जलस्रोत को पाताल में भेजा जा रहा है।

**सभी भट्ठा को नोटिस किया जा रहा है, चिन्हित कर की जाएगी कार्रवाई : सीओ**

इस संबंध में अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा की सभी ईंट भट्ठे के संचालकों को नोटिस किया जा रहा है, सभी को अपने संचालित भट्ठे की आवश्यक दस्तावेजों को लेकर अंचल कार्यालय बुलाया गया है जहां जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की जो ईंट भट्ठे के संचालक आदेश को नजर अंदाज करते हैं उनके भट्ठे को ध्वस्त करते सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

# झंडा बदला एवं धुमकुड़िया वार्षिक उत्सव समारोह मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के ईचाक पंचायत अंतर्गत दुगिला गांव में पारंपरिक स्वशासन पढ़ा व्यवस्था के तहत झंडा बदली एवं धुमकुड़िया वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक बचाओ एवं धरोहर संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उरांव समाज के लोगों को उनके अधिकारों एवं समाज में हो रहे अन्याय के खिलाफ जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए उरांव समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधान एवं छात्र नेता कमलेश उरांव ने कहा कि उरांव जनजाति अपने देश भारत के वास्तविक इतिहास को समाज में प्रचारित करने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि उरांव जनजाति का इतिहास वीरता से भरा हुआ है, और यह जनजाति भारत के साथ गद्दारी करने वालों के खिलाफ सबसे पहले खड़ी हुई थी। देश की वास्तविक धर्म एवं संस्कृति को बचाने के लिए उरांव समाज ने सदैव संघर्ष किया है। कमलेश उरांव ने आगे कहा कि आज समाज में कुछ लोग विदेशी धर्मों को अपनाकर उरांव समाज को विभाजित करने की साजिश कर रहे हैं। ऐसे विधर्मियों को रोकने के लिए अब उरांव समाज को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि उरांव जनजाति धर्मेश यानी महादेव (शिव) और चला आयो यानी पार्वती को अपना आराध्य देव मानती है।इस कार्यक्रम में ईचाक पंचायत की मुखिया शशि कुजूर, ग्राम प्रधान शुकू उरांव, नरेश उरांव, अरुण उरांव, श्रामा उरांव, फुलदेव उरांव, कार्तिक उरांव, तथा हिरामनी उरांव, मुनियां, सावित्री, अंगनी, अमृता, चंचल सहित पढ़ा राजा, पढ़ा बेल एवं हजारों उरांव समाज के लोग उपस्थित रहे।

## समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रैली को किया गया रवाना



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) के तहत क्लीन एंड ग्रीन लातेहार÷ मिशन के सफल क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रैली को रवाना किया गया।इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लातेहार को स्वच्छ और सुंदर बनाने में आप सभी जिलावासियों का सहयोग अपेक्षित है, ताकि जिले को मॉडल जिला बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम सभी को चाहिये कि हम अपने आस-पास के लोगो को साफ-सफाई हेतु प्रेरित करें। यदि हम ऐसा करते हैं तभी जाकर स्वच्छता को बल मिलेगा एवं सही मायने में क्लीन एंड ग्रीन लातेहार का स्लोगन चरितार्थ होगा। ऐसे में आप सभी के सहयोग से आगामी 26 जनवरी 2026 तक लातेहार जिला को कचरा मुक्त बनाया जा सकता है। आगे उन्होंने कहा कि कुल 370 जलसहिया, सखी मंडल की दीदियों को कूड़े के प्रबंधन करने से संबंधित मास्टर ट्रेनर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रशिक्षण दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि लातेहार झारखंड का पहला जिला है जहां सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन का धन्यवाद देते हुए कहा कि कचरा प्रबंधन की अवधारणा के प्रति इनका दृष्टिकोण, वर्गीकरण और पुनरूउपयोग के मामले में क्रांतिकारी है। इसके द्वारा दिए गए प्रशिक्षण से एसएलआरएम कार्यक्रम के तहत अपशिष्ट प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने से लातेहार झारखंड का पहला स्वच्छ और हरित जिला बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है।समाहरणालय परिसर से जुबली चौक होते हुए अंबाकोठी में स्वच्छता रैली का समापन किया गया। स्वच्छता रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश देकर जागरूक किया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## सांसद मनीष जायसवाल ने आहूत की विशेष बैठक, अपने कार्यों और आगामी योजनाओं पर कार्यकर्ताओं से की विशेष परिचर्चा

# सेवा हमारी परंपरा रही है और जनहित में सेवा और विकास ही रहेगी प्राथमिकता : मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अपने सेवा विस्तार और आगामी जनहित के कार्यों को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सांसद सेवा कार्यालय, हजारीबाग के सभागार में संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष और महामंत्रियों की एक बैठक आहूत की। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने संयुक्त रूप से किया। इस बैठक को संबोधित करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सेवा और विकास के कार्यों के विस्तार में भाजपा के कार्यकर्ताओं का अहम भूमिका बताते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और उनसे सहयोग कर जनहित के कल्याणकारी योजनाओं को समाज के जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सहयोग करने का आग्रह किया। सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को बीते दिनों हजारीबाग की धरती पर उनके द्वारा आयोजित सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के माध्यम से 101 जरूरतमंद जोड़ों के सामूहिक विवाह को संपन्न कराने में अपार सहयोग के धन्यवाद दिया और इस आयोजन को ऐतिहासिक और अभूतपूर्ण बनाने के लिए बधाई दिया। तत्पश्चात सांसद मनीष जायसवाल ने अपने आगामी गतिविधियों और जनहित के सेवा कार्यों के बाबत विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए इन कार्यों में



अपनी महत्ती भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सहयोग करने का अपील किया। आने वाले दिव्यांग और वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क उपकरण/ पंजीकरण शिविर के लिए प्रचारित करने, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के जरूरतमंद बहन- बेटियों तक लहंगा पहुंचाने और आने वाले रामनवमी में लोकसभा क्षेत्र के सभी अखाड़ों तक पारंपरिक अस्त्र- शस्त्र प्रदर्शन कला- कौशल को जीवंतता प्रदान करने हेतु लाठी और तलवार भेंट करने के लिए क्लबों का नाम उपलब्ध कराएं। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सेवा हमारी परंपरा रही है और जनहित में सेवा और विकास ही प्राथमिकता रहेगी ।

**दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक यंत्र/ उपकरण का पंजीकरण/परीक्षण शिवर 02 मार्च को हजारीबाग में और 03 मार्च को रामगढ़ में लगेगा**

सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जानकारी देते हुए बताया कि हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के दिव्यांग जनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहद खुशखबरी है कि आगामी दो और तीन मार्च 2025 को निःशुल्क सहायक यंत्र/ उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण/परीक्षण शिवर का आयोजन हजारीबाग और रामगढ़ जिले में किया जा रहा है। हजारीबाग जिले के लिए हजारीबाग टाउन हॉल परिसर में आगामी 02 मार्च 2025 (रविवार) को और रामगढ़ जिले के लिए आगामी 03 मार्च 2025 ( सोमवार) को रामगढ़ टाउन हॉल परिसर में इस कैंप का आयोजन होगा। कैंप का समय सुबह 10ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक रहेगा। ये कैंप सांसद मनीष जायसवाल के सक्रियता और तत्परता से भारत सरकार के एपीड योजना और राष्ट्रीय व्योश्री योजना के तहत आयोजित होगा। दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क एलिम्को कंपनी का सहायक उपकरण जरूरत के मुताबिक् मिलेगा। इस योजना का लाभ के लिए लाभार्थी को यूडीआईडी कार्ड (न्यूनतम दिव्यांगता 40त्न से अधिक), आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र (मासिक आय 22500 रुपए अधिकतम) होना जरूरी है। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु आवश्यक पात्रता में आधार कार्ड (60 वर्षीय एवं अधिक) एवं आय प्रमाण पत्र (मासिक आय 15000 रुपए अधिकतम) होना जरूरी है ।

**अब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की हर जरूरतमंद बहन बेटियों को उनके शादी से पूर्व लहंगा का मिलेगा सौगात**

सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि उनके द्वारा साल 2017-18 से उनके द्वारा हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र की जरूरतमंद बहन/बेटियों के बीच उनके शादी से पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं और अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से उनके घर पहुंचाकर आकर्षक लहंगा भेंट किया जाता रहा है ताकि जरूरतमंद बहनों को भी अच्छे पकड़े पहनकर शादी करने का अरमान पूरा हो सके। पिछले साल 4000 से अधिक लहंगा क्षेत्र की बहन/बेटियों को उनके शादी से पूर्व उपहार स्वरूप भेंट किया जा चुका है। अब संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी जरूरतमंद बहन/बेटियों को उनके शादी से पूर्व लहंगा का सौगात दिया जाएगा और इस कार्य में भाजपा के कार्यकर्ता उन्हें चिन्हित करने से लेकर उनतक सौगात पहुंचाने में सहयोग करेंगे ।

## अंचल उप निरीक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार भवन में शुक्रवार को अंचल उपनिरीक्षक सह राजस्व निरीक्षक मो शमीम के सेवा निवृत्ति के उपरांत विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अंचल उप निरीक्षक समिम अंसारी को सीओ राम रतन वर्णवाल बीडीओ विवेक कुमार न्यू पद स्थापित अंचल उप निरीक्षक राजेश कुमार राजस्व निरीक्षक जितेंद्र रंजन ने माला पहनकर व शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। इस अवसर पर सीओ राम रतन वर्णवाल ने कहा कि जो कोई व्यक्ति सरकारी सेवा में जब भी आता है तो उसकी सेवानिवृत्ति की तिथि तय हो जाती है। सरकारी सेवा में जनता सेवा करने का अवसर मिलता है जिस



का इन्होंने बखूबी पालन किया। ये बहुत अच्छे कर्मी और नेक दिल इंसान हैं! सीआइ राजेश कुमार ने कहा कि समीम अंसारी एक अच्छे कर्मी रहे। केरेडारी में इनका 4 वर्षो का कार्यकाल बहुत ही बेहतरीन रहा। इस दौरान उपस्थित पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव 20 सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम समेत अन्य कई लोगों ने मो शमीम के कार्य अवधि के दौरान किए कार्य का गुणगान किया!मौके पर सीओ राम रतन वर्णवाल बीडीओ विवेक कुमार बीपीओ सुमन कुमार 20 सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव प्रखंड के प्रधान लिपिक उमेश कुमार अंचल कार्यालय के लिपिक सुनील कुमार ऋ्रतु राज सीआई राजेश कुमार हल्का कर्मचारी जितेन्द्र कुमार अंचल कर्मी संजय कुमार मो मेराज शशि तिवारी समेत अंचल सह प्रखंड कर्मी के अलावे बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बड़कागांव में नौ दिवसीय यज्ञ का समापन, किया महाभंडारा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**बड़कागांव :** बड़कागांव पूर्वी पंचायत अंतर्गत बधरिया सोनबरसा बस्ती में हो रहे वैदिक श्री श्री 1008 श्री शिव शक्ति हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा श्री रुद्रा महायज्ञ का समापन शुक्रवार को वैदिक हवन के साथ किया गया। इस हवन में बड़कागांव के कई प्रबुद्ध लोग शामिल हुए । यज्ञ विसर्जन के उपरांत यज्ञ समिति की ओर से नौ कन्याओं और भैरव बाबा का पूजन किया गया। नौ कन्याओं को उपहार स्वरूप वस्त्र एवं कॉपी- कलम भेंट किए गए। साथ ही भोजन कराया गया। उसके बाद संध्या में महाभंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद स्वरूप भंडारे का आनंद लिया। यज्ञ एवं महाभंडारा को सफल बनाने में मुख्य रूप से संरक्षक विवेक कुमार सोनी, अध्यक्ष सुरेंद्र कु साव, सचिव चोहन साव, कोषाध्यक्ष मुकेश कु साव, उमेश कुमार, बसंत साव, जगरनाथ साव, दीपक कु साव, महेंद्र साव, रामा साव, कृष्णा साव, द्वारका साव, सुनील साव, अशोक साव, अनिल कुमार, रवि कुमार, पप्पू सोनी,



अर्जुन साव, रिझन साव, जागेश्वर साव, भीम कुमार, जयकरण साव, नागेश्वर साव, बालेश्वर साव, अंजन कुमार, रामदास कुमार, आदित्य कुमार, दुलारचंद राम, तिलेश्वर साव, मनोज साव, रंजीत साव, सुनील राम, रोहित कुमार, देवा कुमार, अजय कुमार, अमित सोनी, दीपू सोनी, आनन्द राणा, अजय राही इत्यादि शामिल थें।

## बरही में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, प्रशासन कर रहा है कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा विधानसभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या रा.-02 के उत्तर में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने स्वीकार किया है कि हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड अंतर्गत गौरियाकरमा पंचायत के ग्राम गौरिया में खाता संख्या-01 एवं प्लॉट संख्या-2900 की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हुआ है। संबंधित भूमि गैरमजरूआ खास खाते की है, जिस पर पिछले 30-40 वर्षों से ग्रामीणों का बसावट है। वर्तमान में वहां 60-70 मकान (कच्चे-पक्के), कुएं और खेत मौजूद हैं।कुछ रैयतों के पास राजा कामख्या नारायण सिंह द्वारा जारी हुकुमनामा और ऑफलाइन रसीदें भी उपलब्ध हैं।अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए झारखंड पब्लिक लैंड एन्क्रॉचमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर उपयोगी योजनाओं के लिए संरक्षित करने की दिशा में प्रशासन आवश्यक कदम उठा रहा है। उपायुक्त, हजारीबाग ने भी इस संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही है।

## बरगड्डा में विज्ञान प्रदर्शनी, मातृत्व सम्मेलन और अहिल्याबाई होल्कर जन्मोत्सव का भव्य आयोजन



**कटकमसांडी (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्रावस्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगड्डा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी सह दादा दादी, नाना नानी व मातृत्व सम्मेलन के साथ भारत की बहादुर वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर का 300वां जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के भैया बहनों द्वारा अपने दादा दादी, नाना नानी और अपने माताओ का पैर पूजन और आरती के साथ उनका वन्दन किया गया। कार्यक्रम में वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर पर विद्यालय की छठी कक्षा की बहन गुड़िया कुमारी ने संस्कृत भाषा में महिमामंडन किया। वहीं विद्यालय के भैया बहनो ने एक से बढ़कर एक विज्ञान के मॉडल बनाकर भारत को विकसित देश बनाने का प्रण लिया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि व समाजसेवी बिजुल देवी व विशिष्ट अतिथि सावित्री देवी, विद्यालय के अध्यक्ष प्रभु नारायण पांडेय, कोषाध्यक्ष पवन साव व विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर पांडेय ने बारीकी से बच्चों द्वारा निर्मित विज्ञान प्रदर्शनी को बारीकी से देख भाव विह्वल व मंत्र मुग्ध हुए और बच्चो को सम्मानित किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के विज्ञान विषय के आचार्य रणजीत राम, आचार्य मिथिलेश सिंह, अशोक पांडेय, रामाधीन सिंह, शैलेश राय, नवीन साव, कुणाल राय, सबिता मिश्रा, अनुराधा पांडेय, किरण, काजल, सोनी, शैव्या, अंजु, पम्मी आदि शिक्षक शिक्षिका का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डीएसपी ने किया बरही अंचल थाना का निरीक्षण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को बरही अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल ने बरही अंचल थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार मौजूद थे। निरीक्षण क्रम में बरही अंचल अंतर्गत चौपारण थाना, पदमा ओपी एवं महिला थाना बरही से संबंधित विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन कर महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इस दौरान खतियान, क्राइम इंडेक्स,अपराध मानचित्र, सरिस्ता पंजी , लंबित कांडों का रिव्यू, विभिन्न दस्तावेजों का अवलोकन किया गया।

## प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के अनुसेवक की सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय सभागार में आयुक्त कार्यालय के अनुसेवक रामलखन पासवान के सेवानिवृत्त होने पर एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयुक्त पवन कुमार ने श्री पासवान के 36 वर्षों की सेवा को सराहा और उनके समर्पण व कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोई भी पद छोटा या बड़ा नहीं होता। इनका धैर्य एवं अनुशासन सबके लिए प्रेरणादायक रहा है। विदाई समारोह में श्री पासवान के योगदान पर प्रकाश डालते हुए पवन कुमार ने कहा कि श्री पासवान ने अपनी कार्यावधि के दौरान अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया। इनकी सौम्यता सबों को सीखनी चाहिए। इस समारोह में श्री पासवान के सेवानिवृत्ति पर उन्हें पुष्पगुक्ष एवं सॉल देकर उन्हें सम्मानित किया गया। आयुक्त ने उनके आगे की जीवन काल के लिए मंगलमयता की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर पेंशन, बीमा, सामान्य भविष्य निधि एवं उपार्जित अवकाश की निकासी की स्वीकृति प्रदान की गई। समारोह में अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने रामलखन पासवान को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। श्री पासवान ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया और अपने सेवा काल में मिले सहयोग के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद किया। समारोह में आयुक्त के सचिव बासुदेव प्रसाद, अवर सचिव रास बिहारी प्रसाद, कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला स्वास्थ्य समिति हज़ारीबाग के तत्वाधान में शुक्रवार को सिविल सर्जन सभागार में 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मीडिया वर्कशॉप के माध्यम से जिले के पत्रकारों को टीबी मुक्त भारत अभियान में उनके दायित्व एवं कर्तव्यों से उन्हें अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि भारत सरकार राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम चलाकर भारत को टीबी मुक्त करना चाहती है। इसी उद्देश्य के तहत झारखंड के चार जिले में 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम चलाई जा रही है। जिले में यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नए मरीजों को चिन्हित करते हुए उनका ईलाज किया जा रहा है। टीबी मुक्त भारत अभियान को पूर्ण करने में मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए मीडिया का सहयोग जरुरी है। मीडिया को अपने अखबारों व चैनलों में टीबी



की बीमारी से संबंधित सामाग्रियों, जागरूकता कार्यक्रमों, टीबी का लक्षण, उपचार आदि का प्रचार प्रसार करके अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने टीबी के लक्षणों के बारे में बताया कि अधिक पसीना आना, भूख न लगना, बुखार, वजन घटना, खांसी होना, खांसी में बलगम के साथ खून आना, छाती में दर्द ,सांस आने में दिक्कत, जल्दी थक जाना आदि टीबी के लक्षण हैं। लंबे समय तक यदि यह सभी लक्षण दिखाई देते हैं तो जांच करानी चाहिए। यदि सही समय रहते इसकी जांच कर ली जाए तो इससे पूर्णतया बचा जा सकता है। जिनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता ठीक रहती है उनमें टीबी होने की गुंजाईश कम रहती है इसलिए दवाइयों के साथ-साथ अच्छे खान-पान का होना बेहद जरूरी है। टीबी एक संक्रामक रोग है। ये अपने चपेट में कई लोगों को ले लेती है। टीबी की दवा लेने से मरीज को सप्ताह से 10 दिन में ठीक होने का असर दिखाई देने लगता है। टीबी का ईलाज मुफ्त किया जाता है। इलाज हेतु दवा सदर अस्पताल हजारीबाग, जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों तथा सभी प्रखंडों में मुफ्त उपलब्ध है। कार्यक्रम के अंत में सिविल सर्जन ने उपस्थित सभी मीडिया बंधुओं को यक्ष्मा उन्मूलन में लोगों के बीच जागरूकता लाने और यक्ष्मा उन्मूलन में सहयोग करने की शपथ दिलाई। वर्कशॉप में सिविल सर्जन डॉ. एसपी सिंह के अलावे डॉ. आरके जायसवाल, डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट (टीबी प्रोग्राम), डॉ. साफिन रिहान सहित कई पत्रकार व अस्पताल कर्मी उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी आईटीआई में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी माइनिंग और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, ढेंगा, बड़कागांव में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पीबीसीएमपी के परियोजना प्रमुख फैज़ तैय्यब ने महान वैज्ञानिक सी.वी. रमन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साथ ही फीता काटकर उद्घाटन समारोह की शुरुआत की। विज्ञान प्रदर्शनी में संस्थान के प्रशिक्षुओं द्वारा आधुनिक तकनीकी मॉडल और एनटीपीसी के प्रशिक्षुओं द्वारा आईआईटी गांधीनगर तक की यात्रा के अनुभव को साझा करते हुए कई रोचक और अभिनव पजल्स प्रदर्शित किए गए। इस वर्ष के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय था विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों, जिसमें संस्थान के नोडल ऑफिसर और एनटीपीसी सीएसआर प्रबंधक कमला राम राजक का स्वागत पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण तकनीकी प्रदर्शनी और पहेली समाधान प्रतियोगिता रही, जिसमें 60 से अधिक तकनीकी मॉडल और परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया। इनमें सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रस्तुतियाँ भी शामिल थीं। इसके अलावा, 20 विभिन्न स्टॉलों पर स्कूली छात्रों के बीच पहेली समाधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विज्ञान उत्सव में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया, जिनमें कौटिल्य वोमेंस कॉलेज, संगम पब्लिक स्कूल, गर्ल्स मेमोरियल स्कूल, जीडीएम गर्ल्स हाई स्कूल, सरगम इंटर मेमोरियल स्कूल, बीएम मेमोरियल स्कूल और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बड़कागांव शामिल थे। कुल मिलाकर 350 प्रतिभागियों की भागीदारी से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। मुख्य अतिथि फैज़ तैयब ने ढ्ढढ्ढञ्ज गांधीनगर में इंटर्नशिप के लिए चयनित तीन मेधावी प्रशिक्षुओं को उनके कौशल विकास और उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही, विज्ञान के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने तकनीकी प्रदर्शनी और पहेली समाधान प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि आईआईटी गांधीनगर के इंटर्न्स के सहयोग से इस कार्यक्रम की गुणवत्ता अत्यधिक ऊंची रही।

## आप सबों का सेवाकाल अत्यंत सराहनीय : आरडीडीई

- **डायट में सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों का सम्मान समारोह**
- **स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल एवं जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग की ओर से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों एवं कार्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट, हजारीबाग में 28 फरवरी को शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी को सेवानिवृत्ति पावनाओं के कागजात उपलब्ध कराए गए। सम्मानित होने वाले शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों में गुलाब साव, सेवानिवृत्त लिपिक, कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग, फागू राम, सेवानिवृत अनुसेवक, कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग, अरविन्द कुमार, सेवानिवृत्त लिपिक, +2 उच्च विद्यालय कटकमसांडी, कपिल देव प्रसाद, सेवानिवृत्त लिपिक, +2 उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, मो इम्तियाज अंसारी, सेवानिवृत्त अनुसेवक, हिन्दू +2 उच्च विद्यालय, हजारीबाग, वीरेन्द्र कुमार दूबे, सेवानिवृत अनुसेवक, महेशरा +2 उच्च विद्यालय महेशरा, सदर, रत्नेश्वर नाथ पाठक, सेवानिवृत्त शिक्षक, मध्य विद्यालय कंडसार, कटकमसांडी, शंकर मिश्रा, सेवानिवृत्त शिक्षक, मध्य विद्यालय बाडम बाजार, हजारीबाग, लक्ष्मण मिर्धा, सेवानिवृत्त शिक्षक, मध्य विद्यालय बेडोकला, बरकट्ठा, डॉ प्रवीण कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक, मध्य विद्यालय गाल्होबार, विष्णुगढ़ और कमला देवी, सेवानिवृत्त लिपिक, कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग शामिल हैं। इस मौके पर आरजेडीई सह डीइओ प्रवीण रंजन और डीएसई आकाश कुमार ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों के कार्यकाल की सराहना की। साथ ही उनके स्वस्थ रहने और दीर्घायु होने की कामना की। इस बीच सभी शिक्षकों ने अपने-अपने कार्यानुभव बयां कर अग्रिम पीढ़ी को बूहतर कार्य करने के संदेश दिए। मंच संचालन राजकीय बीएड कालेज के सहायक प्राध्यापक शंकर दूबे ने किया।

## एकतरफा मुकाबले में सिरमा को रौंद कर स्व अहसान खान मेमोरियल टूर्नामेंट का विजेता बना बलिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** स्व अहसान खान मेमोरियल नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला इतिहासिक बीएमसी मैदान बादम में खेला गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बलिया और सिरमा के बीच खेला गया। सिरमा की टीम का टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला गलत साबित हुआ। सिरमा की टीम निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर मात्र 66 रन का स्कोर बना सकी। सिरमा के दो बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। बलिया के तरफ से निलेश कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 11 रन दे कर 4 विकेट हासिल किया। जवाब में बलिया ने एक तरफा प्रदर्शन करते हुए बिना विकेट कोई विकेट खोए 4.1 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। बलिया के तरफ से सलमान और कृष्ण ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। सलमान ने 16 गेंदों 2 छक्का और 6 चौके की मदद से 42 एवं कृष्णा ने 9 गेंदों में 2 छक्का और 2 चौका के मदद से 23 रन बनाया। टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरुष्कार बलिया टीम के शाहरुख को, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का पुरुस्कार हजारीबाग टीम के शेरू को, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरुस्कार बलिया के सलमान



को एवं मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरुस्कार निलेश कुमार को दिया गया। विजेता टीम बलिया को बीस हजार का नकद एवं चमचमाती ट्रॉफी एवं सिरमा की टीम को तेरह हजार रुपए एवं ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया गया। मैच में अंपायर की भूमिका शहंशाह खान और आकिब अनवर ने निभाया। मौके पर मुख्य रूप से गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव, बादम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, पंचायत समिति सदस्य राजा खान, गौतम वर्मा, बादाम अंजुमन सदर मो मोकित उल्लाह, अध्यक्ष जुबेर खान, उपाध्यक्ष मोदस्सर, खान, सचिव नासीब खान, शीहान जफर, नौशाद, फैसल, आदिल, अदनान, भास्कर, ताबिश, सब्बू, अलमास, मंजर अली, मंजर अकरम, विजय यादव, नियाब, जिशान, शानू, आरिज खान, पिंटू खान, प्रकाश राम, सोनू सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के शोकसूल परिवार के 10 कर्मा कार्यक्रम में हुए शामिल



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ नगर परिषद के दिग्वार शोकसूल परिवार 10 कर्मा कार्यक्रम मैं भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के दादा जी बीगु गिरी के घर मिलने पहुंचे बीजु गिरी के बहन सदुम देवी 75 वर्ष का देहांत दिनांक 17 फरवरी को उनके पैतृक आवास दिग्वार में हुआ था सांसद के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा वार्ड पार्षद अर्जुन यादव विजय गिरी विनोद प्रसाद भागीरथ गिरी वरुण गिरी सुनील गिरी राहुल गिरी सहित परिवार के लोग उपस्थित थे।

## अवैध मुहानों को बंद करने को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा कड़ी कार्रवाई



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध खनन पर रोक को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी एवं खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के नेतृत्व में रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के बसंतपुर क्षेत्र में विभिन्न अवैध मुहानों को सुबह से ही बंद करने का कार्य प्रारंभ किया गया जो अलग-अलग जगहों पर गठित टीम के द्वारा संचालित अवैध मुहानों को बंद किया जाएगा।मौके पर अधिकारियों ने बताया कि जिले के अलग-अलग स्थलों पर अवैध मुहानों को चिन्हित किए गए मुहानों पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए बंद करने हेतु कार्य प्रारंभ किया गया जो जिले के अलग-अलग क्षेत्र में भी अभियान मोड पर सभी अवैध मुहानों को बंद करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## 10 वाँ वर्षगांठ सरना झंडागाढ़ी स्थापना समारोह कार्यक्रम किया गया आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोनारडीह गांव में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा 10 वाँ वर्षगांठ सरना झंडागाढ़ी स्थापना समारोह कार्यक्रम किया गया द्य पहान के द्वारा रीति रिवाज से पूजा अर्चना किया गया द्य सभी लोग जल जंगल व जमीन बचाने की संकल्प लिया सरना झंडागड़ी के कार्यक्रम में हर प्रखंड जिला गांव से पहुंचे द्य मौके पर राजेश पहान, आदिवासी अगुआ सह समाजसेवी दीपक उराँव, जिला अध्यक्ष शुक्रमुनी मुंडा, भुवनेश्वर बेदिया, बबलू मुंडा, रंजीत करमाली, राजेश मरांडी, लोहा पहान, नरेश मुंडा, सुभाष करमाली, जीवन मुंडा, योगेंद्र मुंडा, रवि मुंडा, दिनेश मुंडा, दिनेश बेदिया, गोदनाथ मुंडा आदि कोई उपस्थित थे।

# सांसद मनीष जायसवाल ने आहूत की विशेष बैठक, लोकसभा क्षेत्र के सभी बीजेपी अध्यक्ष और महामंत्री हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल अपने बढ़ते कदम और दायरे के साथ अपने सेवा कार्यों का भी विस्तार लगातार संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कर रहें हैं। निरंतर क्षेत्र दौरा कर जहां विभिन्न क्षेत्रों की जनसमस्याओं से रूबरू हो रहें हैं वहीं जनहित में समस्याओं के निदान को लेकर भी सजग हैं। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अपने सेवा विस्तार और आगामी जनहित के कार्यों को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सांसद सेवा कार्यालय, हजारीबाग के सभागार में संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष और महामंत्रियों की एक बैठक आहूत की। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने संयुक्त रूप से किया ।इस अति कामकाजी और महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सेवा और विकास के कार्यों के विस्तार में भाजपा के कार्यकर्ताओं का अहम भूमिका बताते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और उनसे सहयोग कर जनहित के कल्याणकारी योजनाओं को समाज के जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सहयोग करने का आग्रह किया।




सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित सभी बीजेपी कार्यकर्ताओं को बीते दिनों हजारीबाग की धरती पर उनके द्वारा आयोजित सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के माध्यम से 101 जरूरतमंद जोड़ों के सामूहिक विवाह को संपन्न कराने में अपार सहयोग के धन्यवाद दिया और इस आयोजन को ऐतिहासिक और अभूतपूर्ण बनाने के लिए बधाई दिया। तत्पश्चात सांसद मनीष जायसवाल ने अपने आगामी गतिविधियों और जनहित के सेवा कार्यों के बाबत विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए इन कार्यों में अपनी महत्ती भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सहयोग करने का अपील किया। आने वाले दिव्यांग और वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क उपकरण/ पंजीकरण शिविर के लिए प्रचारित करने, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के जरूरतमंद बहन- बेटियों तक लहंगा पहुंचाने और आने वाले रामनवमी में लोकसभा क्षेत्र के सभी अखाड़ों तक पारंपरिक अस्त्र- शस्त्र प्रदर्शन कला- कौशल को जीवंतता प्रदान करने हेतु लाठी और तलवार भेंट करने के लिए क्लबों का नाम उपलब्ध कराएं। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सेवा हमारी परंपरा रही है और जनहित में सेवा और विकास ही प्राथमिकता रहेगी ।दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक यंत्र/ उपकरण का पंजीकरण/परीक्षण शिवर 02 मार्च को हजारीबाग में और 03 मार्च को रामगढ़ में लगेगाअब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की हर जरूरतमंद बहन बेटियों को उनके शादी से पूर्व लहंगा का मिलेगा सौगातरामनवमी- 2025 में लोकसभा के सभी अखाड़ों को मिलेगा लाठी, तलवार, ताकि पारंपरिक कौशल के साथ निकले झांकी विकास एक सतत प्रक्रिया है, लेकिन क्षेत्र के विकास हेतु हैं ।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में भौतिकी विभाग द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें शिक्षा, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, माइक्रोबायोलॉजी, बॉटनी, बायोटेक्नोलॉजी , कृषि विभाग के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और वैज्ञानिक मॉडल के रूप में नवीन विचारों को प्रस्तुत किया। सभी मॉडलों में भौतिकी विभाग के रडार सिस्टम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि इंजीनियरिंग विभाग के एक्सीडेंटल अलार्म व्हीकल और कृषि विभाग के इको फ्रेंडली इनोवेशन ने दूसरा स्थान हासिल किया। नर्सिंग विभाग से मनुष्य का पाचन तंत्र और भौतिकी विभाग से जल स्तर डिटेक्टर ने तीसरा स्थान हासिल किया। सभी विजेता एवं प्रतिभागी को प्रमाण पत्र दिया गया है।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को विज्ञान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा की विज्ञान प्रदर्शनी हमारे छात्रों को भविष्य के प्रौद्योगिकी के लिए और अधिक नवीन विचार उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।सचिव प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम का काफी सराहना की और बधाई दी।विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो( डॉ) निर्मल



कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार ,प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार ने विज्ञान प्रदर्शनी का काफी प्रशंसा किया और विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं दिए। प्रति कुलपति महोदया, परीक्षा नियंत्रक, विज्ञान संकाय डीन और सहायक प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान सहित चार जजों ने मॉडल का मूल्यांकन किया। सभी जजों ने कहा कि प्रतियोगिता बहुत कठिन है और सभी में से सर्वश्रेष्ठ मॉडल ढूंढना भी बहुत कठिन है। कार्यक्रम के प्रबंधन में श्री राहुल चन्द्र मंडल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।मौके पर विभिन्न विभागों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष , व्याख्यातगण एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

## किसानों के हित में रामगढ़ विधायक ममता देवी ने दुलमी प्रखंड में 500 एसटी कोल्ड स्टोरेज निर्माण की किया मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड विधानसभा के सत्र में रामगढ़ विधायक ममता देवी ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए दुलमी प्रखंड में 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज के निर्माण की मांग उठाई। विधायक ममता देवी ने सदन में कहा कि दुलमी प्रखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान सब्जी, फल और अन्य कृषि उत्पादों की खेती बड़े पैमाने पर करते हैं। उचित भंडारण व्यवस्था के अभाव में किसानों को अपनी उपज कम कीमत पर बेचनी पड़ती है या फिर उनकी फसल बर्बाद हो जाती है। ऐसे में कोल्ड स्टोरेज की सुविधा मिलने से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने सरकार से इस




विषय पर शीघ्र निर्णय लेने और आवश्यक बजट स्वीकृत करने की अपील की।÷कृषि झारखंड की रीढ़ है, और किसानों को सशक्त बनाने के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास आवश्यक है। दुलमी प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करेगा और उन्हें अपनी उपज को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की सुविधा देगा,÷ विधायक ममता देवी ने कहा। उन्होंने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर मंजूरी दी जाए, ताकि किसानों को लाभ मिल सके और प्रदेश की कृषि व्यवस्था को मजबूती दी जा सके। जिसकी जानकारी दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने दिया।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई डीसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम अग्रणी जिला प्रबन्धक दिलीप महली के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन बैंकों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियो की जानकारी दी गयी। उप विकास आयुक्त ने वार्षिक साख योजना के तहत बैंकवार किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी बैंक प्रबंधकों/ प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। केसीसी के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृषि क्षेत्र में केसीसी का लाभ बढ़ाने एवं गाय, बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ-साथ मत्स्य पालकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया वही उप विकास आयुक्त ने पीएमएफएमई के तहत माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज के तहत लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित करने का निर्देश दिया।एमएसएमई अंतर्गत कार्यों की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने प्रायरिटी सेक्टर के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त ने मुद्रा लोन योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान एलडीओ आरबीआई, जिला कल्याण पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, डीपीएम जेएसएलपीएस, डीडीएम नाबार्ड, विभिन्न बैंकों के प्रबंधक, जिला समन्वयकों व प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## हर रविवार को लगेगा धनंजय कुमार पुटूस का जनता दरबार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आए दिन देखने को मिलता है कि आम नागरिकों को उनके छोटे छोटे कामों के लिए भी सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाना पड़ता है। जिस कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।आम नागरिकों को हो रही परेशानी को देखते हुए।रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस ने ÷जनता दरबार÷ लगाने की घोषणा की है।धनंजय कुमार पुटूस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है कि हर सप्ताह रविवार को प्रातः 11֊00 से रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय के निकट पुराने सदर अस्पताल के सामने स्थित उनके कार्यालय में जनता दरबार लगाया जाएगा। जिसमें लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा।धनंजय कुमार पुटूस ने बताया कि लगातार शिकायत मिल रही है कि आम नागरिकों और सरकार में दूरी काफी बढ़ गई है, जिसका नतीजा है कि आम जनता को उनकी छोटी से छोटी सरकारी कामों को करवाने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में



नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसका फायदा दलाल किस्म के लोग उठा रहे हैं।जनता को हो रही इन परेशानियों के निजात दिलाने के लिए ÷जनता दरबार÷ लगाया जाएगा।इस ÷जनता दरबार÷ में आम नागरिक के द्वारा लाई जाने वाली उनकी समस्याओं को संबंधित विभाग एवं पदाधिकारी तक पहुंचाने का काम किया जाएगा, एवं उसका समाधान करवाने का भी प्रयास किया जाएगा।ताकि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की आम नागरिकों को अपना काम करवाने व सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों और दलालों का बेमतलब चक्कर लगाना ना पड़े।

## चितरपुर डिग्री कॉलेज के शिक्षक प्रतिनिधि बनाये गए प्रो कुरातूलएन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** चितरपुर डिग्री महाविद्यालय में शिक्षक प्रतिनिधि चयन को लेकर शिक्षक- शिक्षिकाओं की एक बैठक आयोजित की गई शिक्षक प्रतिनिधि चयन को लेकर दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया प्रो कुरातूल एन एवं प्रो निखहत परवीन दो प्रत्याशियों के पक्ष में पर्ची के माध्यम से वोट डाला गया, कुल मतों की गिनती की गई,परिणाम मे कुरातूल एन 09 मत मिला और अव्वल रहा जीत हासिल किया जबकि दूसरे प्रत्याशी निखहत प्रवीण के पक्ष में कुल 07 मत ही प्राप्त हुआ, सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले प्रोफेसर कुरातूलएन को शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में चयन किया गया शिक्षक प्रतिनिधि चयन में गोपनीयता पर विशेष ध्यान रखा गया था इस चुनाव प्रक्रिया मे चितरपुर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संज्ञा ने की जिसकी देखरेख मे चयन प्रक्रिया संपन्न हुआ इस दौरान शिक्षक प्रतिनिधि बनने के बाद विजय प्रत्याशी को प्राचार्य के द्वारा फूल माला पहनाकर, बुके देकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रो निरंजन महतो, प्रो मनोज कु झा,प्रो ज्योति कुमारी, प्रो जूही उपाध्याय, प्रो उत्तम कुमार ,डॉ हिना कौसर, प्रो मीणा मुंडा,प्रो रेवालाल पटेल, प्रो शबाना अंजुम, प्रो अंजू कुमारी,प्रो अंजनी करमाली, प्रो तारा शंकर अग्रवाल, प्रो दीपक कुमार,प्रो नगमा नौशाद सहित कई मौजूद रहें।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला कौशल अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शुक्रवार को जिले के उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कौशल अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मनजीत के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित समिति के अन्य सदस्यों को जिला कौशल अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति के उद्देश्यों की जानकारी देने के क्रम में बताया गया कि समिति द्वारा जिले में कौशल विकास की संभावनाओं को तलाशने एवं उस दिशा में आगे कार्य करने को लेकर समिति का गठन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा समिति के अन्य सदस्यों के साथ रामगढ़ जिले में विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास को बढ़ावा देने, रोजगार मेला आयोजित करने, निजी क्षेत्र में नियुक्ति एवं प्लेसमेंट, स्वरोजगार को बढ़ावा देने, कौशल प्रशिक्षण, ग्रामीण क्षेत्रो में सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार, एक्सपोजर विजिट आयोजित करने, जिला स्तर पर ही युवाओं को नियुक्ति प्रदान करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जिले में कौशल विकास को बढ़ावा देने को लेकर कई सुझाव भी दिए गए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिले के शत प्रतिशत प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण श्रमाधान पोर्टल पर सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, राज्य कर पदाधिकारी, जिला अग्रनी प्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, ट्रेनिंग सर्विस प्रोवाइडर के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों को लेकर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों को लेकर शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला लीड पिरामल फाऊंडेशन सिल्वेस्टर टोपनो पीपीआईए फेलो श्री भावेश कुमार एवं श्री श्वेता वर्मा द्वारा उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई की आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम विंडो 2 के तहत इंक्लूसिव लाइवलीहुड प्रमोशन इन ट्राईबल ब्लॉक ऑफ एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट के तहत पतरातू प्रखंड में वैसी आदिवासी महिलाएं जिन्हें वर्तमान में सरकार की योजनाओं से नहीं जोड़ा गया है या वे किसी भी स्वयं सहायता समूह से नहीं जुड़ी हुई है उन्हें चिन्हित कर सरकार की



योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है जिसके तहत उन्हें स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाएगा, उनका खाता बैंक में खोला जाएगा, सुकर पालन बकरी पालन एवं मछली पालन को लेकर आरसेटी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसके उपरांत उन्हें पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा साथ ही उन्हें सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा। बैठक के दौरान उपरोक्त के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त में विभागवार अब तक इस संबंध में किए गए कार्यों की जानकारी ली जिसके उपरांत उन्होंने कार्यों में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द महिलाओं को चिन्हित करने एवं उन्हें लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश बैठक के दौरान दिए।

## भगवान बिरसा की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ दुर्भाग्यपूर्ण, दोषियों पर हो कार्रवाई : दिलीप सिंह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला प्रशासन से मांग है कि वैसे असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई हो। श्री सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा हमारे भगवान हैं और उनके प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ युवा संघर्ष मोर्चा कतई बर्दास्त नहीं करेगा। बार-बार यहां की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया जा रहा है इस पर भी ध्यान दें। श्री सिंह कहा कि प्रतिमा की सुरक्षा का प्रशासन पुख्ता इंतजाम करें ताकि भविष्य में ऐसी घटना दुबार ना हो। दिलीप सिंह ने भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माला पहना कर एवं अंगवस्त्र ओढ़ा कर उन्हें सम्मान देने का काम किया। मौके पर ओमप्रकाश गुप्ता, ब्रिजन राम, पिंटू मोदी, मना राम, विवेक कुमार, राजा राम, रंजीत कालिंदी, कुंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

## जनता दरबार में बीसीसीएल द्वारा सेवानिवृत्ति लाभ नहीं देने की शिकायत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के बलियापुर, गोविंदपुर, तोपचांची, झरिया सहित अन्य क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतें सुनी। इसमें गोविंदपुर महुबनी के सुंदर पहाड़ी से आयी एक वृद्ध महिला ने एडीएम को बताया कि उनके पिता भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड (बीसीसीएल) में कार्यरत थे। उनकी मृत्यु वर्ष 1982 में हो गई थी। कई दशक बीत जाने के बाद भी बीसीसीएल ने उनके स्वर्गवासी पिता का पीएफ, ग्रेच्युटी एवं सेवानिवृत्ति के अन्य लाभ का भुगतान नहीं किया है।गौरतलब है कि महिला काफी उम्रदराज थी और स्पष्ट हिन्दी बोलने में असमर्थ थी। इसलिए वह संथाली भाषा में एडीएम के साथ वार्तालाप कर रही थी। उनकी बातों को अच्छे से समझने के लिए एडीएम ने संथाली भाषा बोलने वाले एक कर्मी को बुलाया। उसने महिला की सारी बातें संथाली भाषा में सुनी और महिला की पीड़ा एडीएम को बताई। एडीएम ने तत्काल मामले पर संज्ञान लेते हुए बीसीसीएल के सीएमडी को पत्र लिखने और महिला की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया।एक अन्य महिला ने बताया कि उसने आमाघाटा लेमन चिल्ली होटल के पास जमीन दलाल से 2 डेसिमल जमीन खरीदी। जमीन की रजिस्ट्री नहीं हुई है। जब वह जमीन पर घर बनाने गई तब पता चला कि जमीन सीएनटी एक्ट की है। महिला ने बताया कि उन्होंने ऋण लेकर जमीन दलाल को भुगतान किया है। उन्होंने जमीन के लिए दिए गए पैसे वापस दिलाने की गुहार लगाई।जनता दरबार में राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान करने, ऑनलाइन पंजी 2 में नाम दर्ज कराने, भू-माफियाओं द्वारा रैयती जमीन पर जबरन कब्जा करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

## विनय कुमार तिवारी को किया गया सम्मानित




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तोपचांची अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ खूंटी झारखंड के बैनर तले धनबाद जिला तोपचांची प्रखंड डांगी पंचयत रोआम गांव के निवासी सुप्रसिद्ध कवि,लेखक, गीतकार, कलाकार, विनय कुमार तिवारी को झारखंड के लोकप्रिय भाषा खोरठा साहित्य के क्षेत्र में योगदान देने हेतु मंच की ओर से प्रशस्ति पत्र,सॉल व बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सदानंद महतो ने गीतकार विनय कुमार तिवारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। महतो ने कहा कि क्षेत्रीय भाषा को आगे बढ़ाने में पूरे प्रदेश में इनका अहम योगदान रहा है। बधाई देने वालों में रमेश भगत, सरयू प्रसाद महतो,नारायण रजवार,दुर्गा प्रसाद गोप,अमर भारती, गोपाल भारती, रामचंद्र ठाकुर, शंकर रवानी,ओम प्रकाश महतो,फारकेशवर महतो, विवेक महतो,संजय सिंहा, प्रकाश ठाकुर आदि लोग मुख्य रूप से दी है।

## डायन कह कर प्रताड़ित करने का मामला आया सामने



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में एक बार फिर महिलाओं को डायन कह कर प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। यह मामला टुंडी थाना क्षेत्र का है। पीड़ित महिलाओं ने 16 लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत की है, जिन पर घर में घुस कर डायन भूत बताकर मार पीट गाली व गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। फिलहाल आरोपियों के डर से पीड़ित महिलाएं अपने पुरे परिवार के साथ भागे भागे फिर रहे हैं। मारपीट व प्रताड़ना के डर से अपने गांव भी नहीं जा पा रहे हैं। आज गाँधी सेवा सदन पहुंचे पीड़ित परिवार ने मिडिया के समक्ष अपनी आप बीती बयां की।

# आज़ादी के 78 साल बाद भी पुराना बाज़ार मूलभूत सुविधाओं से वंचित है : सोहराब खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**धनबाद :** चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के प्रवक्ता विजय सैनी ने बताया कि दिनांक 27-02-2025 दिन गुरुवार,समय संध्या 4 बजे,स्थान होटल चंद्रकला (पंचशील प्लाजा) पुराना बाज़ार में चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार की कार्यकारणी सदस्यों की पहली बैठक चैंबर अध्यक्ष सोहराब खान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के प्रवक्ता विजय सैनी ने बताया कि आने वाले दिनों में पवित्र माह रमज़ान,होली एवं ईद जैसे त्यौहार व्यवसायी दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है,इसको लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार की कार्यकारणी की बैठक में टोटो की समस्या के समाधान, आनलाइन बाज़ार के प्रभाव,सफाई,बिजली,स्ट्रीट लाइट,पार्किंग,महिला शौचालय एवं सुलभ शौचालय सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। संबंधित विभाग से समाधान का प्रयास चैंबर द्वारा किया जाएगा।हर महीने के अंतिम गुरुवार को चैंबर की कार्यकारणी की बैठक बुलाई जाएगी जिसमें कार्यो की समीक्षा की जाएगी। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के अध्यक्ष सोहराब खान ने कहा कि पुराना बाज़ार धनबाद का सब से पुराना एवं व्यस्तम व्यवसायी क्षेत्र है परंतु आजादी के 78 साल बाद भी महिला शौचालय,सुलभ शौचालय एवं पार्किंग जैसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। चैंबर सभी समस्याओं के समाधान हेतु योजनाबद्ध ढंग से प्रयासरत है। वहीं आगामी त्यौहारों को देखते हुए चैंबर द्वारा धनबाद शहर की जनता से पुराना बाज़ार में खरीदारी की अपील की गई।चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार की पहली कार्यकारणी बैठक में सोहराब खान,कुणाल कुमार, विजय सैनी, संजय पांडेय, दीपक झा,दीपक सिंह, सरदार नारायण सिंह, आशीष मेहता, दिनेश प्रसाद, रफीक अलाम, भावेश राठौर, गोपाल प्रसाद, रियासत हुसैन, रोहित सरावगी, तनवीर अंसारी आदि मौजूद थे।

# पांडरपाला में जल्द बनेगा पानी टंकी : सद्दाम हुसैन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 18, पांडरपाला में कई वर्षो से पानी की समस्याओं से जूझ रहे नागरिकों को इस परेशानी से निजात मिलने वाली है। वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी सद्दाम हुसैन ने बताया कि झामुमो नेता मंटू कुमार चौहान के अध्यक्षता में हम लोगों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रमंडल संख्या 1 के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुमार ठाकुर से मुलाकात कर पांडरपाला में जल्द से जल्द पानी की टंकी निर्माण करने को कहा। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पांडरपाला में जल मीनार के लिए भारत चौक सरकारी स्कूल के पास जगह का निरीक्षण कर लिया गया है और डीपीआर बन गया है। आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारी को फाइल सौपा गया है। जल मीनार का स्वीकृति मिलते ही डीएमएफटी फंड से योजना का निर्माण किया जाएगा।

# जोगता नागरिक समिति ने मोदिडीह कोलियरी का किया चक्का जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** जोगता नागरिक समिति द्वारा आहूत मोदिडीह कोलियरी का चक्का जाम का कार्यक्रम किया गया। सर्वप्रथम जोगता मोड़ से सैकड़ो की संख्या मे महिला पुरुष मोदीडीह कोलियरी के कांटा घर के पास पहुँचे और सारे मजदूर वही धरना पर बैठ गए जिस से कोलियरी का सारा ट्रांसपोर्टिंग का काम ठप हो गया। इसके बाद परियोजना पदाधिकारी गोपाल प्रसाद, थाना प्रभारी योगेंदर कुमार, प्रबंधक दशरथ सिंह और पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुँचे और संतोषजनक वार्ता हुआ। प्रबंधन ने 10 दिनों का समय मंगा जिसको समिति ने स्वीकार किया। सारी मांगो को प्रबंधन ने दस दिनों के अंदर समुचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। समिति ने प्रबंधन को चेतावनी दिया है की 10 दिनों के अंदर संतोषजनक कार्यवाही नही हुई तो संयुक्त मोर्चा पुरा सिजुआ एरिया 5 का चक्का जाम करेगा जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी।मौके पर समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा, सुरेश महतो, मनोज कुमार महतो, मजदूर नेता मानस चटरजी, गीता सिंह, सुशील देवी, मो आजाद, मंगल चौहान, मनु महतो, मो मोबिन, हसिफ खान, श्रीधर पाण्डे, मुशरत प्रवीन, संतोष पसवान बिंदुआ देवी, साया आलम, राजेश चौहान, मोहिन खान, विशाल सिन्हा, मोहम्मद् अजगर, अजय चौहान आदि लोग मौजूद थे।

# चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** चंदनकियारी प्रखंड स्थित बरमसिया ओपी क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में तेजी आई है। पिछले कुछ महीनों से लगातार चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर दिया है। ताजा मामला बोरियाडीह पंचायत निवासी देवाशीष सेन एवं राजीव कुमार सिंह एवं गम्हरिया पंचायत निवासी अजय कुमार दास, सामल कुमार दास, जगबंधु दास के घर को निशाना बनाया है. बीते मध्य रात्रि चोरों द्वारा बंद घर को साफ कर भागने में सफल हुए। गृहस्वामी देवाशीष सेन व राजेश कुमार सिंह की लिखित शिकायत पर पुलिस की टीम स्क्वायड डॉग एवं फिंगर प्रिंट के साथ जांच शुरू की। हालांकि ये कोई नयी बात नहीं, प्रक्षेत्र में आए दिन अक्सर चोरी की घटना घटित होते रहती है जिससे ग्रामीणों में गुस्सा और भय बढ़ता जा रहा है और उनकी सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे है।


## कार्यालय गुमला नगर परिषद, गुमला
### वित्तीय वर्ष 2025–26
### सैरात बन्दोबस्ती सूचना (द्वितीय कॉल)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 (माह 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए गुमला नगर परिषद् द्वारा नीचे सारणी में वर्णित सैरात की वार्षिक बन्दोबस्ती हेतु खुला डाक दिनांक 17.03.2025 दिन सोमवार को अपराह्न 12:00 बजे से गुमला नगर परिषद् के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि (रू० में) | जमानत की राशि (रू० में) | आवेदन प्रपत्र शुल्क (रू० में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत विज्ञापन की बन्दोबस्ती। | 4,88,000/- | 49,000/- | 10,000/- |
| 2 | अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गुमला पुराना कार्यालय के सामने कोर्ट परिसर में निर्मित पार्किंग क्षेत्र में साईकिल, दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन, चार पहिया वाहन एवं अन्य वाहनों की पार्किंग हेतु वार्षिक बन्दोबस्ती। | 3,75,000/- | 38,000/- | 10,000/- |

संबंधित व्यक्ति को डाक में भाग लेने हेतु दिनांक 15.03.2025 तक कार्यालय अवधि में आवेदन प्रपत्र के साथ जमानत की राशि, आवेदन प्रपत्र शुल्क की राशि से संबंधित कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया गया रसीद व अन्य आवश्यक दस्तावेज कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। बैठक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति आवेदन की निर्धारित राशि (जो कि बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में होगा एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, गुमला के नाम से प्रतिज्ञ होगा) दिनांक 03.03.2025 से 12.03.2025 तक कार्यालय अवधि में जमा करते हुए आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे। जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, गुमला के नाम से प्रतिज्ञ होगा। आवेदन के साथ जमानत की राशि जमा नहीं करने वाले व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग नहीं लेंगे। नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद् कार्यालय के सूचना पट्ट एवं संबंधित कर्मी से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन शुल्क Non Refundable होगा।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला।

PR 347360 District(24-25)D



## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक–सी0, चाईबासा रोड, खूँटी – 835210

Email ID – jepkhunti@gmail.com

### निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (सी.) क अन्तर्गत 25% सीट में नामांकन से संबंधित आम–सूचना।

निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (सी.) के अन्तर्गत जिले के सभी गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों (अल्पसंख्यक छोड़कर) को सत्र 2025–26 में निम्न प्रावधान के अनुरूप 25% सीट पर नामांकन किया जाना है।

i. सत्र 2025–26 में विद्यालय की प्रवेश कक्षा में उपलब्ध सीटों की क्षमता के 25% सीट पर अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन लिया जाना है।
ii. वैसे बच्चे जो विद्यालय के 1 कि.मी. की दूरी सीमा के अधीन निवास करते हों, का नामांकन लिया जाना है। यदि इस दूरी सीमा में प्रयाप्त बच्चे उपलब्ध नही होते हैं तो 3 से 6 किमी. की दूरी सीमा में निवास करने वाले बच्चों का नामांकन लिया जा सकता है।
iii. अभिवंचित समूह में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक निः शक्ततायुक्त एवं अनाथ बच्चे तथा कमजोर वर्ग के अर्न्तगत जो अभिवंचित समूह में आते हों और जिनके परिवार की सभी स्त्रोंतो से वार्षिक आय रू. 72000/–या उससे कम हो का नामांकन लिया जाना है।
iv. नर्सरी/एलकेजी में नामांकन हेतु उम्र सीमा 3 वर्ष 6 माह से 4 वर्ष 6 माह के बीच एंव कक्षा 1 में नामांकन हेतु 6 वर्ष से 7 वर्ष के बीच होगी। उम्र की गणना का Cut Off तिथि 31 मार्च 2025 होगा।
v. 25% कोटि में नामांकन हेतु कार्यालय के वेबसाइट www.jepkhunti.in पर ऑनलाईन आवेदन दिनांक 01.03.2025 से 26.03.2025 तक किया जायेगा एवं माता–पिता/अभिभावक किये गए आवेदन का प्रिंट निकालकर सभी दस्तावेजों को संलग्न एवं स्वअभिप्रमाणित करते हुए झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी के कार्यालय में दिनांक 31.03.2025 तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। कोई भी गलत प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने की सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित माता–पिता/पालक/अभिभावक की होगी। माता–पिता/अभिभावकों द्वारा उपलब्ध कराये गये आवेदन एवं अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की समुचित जाँचोपरान्त तथा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1)(सी.) के प्रावधानों के अनुरूप योग्य बच्चों का नामांकन संबंधित विद्यालय में लिया जायेगा। नामांकन हेतु योग्यता एवं आवेदन करने संबंधी विस्तृत जानकारी बेवसाइट पर उपलब्ध है।
vi. जिले के गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय जहाँ 25% सीट पर बच्चों का नामांकन लिया जाना है की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रम सं. | विद्यालय का नाम, पता | विद्यालय की प्रवेश कक्षा, जिसपर नामांकन लिया जायेगा। | प्रवेश कक्षा में कुल नामांकन क्षमता | कुल नामांकन क्षमता का 25 प्रतिशत संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एस.एस.डी.ए.वी. सेन्टेनरी पब्लिक स्कूल, डी.ए.वी. रोड, खूँटी | NURSERY | 40 | 10 |
| 2 | कैथरीन अकादमी पेलौल, खूँटी | NURSERY | 25 | 06 |
| 3 | टी.सी.आई. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल जम्हार, गोविन्दपुर रोड, कर्रा | NURSERY | 30 | 08 |
| 4 | चिल्ड्रेन ऑफ द न्यू डॉन, तपकरा रोड, तोरपा | ONE | 90 | 22 |

–ह0–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी।

PR 347383 District(24-25)D



## e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT Ranchi

### e-Procurement Notice ( Very Short Notice)

**Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-55/2024-25 Date:-27.02.25**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Old Building of Research wing Fishiers Department at Salimar, Dhurwa, Ranchi for the Year of 2024 -25 | Rs. 70,48,500.00 | 06 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 06.03.2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 20.03.2025 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 21.03.2025 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department Ranchi | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8092415503 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 8092415503 | |

Note:- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders. gov. in
Any Other information can be on Website http:// Jharkhandtenders.gov. in

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer, Special Works Division**
**Building Construction Department,,Ranchi .**

PR 347389 (Building)24-25*D



## MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS

### NOTIFICATION
### New Delhi, the 16th January, 2025

**S.O. 303(E)—** In exercise of powers conferred by sub-section (1) of section 3A of the National Highways Act,1956 (48 of 1956) (hereinafter referred to as the said Act), the Central Government, after being satisfied that for the public purpose, the land, the brief description of which is given in the Schedule below, is required for building Widening / Re-construction to Two Lane with paved Shoulder of NH-143AG from Km 37.400 (Design chainage) to Km 85.560 (Design Chainage) Bero - Khunti Section (in Ranchi district from Km 33.25 to Km 58.05) in the state of Jharkhand, maintenance, management and operation of NH143AG in the stretch of land from Km. 37.400 to Km. 85.560 (DLAO RANCHI) in the district of RANCHI in the state of JHARKHAND, hereby declares its intention to acquire such land.

Any person interested in the said land may, within twenty-one days from the date of publication of this notification in the Official Gazette, object to the use of such land for the aforesaid purpose under sub-section(1) of section 3C of the said Act.

Every such objection shall be made to the Competent Authority, namely, District Land Acquisition Officer Ranchi in writing and shall set out the grounds thereof and the Competent Authority shall give the objector an opportunity of being heard, either in person or by a legal practitioner, and may, after hearing all such objections and after making such further enquiry, if any, as the Competent Authority thinks necessary, by order, either allow or disallow the objections.

Any order made by the Competent Authority under sub-section (2) of section 3C of the said Act shall be final.

The land plans and other details of the land to be acquired under their notification are available and can be inspected by the interested person at the aforesaid office of the Competent Authority.

### SCHEDULE

Brief Description of the land to be acquired with or without structures falling NH143AG in the stretch of land from Km. 37.400 to Km. 85.560 **(in Ranchi district from Km 33.25 to Km 58.05)** (DLAO RANCHI) in the district of RANCHI in the state of JHARKHAND

| State:JHARKHAND | | | District: RANCHI | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Survey/Plot Number | Type of Land | Nature of Land | Area (in Local Unit) | Area (in Hectares) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Taluk: Bero | | | | | |
| Village:Hariharpurjaam Toli | | | | | |
| 137 | 29 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0095 (Acre ) | 0.0038446 |
| 138 | 3 | Government (GAIRMAZURWA ) | PARTI KADIM | 0.769 (Acre ) | 0.31121 |
| 139 | 30 | Private (RAIYATI) | PARTI KADIM | 0.1680999 (Acre ) | 0.0680291 |
| 140 | 3097 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2235 (Acre ) | 0.0904492 |
| 141 | 31 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1329 (Acre ) | 0.0537839 |
| 142 | 3100 | Government (GAIRMAZURWA ) | TAND | 0.4796 (Acre ) | 0.1940915 |
| 143 | 3101 | Government (GAIRMAZURWA ) | TAND | 0.1411 (Acre ) | 0.0571024 |
| 144 | 3102 | Government (GAIRMAZURWA ) | TAND | 0.0482 (Acre ) | 0.0195063 |
| 145 | 3103 | Government (GAIRMAZURWA ) | TAND | 0.0786 (Acre ) | 0.031809 |
| 146 | 32 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1623 (Acre ) | 0.0656819 |
| 147 | 33 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0698999 (Acre ) | 0.0282881 |
| 148 | 34 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1758 (Acre ) | 0.0711453 |
| 149 | 35 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1312 (Acre ) | 0.0530959 |
| 150 | 4 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1682 (Acre ) | 0.0680696 |
| 151 | 42 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0646999 (Acre ) | 0.0261837 |
| 152 | 43 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0204999 (Acre ) | 0.0082962 |
| 153 | 44 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0119001 (Acre ) | 0.0048159 |
| 154 | 45 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0309001 (Acre ) | 0.0125051 |
| 155 | 49 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | PARTI KADIM | 0.5663013 (Acre ) | 0.2291785 |
| 156 | 5 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.0086999 (Acre ) | 0.0035208 |
| 157 | 50 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1947 (Acre ) | 0.078794 |
| 158 | 51 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.4718992 (Acre ) | 0.1909753 |
| 159 | 85 | Government (GAIRMAZARUWA KHAS) | JANGAL MAJHOLA | 1.4617 (Hectare) | 1.4617 |
| | | | | Total | 3.1320763 |

[F. No.RW/Ranchi/LA/NH-143AG/JHR/3A]
ABHAY JAIN, Director

PR.NO.347449 Land Reforms(24-25):D

# सांसद सुखदेव भगत ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर पदाधिकारियों को दिये निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुखदेव भगत, सांसद, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र, लोहरदगा की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में माननीय सदस्यों व पदाधिकारियों की ओर से विभिन्न प्रस्ताव आए जिसके अनुपालन का निर्देश सांसद द्वारा दिया गया। बैठक में सांसद ने लोहरदगा जिला में आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटना, शहरी क्षेत्र में सड़कों पर अतिक्रमण, स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में की जा रही कार्रवाई आदि बिंदुओं की समीक्षा की। शहर के पतराटोली में हाल के दिनों में सड़क दुर्घटना पर वहां स्पीड ब्रेकर,साईनेज लगाये जाने के निदेश कार्यपालक अभियंता, एनएच को दिये गये। जिस क्षेत्र में अंधेरा है वहां स्ट्रीट लाईट लगवाने का निर्देश विद्युत प्रमण्डल, लोहरदगा को दिया गया। स्कूलों व कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए वहां नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने का निर्देश शिक्षा विभाग को दिया गया। बाजार में भी माइकिंग करा कर बच्चों के अभिभावकों को जागरूक किया जाय ताकि बच्चे मोटरसाइकिल पढ़ाई करने स्कूल नहीं आएं। माननीय सांसद ने जिला में भू-अर्जन के कार्य व रैयतों को भुगतान की प्रक्रिया को धीमा बताते हुए कहा कि इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है। जिला में नव वर्ष, मेला व पर्व-त्यौहार के मौके पर सड़क दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं, इसमें कमी लाने के लिए आवश्यक प्रयास किये जाएं। सड़क दुर्घटना में घायलों का ईलाज तुरंत हो,इसमें स्वास्थ्य विभाग सजग रहे। जिला में जल्द कार्डिया एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी जिसमें घायल को अस्पताल तक गोल्डेन टाईम में पहुंचाने के लिए सभी व्यवस्थाएं मौजूद रहेंगी। मोटर वाहन निरीक्षक को वाहनों का फिटनेस संबंधी जांच करने और वाहन चालकों को मोटरयान अधिनियम अंतर्गत नियमों का पालन कराने का निर्देश दिया गया। हिंडाल्को प्रबंधन को बॉक्साइट ट्रक चालकों द्वारा भी उक्त अधिनियम का पालन कराने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि शहर के चौक-चौराहों में अवैध रूप से पार्किंग करने वाले, शहरी क्षेत्र में पथों व फुटपाथों पर सब्जी विक्रय करनेवालों को नोटिस देकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराएं। मैना बगीचा में चिन्हित स्थान पर ही सब्जी विक्रेता सब्जी बिक्री करें और मैना बगीचा क्षेत्र में बड़ी गाड़ियों की इंट्री नहीं हो। महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों,जो खराब हैं,उन्हें ठीक कराया जाए ताकि सड़क दुर्घटना की स्थिति में वाहन को चिन्हित किया जा सके। पुलिस विभाग शराब पीकर वाहन चलानेवाले वाहन चालकों की जांच करे और आवश्यक कार्रवाई करे। ट्रेन के समय ऑटो चालकों द्वारा काफी तेज गति से ऑटो का चालन होता है। बॉक्साईट चालकों द्वारा तेज गति से वाहन चालन होता है जिसे नियंत्रित करने की आवश्यकता है। शहर में टैफिक थाना के लिए पुलिस अधीक्षक को मुख्यालय स्तर पर आवश्यक पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। हिंडाल्को प्रबंधन को मैना बगीचा में भारी वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक बैरिकेटिंग उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सांसद ने जोगना और कंडरा पुल के पास डस्ट से हो रही गंदगी का निवारण करने के लिए पानी का छिड़काव कराने का निर्देश एनएच कार्यपालक अभियंता को दिया गया। अजय उद्यान के पास एनएच पर बने गड्ढे को भरे जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने शहर के महत्वपूर्ण ऐसे रास्ते जो आपस में एक स्थान पर मिलते हैं ऐसे स्थानों को चिन्हित करने का निर्देश दिया पथ विभाग को दिया गया जिससे उस स्थान को चौक के रूप में परिवर्तित किया जा सके। जिला परिवहन पदाधिकारी को ई-पॉश मशीन की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया ताकि पकड़े गये वाहनों का चालान कम समय में जेनरेट किया जा सके। अगली बैठक में ट्रक व ऑटो चालक एसोसिएशन को भी आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में समिति के सदस्य नेसार अहमद द्वारा शहरी क्षेत्र में कम उम्र के लड़कों द्वारा विशेष रूप से आवाज करनेवाली मोटरसाइकिल करनेवाले और हाई स्पीड ड्राईविंग पर रोक लगाने की मांग की।

## डायन-बिसाही कहकर प्रताड़ित करने वाले कैरो जामुनटोली निवासी वार्ड सदस्य समेत 03 आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत डायन-विसाही कहकर महिला को प्रताड़ित करने वाले कैरो जामुनटोली निवासी वार्ड समेत 03 अभियुक्त को कैरो थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर 27 फरवरी गुरुवार को जेल भेज दिया है। मामले पर कैरो थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने बताया कि कैरो थाना काण्ड संख्या 42/24 भा0न्या0सं0 कि धारा 115(2), 109(1), 352, 85, 3 (5), के तहत अभियुक्त कैरो जामुनटोली निवासी वार्ड सद्स्य वसन्ती उराँव पिता सुकरा उराँव, दिलीप उराँव पिता गौरीदास उराँव,पूसा उराँव पिता स्व0 विरसा उराँव तीनो अभियुक्त ग्राम जामुनटोली कैरो निवासी को गिरफ्तार किया गया था। पूसा उराँव की ही पत्नी जमूना उराँव ने पुर्व में ही कैरो थाना में लिखित शिकायत आवेदन देकर डायन-विसाही का आरोप लगाकर प्रताड़ित किये जाने को लेकर कैरो थाना को आवेदन दिया था। थाना प्रभारी ने कहा कि उपरोक्त तीनों अभियुक्त पर डायन-विसाही प्रतिषेध धारा अधिनियम कैरो थाना काण्ड संख्या 42/24 के तहत प्राथमिकी पुर्व मे ही दर्ज करायी गयी थी जिसे कैरो थाना पुलिस तीनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर गुरुवार को ही जेल भेज दिया गया है।

## अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार ने विज्ञान दिवस पर लगाई गई प्रदर्शनी का किया निरीक्षण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा के बीएड और डी एल एड संकाय के प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा विज्ञान दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, सौर ऊर्जा,ज्वालामुखी, कार्बन शुद्धिकरण, जल शुद्धिकरण, वायुमंडल की परतें, वर्षा जल संचयन आदि पर बेहतरीन मॉडल गोरीती रेशमा, काजल, पल्लवी, सुधा, प्रितीरानी, रानी, संतोषी, सोनाली, कंचन प्रिया, रमेश, सीता, विकास, सपना, आदि द्वारा प्रदर्शित किए गए, जो प्यारी टोप्पो के नेतृत्व में किए गए। सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा निरीक्षण कर विस्तार से प्रशिक्षुओ से बात की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, आफताब, पंकज, कुंदन जंगबहादुर, पवन, रेणुका, मनु, ममता, संदीप, शशि, चिनिबास आदि उपस्थित थे। विज्ञान दिवस वैज्ञानिक चेतना, विज्ञान के प्रति जुड़ाव के साथ साथ भारतीय विज्ञान की समृद्ध परम्परा से परिचय कराता है।नोबेल पुरस्कार से पुरस्कृत भौतिक विज्ञानी चंद्रेशेखर वेंकट रमण के आविष्कार जिसे रमन प्रभाव के नाम से भी जानते है इस दिवस को विशेष रूप से समर्पित किया जाता है।

## मैट्रिक में 756 छात्र छात्राओं ने दिया अंग्रेजी का परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शुक्रवार को अंग्रेजी की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु स्थित परीक्षा केंद्र में 417 छात्र छात्राओ में से 415 और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 359 में से 356 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी का परीक्षा दिया। वही 771 परीक्षार्थियों में से 756 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर छात्र छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है। जिस निमित शुक्रवार को परीक्षा निर्धारित समय से प्रारम्भ हुआ। साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। और परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही प्रखंड क्षेत्र के सभी 771 में से 756 छात्र छात्राएं परीक्षा में उपस्थित हो अंग्रेजी का परीक्षा दिया 5 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर कनीय अभियंता सह दंडाधिकारी राजीव कुमार, शिवशंकर उरांव शिक्षक मेराज अंसारी, शिक्षिका सुनीता देवी समेत अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी, रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

## डिजिटल युग में समाज की जागरूकता में न्यू मीडिया की भूमिका पर हुई प्रेस संगोष्ठी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सूचना भवन में डिजिटल युग में समाज की जागरूकता के लिए न्यू मीडिया की भूमिका पर प्रेस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार एवं जिला जन-संपर्क पदाधिकारी श्री पलटू महतो व प्रभात खबर के रविकांत साहू के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक महोदय को जिला जन-संपर्क पदाधिकारी ने पुष्पगुच्छ भेंट देकर स्वागत किया। साथ ही सभी पत्रकार बंधुओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। संगोष्ठी परिचर्चा में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने भी सोशल मीडिया को सूचना का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया हैंडल करने वालों को सिर्फ सूचना देने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उस सूचना से संबंधित पूर्ण ज्ञान देकर शिक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया को सेल्फ रेग्यूलेट होकर समाज के विकास में अपना योगदान देने की जरूरत है। मीडिया समय समय पर व्यवस्था बदलने में अहम भूमिका निभाई है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि खबर को एक जिम्मेदारी के साथ समाज के बीच रखने की जरूरत है। जिससे वह सूचना समाज में किसी तरह की परेशानी खड़ी ना कर सके। उन्होंने कहा कि की संवेदनशील सूचनाओं को समाज के लिए सकारात्मकता और नकारात्मकता के तराजू में तौल कर प्रसारित की जाए।

## टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर एसोसिएशन के पदाधिकारीयों ने प्रचार वाहन को किया रवाना



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट 5 से 8 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम को भव्य रूप देने को लेकर बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य द्वार से प्रचार वाहन को रवानगी हरि झंडी दिखाकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। मौके पर एसोसिएशन के सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, डॉ शशि गुप्ता, संजय बर्मन, लालमोहन प्रसाद केशरी, कमल केशरी, उदय गुप्ता, अमित कुमार, सतीश वर्मा, दीपक देवघरिया, सोमा उरांव, हिमांशु केशरी, रोहित ओझा सहित अन्य शामिल थे।

## सदर अस्पताल में बंद पड़े अल्ट्रासाउंड सुविधा को करें जल्द शुरू : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र के शून्यकाल में सदर अस्पताल सिमडेगा में बंद पड़े अल्ट्रासाउंड सुविधा को जल्द चालू कराने की मांग की है। विधायक ने शून्यकाल के दौरान जोरदार तरीके से आवाज उठाते हुए कहा कि सदर अस्पताल सिमडेगा में आधुनिक सुविधा युक्त अल्ट्रासाउंड मशीन लाखों की लागत से लगाई गई है। लेकिन चिकित्सकों की कमी के कारण अल्ट्रासाउंड सुविधा बंद हो गया है। अल्ट्रासाउंड सुविधा बंद होने से पेट सम्बन्धी बीमार लोगों को काफी परेशानी हो रही है। खासकर गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है। समय पर गर्भवती महिलाओं एवं पेट संबंधी बीमार लोगों का अल्ट्रासाउंड नहीं होने से बाद में इन्हें कई परेशानियों से जूझना ओढ़ सकता है। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि अल्ट्रासाउंड सुविधा बंद होने से जिले के गरीब जनता अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए रांची-राउरकेला जाने को विवश हैं। जबकि कई गरीब जनता पैसे के अभाव में अल्ट्रासाउंड कराने से वंचित हो रहे हैं। विधायक ने सत्र में कहा कि जिले में जल्द पर्याप्त मात्रा में चिकित्सकों का पदस्थापना कर अल्ट्रासाउंड सुविधा को शुरू कराया जाय। ताकि गर्भवती महिलाओं एवं पेट संबंधी बीमारी ब्यक्तियो को किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

**मेहमानों को नहीं होनी चाहिए परेशानी, नहीं हो कोई भी चूक : धीरज प्रसाद साहू**

## एसोसिएशन अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने टी 20 क्रिकेट कप के आयोजन को लेकर स्टेडियम का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट कप के 5 से 8 मार्च तक आईपीएल के तर्ज पर होने वाले चार दिवसीय मैच के सफल आयोजन को लेकर संगठन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने संगठन के पदाधिकारी सहित अन्य आयोजन समिति के लोगों के साथ राज्य स्तरीय स्टेडियम परिसर का गुरुवार को निरीक्षण किया। यहां पहुंचते ही सर्वप्रथम उन्होंने मुख्य द्वार पर चल रहे कार्य और मुख्य पवेलियन का जायजा लिया। जहां चल रहे निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आयोजन में शामिल होने को लेकर आने वाले मेहमानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इस दिशा में कार्य होना है। पूरे आयोजन में कोई चूक ना हो इसका ध्यान रखते हुए तैयारी पूरी करनी है। इसके अलावा उन्होंने स्टेडियम के उत्तरी और बने पवेलियन सहित बिल्डिंग का भी हाल जाना। पहुंचने वाले टीमों के खिलाड़ियों और कोच के बैठने की व्यवस्था पर की जा रही तैयारी को भी जाना। पूरे आयोजन पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। इस दिशा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे से भी वे मुखातिब हुए। आयोजन में आने वाले वीआईपी और दर्शकों के बैठने की व्यवस्था पर भी दिशा निर्देश दिया। वही स्टेडियम के ग्राउंड में तैयार किया जा रहे पिच का भी हाल जाना। स्टेडियम के बगल में खाली पड़े मैदान पर उद्घाटन समारोह से जुड़े तैयारी पर भी संबंधित लोगों को कार्य जल्द से जल्द शुरू कराते हुए विधि व्यवस्था बनाए जाने की दिशा में निर्देश जारी किया। पूरे आयोजन के प्रचार प्रसार को लेकर भी समिति के लोगों को जिम्मेवारियां सौंपी गई। मौके पर मुख्य रूप से आलोक राय, निशीथ जायसवाल, डॉ. शशि गुप्ता, आशीष कुमार, भास्कर दास गुप्ता, अमित कुमार, जयजीत चौबे, उदय गुप्ता, संजय बर्मन, कंवलजीत सिंह, हिमांशु केशरी, रोहित ओझा, ऐनुल अंसारी सहित अन्य आयोजन समिति के लोग मौजूद थे।

## पाखर पंचायत, किस्को, लोहरदगा में उदयमिता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, के स्थानीय कार्यालय एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची द्वारा दिनांक-28.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे सलैया घोड़गिरवा, पाखर पंचायत, किस्को, लोहरदगा में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पाखर पंचायत, किस्को, लोहरदगा जिले के स्थानीय उदद्यमियों तथा भावी उदद्यमियों को भारत सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देना था। कार्यक्रम में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं जानकारी प्राप्त किया। ज्योत्सना गुड़िया, सहायक निदेशक, एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय,रांची ने कार्यक्रम में स्वागत संबोधन एवं मंच संचालन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सम्मानित अतिथियों का स्वागत हरित पौध भेंट कर किया गया। उसके उपरांत मंचासीन अतिथियों रघुवर सिंह, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा, नितिन कुमार, एलडीएम, बैंक ऑफ इंडिया, लोहरदगा, रुस्तम रोशन, सफल उद्यमी, झारखंड वेलफेयर डेवलपमेंट सोसायटी, लोहरदगा आदि द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। ज्योत्सना गुड़िया, सहायक निदेशक ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को मंचासीन वक्ताओं से एमएसएमई के विकास हेतु भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं से वर्तमान समय की मांग के अनुसार उद्यमी बनकर स्वयं एवं अन्य लोगों को अपने उद्यम से जोड़ने की बात पर जोर दिया क्योंकि वर्तमान समय में नौकरियां सीमित हैं। रघुवर सिंह, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा ने झारखंड सरकार द्वारा एमएसएमई उद्यमियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। नितिन कुमार, एलडीएम, बैंक ऑफ इंडिया, लोहरदगा ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं के तहत उपलब्ध ऋण सुविधाओं के बारे में, आवेदन की प्रक्रिया, सब्सिडी आदि के बारे में बताया एवं लोगों को उद्यम शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता के लिए बैंक शाखा से संपर्क करने एवं हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। रुस्तम रोशन, सफल उद्यमी, झारखंड वेलफेयर डेवलपमेंट सोसायटी, लोहरदगा ने सभी प्रतिभागियों को स्वरोजगार की स्थापना हेतु प्रेरित किया तथा उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपने सफल उद्यमी बनने की कहानी तथा उसमें आई बाधाओं को सबके साथ साझा करते हुए हिम्मत से काम लेने की बात कही। ज्योत्सना गुडिया, सहायक निदेशक ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का उचित जवाब दिया, साथ ही उन्होंने भावी उद्यमियों को एम. एस. एम. ई मंत्रालय की ओर से उपलब्ध योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आवाहन किया। अंत में प्रमोद कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची ने उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अवैध बालू लदा दो हाइवा ट्रक जप्त चालक एवं मालिक के विरुद्ध कारवाई आरम्भ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले में गुप्त सूचना पर पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए अवैध बालू लदा दो हाइवा ट्रक को जप्त किया गया। जप्त हाइवा ट्रक व मालिक तथा चालक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जायेगा। विदित हो कि सेन्हा अंचल क्षेत्र के रास्ते अवैध बालू परिवहन की गुप्त सूचना सेन्हा पुलिस को मिलते ही मध्य रात्रि में छापेमारी अभियान चला कर थाना क्षेत्र के घाटा गगेया पथ से एक हाइवा ट्रक तथा कोराम्बे से एक हाइवा ट्रक जे एच 09 ए एन 0195 तथा जे एच 02 ए डब्लू 7555 को जप्त कर सेन्हा थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। वही जप्त हाइवा ट्रक के बारे में अंचलाधिकारी द्वारा खनन विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु अवगत कराया गया। जिसे जप्त हाइवा ट्रक के मालिक व चालक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जायेगा। जबकि हाइवा ट्रक के मालिक ने बताया कि गुमला जिले के लरंगो से बालू उठाव कर ले जाया जा रहा था। जिसका चालान होने के बावजूद जांच करवाने की बात बोल बालू लदा हाइवा ट्रक को पकड़ कर थाना में रखा गया है। इस संदर्भी मे थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध बालू उठाव एवं परिवहन की सूचना पर निरंतर कारवाई किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा अवैध बालू लदा हाइवा ट्रक के परिवहन की गुप्त सूचना मिला था। जिसपर पुलिस छापेमारी करते दोनो ट्रक के चालक एवं मालिक के बिरुद्ध जांचोपरांत खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया गया। सेन्हा अंचल क्षेत्र से अवैध बालू का उठाव कोयल नदी से होने तथा परिवहन करने के मामले पर लगतार खनन पदाधिकारी के निर्देश पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस द्वारा कारवाई जारी रहेगा।

## चंद्रशेखर बैंकट रमण ने विज्ञान के क्षेत्र में अनेकों महत्वपूर्ण कार्य किये थे : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर चन्द्रशेखर बैंकट रमण के जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सेन्हा उपस्थित थे। वही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न तरह का मॉडल तैयार किया गया था। जिसका अवलोकन कर जिप सदस्य राधा तिर्की ने छात्र छात्राओं का हौसला बढ़ाया और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रेरणा देते हुए कहा कि चन्द्रशेखर बैंकट रमण ने विज्ञान के क्षेत्र में अनेकों महत्वपूर्ण कार्य किये थे। जिसे उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही छात्र छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि विज्ञान के बारे में जानकारी प्राप्त कर आगे बढ़ सकते हैं। छात्र छात्राएं विज्ञान के विषय पर जानकारी प्राप्त करने के लिये निरंतर प्रयास करें। वही विद्यालय को प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा ने छात्र छात्राओं को बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस चन्द्रशेखर बैंकट रमण को समर्पित है। जिनका जन्म दिवस को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। चन्द्रशेखर बैंकट रमण पानी जहाज के माध्यम से विदेश से वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि सूर्य की रौशनी में समुद्र का जल नीला क्यों दिखाई देता है। जिसे उन्होंने पता लगाया था कि सूर्य की रौशनी में विभिन्न रंग होने के कारण पानी का रंग नीला दिखाई देता है। चन्द्रशेखर रमण को भौतिकी विज्ञान के लिये नॉवेल पुरस्कार देकर एशिया महादेश में सम्मानित किया गया था। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हारून अंसारी प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा, नरेश चन्द्र महतो, चांदनी शगदेव, उम्मे हबीबा, डॉ. बैजयंती उरांव, मेराज अंसारी, मंजू कुमारी समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### अन्नपूर्णा देवी ने की यूरोपीय आयुक्त हदजा लाहबीब से मुलाकात



**नई दिल्ली :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के शास्त्री भवन में समानता, तैयारी और संकट प्रबंधन की यूरोपीय आयुक्त हदजा लाहबीब से भेंट की। यह बैठक यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन की उच्च स्तरीय यात्रा का एक अंग है। उर्सुला वॉन डेर लेयेन 27 से 28 फरवरी तक भारत की यात्रा पर हैं। उनके साथ आयुक्तों का समूह भी इस यात्रा में है, जिसमें 26 मंत्री शामिल हैं। द्विपक्षीय चर्चाओं के दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और आयुक्त हदजा लाहबीब ने महिला सशक्तीकरण और बाल कल्याण के क्षेत्रों में भारत-यूरोपीय संघ सहयोग को मजबूत करने के लिए नए मार्ग तलाशने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने समावेशी नीतियों को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो महिलाओं और बच्चों, विशेष रूप से कमजोर और वंचित समुदायों के बच्चों के कल्याण को बढ़ाने की दिशा में कार्य करती हैं।अन्नपूर्णा देवी ने मिशन शक्ति , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा वित्तीय और डिजिटल समावेशन, उद्यमशीलता, निर्णय लेने और नेतृत्व भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न अन्य योजनाओं और कार्यक्रमों सहित भारत सरकार की प्रमुख पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने एक सुरक्षित और समावेशी समाज के निर्माण के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर भी बल दिया, जहां महिलाएं और बच्चे इन योजनाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त कर सकें।हदजा लाहबीब ने महिला सशक्तीकरण में भारत की प्रगति की सराहना करते हुए इस क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत करने के लिए यूरोपीय संघ की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने महिला सशक्तीकरण और संकट प्रतिक्रिया से संबंधित वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को रेखांकित किया।

### शिमला में अलग-अलग जगह चरस और चिट्टा बरामद, दो गिरफ्तार

**शिमला :** जिला शिमला में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए चरस और चिट्टा (हेरोइन) बरामद कर तीन मामलों में एफआईआर दर्ज की है। इनमें दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक को नोटिस देकर रिहा किया गया है। चिडगांव थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया। गुरूवार की रात पुलिस की टीम चिडगांव बाजार में गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने एक संदिग्ध कार (मारुति 800, नंबर ॥क्र 26स-0056) की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार सवार युवक चिडगांव निवासी राज कुमार (32) के कब्जे से 272 ग्राम चरस बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 25 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# छग विधानसभा : आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 सदन में पेश

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में तीन मार्च को वित्त मंत्री ओपी चौधरी बजट पेश करेंगे। इससे पहले शुक्रवार को वित्त मंत्री ने आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 को विधानसभा के पटल पर रखा। इस दौरान मंत्री ओपी चौधरी ने आर्थिक प्रगति को उत्साहजनक बताया है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय औसत से ज्यादा प्रदेश की जीएसडीपी ग्रोथ होने की बात कही है। वित मंत्री ओपी चौधरी ने आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पुस्तक का विमोचन भी किया।आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 को सदन में पेश करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, पूरे प्रदेश में उत्साह जनक आर्थिक प्रगति नजर आ रही है। प्रदेश की जीएसडीपी में ग्रोथ राष्ट्रीय औसत से ज्यादा हुआ है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी 2023-24) में तीन लाख 6 हजार 712 करोड़ था जो बढ़कर 2024- 25 में तीन लाख 29 हजार 752 करोड़ होना संभावित है।वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, यह गत वर्ष की तुलना में 7.51 प्रतिशत की वृद्धि है। कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र,सेवा क्षेत्र में योगदान अधिक है, पर कैपिटल इनकम में भी छत्तीसगढ़ में वृद्धि हो रही है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय में 9.37 प्रतिशत की वृद्धि दर है। जबकि देश में प्रति व्यक्ति आय वृद्धि दर 8.66 प्रतिशत रही है। राष्ट्रीय औसत की तुलना में वृद्धि दर में बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान वित मंत्री ओपी चौधरी ने आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पुस्तक का विमोचन भी किया।



## डिजाइन भारत के विरासत और भविष्य के विकास की कुंजी है : पीयूष गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि डिजाइन केवल सौंदर्य शास्त्र के संबंध में नहीं है। यह एक नवाचार है, जिसका भारतीय विरासत पर प्रभाव रहा है, जो देश के विकास में भूमिका निभाएगा।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के 44वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने कहा कि नए स्नातक विरासत और देश के भविष्य में सेतु का कार्य करेंगे। दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल, वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और



गवर्निंग काउंसिल के सदस्य भी उपस्थित थे।गोयल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्व के लिए मेक इन इंडिया और डिजाइन इन इंडिया के आह्वान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नए स्नातक इसे वास्तविक रूप देंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि समस्या समाधानकर्ता, नवोन्मेषक और डिजाइनर के रूप में ये स्नातक विश्व के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा, आप विश्व के निर्माता होंगे, विश्व आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। 44वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर विभिन्न विषयों के 430 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए उपायुक्तों को मिला निर्देश

एजेंसी

**जयपुर :** अक्षय तृतीया पीपल पूर्णिमा जैसे पर्वों पर बाल विवाहों के आयोजन की संभावनाओं को देखते हुए गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार ने राज्य के सभी जिला कलेक्टर, एसपी और पुलिस उपायुक्तों को विशेष चौकस रहने तथा सरकारी मशीनरी को सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं।एसीएस ने इन अधिकारियों को लिखे पत्र में बताया है कि गत वर्षो की भांति बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए ग्राम एवं तहसील स्तर पर पदस्थापित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों-अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों (वृत्ताधिकारियों, थानाधिकारियों, पटवारियों, भू-अभिलेख निरीक्षकों, ग्राम पंचायत सदस्यों, ग्राम सेवकों, कृषि पयवेक्षकों, महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, आगंनबाडी




कार्यकर्त्ताओं, महिला सुरक्षा सखी, शिक्षकों, नगर निकाय के कर्मचारियों, जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों, सरपंचो तथा वार्ड पंचो) के माध्यम से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम जन में जनजागृति उत्पन्न करें तथा बाल विवाह रोके जाने के लिए कार्रवाई की जाए।एसीएस ने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए समाज की मानसिकता एवं सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाना आवश्यक है। इसके लिए जिला व ब्लॉक स्तर पर गठित विभिन्न सहायता समूह, महिला समूह, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ता, महिला सुरक्षा सखी, साथिन सहयोगिनी के कोर ग्रुप को सक्रिय किया जाये। ऐसे व्यक्ति व समूह जो विवाह सम्पन्न कराने में सहयोगी होते हैं जैसे हलवाई, बैण्ड वाले, पंडित, बाराती, टेंट वाले, ट्रांसपोर्टर इत्यादि से बाल विवाह में सहयोग न करने का आश्वासन ले और उन्हें कानून की जानकारी दी जाए। जन प्रतिनिधियों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ चेतना बैठकों का आयोजन करवाएं।

## अर्द्धकुंभ संतों के साथ सांसद त्रिवेंद्र रावत ने की चर्चा

एजेंसी

**हरिद्वार :** आगामी अर्द्धकुंभ के आयोजन को लेकर भूपतवाला स्थित श्री चेतन ज्योति आश्रम में हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के साथ संतों ने बैठक कर चर्चा की। चर्चा के दौरान युवा भारत साधु समाज के संतों ने प्रयागराज की तर्ज पर अर्द्धकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने का आवाहन किया। इस दौरान सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि कुंभ मेला भारत की राष्ट्रीय धरोहर है। यह विश्व पटल पर सनातन संस्कृति को संजोता है।श्री चेतन ज्योति आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन कुंभ मेला आध्यात्मिक ज्ञान, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह मेला भारतीय समाज में व्याप्त शुद्धता, समानता, भाईचारा और दिव्यता के संदेश को प्रसारित करता है। संत समाज शासन प्रशासन के साथ मिलजुल कर आगामी अर्धकुंभ को सफल बनाने में पूरा सहयोग करेगा।युवा भारत साधु समाज के अध्यक्ष महंत शिवम् महाराज ने कहा कि कुंभ पर्व सभी पर्वों में सर्वोपरि है।



महामंत्री स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि कुंभ मेला राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधता है। मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु भक्त को मां गंगा की स्वच्छता एवं अविरलता को बनाए रखने के लिए ध्यान देना होगा। इसके लिए भी सरकार द्वारा जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।इस अवसर पर मंहत सुतिक्षण मुनि, महंत सूरज दास, महंत राम विशाल दास, महंत विवेकानंद, महंत लोकेश दास, संत जगजीत सिंह, आनंद स्वामी, स्वामी नित्यानंद, महंत सीताराम दास, महंत ओम दास, महंत दिनेश दास, महंत कृष्णानंद, महंत उमेश दास, भाजपा नेता राजेश रस्तोगी, सत्यनारायण शर्मा मौजूद रहे।

### जीएन कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजित

## विज्ञान के प्रति रचनात्मक सोच पैदा करना विद्यालय का उद्देश्य : निदेशक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में महान भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन के सम्मान में सेमिनार का आयोजन किया गया। निदेशक सह शिक्षाविद एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं सीवी रमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत गई। मौके पर निदेशक ने कहा कि 28 फरवरी ही वह दिन है जब दुनिया भर में प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन ने अपनी खोज रमन इफेक्ट की घोषणा की थी। इस खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। सीवी रमन के इस महान अविष्कार के सम्मान में भारत सरकार ने 1986 में तय किया कि हर वर्ष 28 फरवरी का दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के तौर पर मनाया जाएगा। हर साल सरकार की ओर से



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की कुछ न कुछ थीम भी रखी जाती है। इस बार इसकी थीम विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक रखी गई है। जब प्रकाश की किरणें अलग-अलग चीजों से टकराती हैं या उनमें से होकर गुजरती हैं तो तरंगों के बिखरने के बाद उन पर वह उनकी गति पर क्या असर होता है।उनकी खोज यह सब बताती थी। 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा। भौतिकी में नोबेल पुरस्कार पाने वाले वी भारत ही नहीं बल्कि एशिया महादेश के पहले वैज्ञानिक थे।

इस अवसर पर विद्यालय में स्थित सुसज्जित एवं समृद्धि विज्ञान प्रयोगशाला में बच्चों को विज्ञान शिक्षक द्वारा विभिन्न उपकरणों एवं रासायनिक पदार्थो के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का संचालन बसन्त ठाकुर जबकि धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान शिक्षक वीरेन्द्र साह ने की। मौके पर नीरा शर्मा, विकास कुमार, रागिनी कुमारी, ऋषभ,शिवानी, पूजा, ज्योति कुमारी, सरिता दुबे आदि उपस्थित थे।

### बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए नदी की स्थानीय परिस्थितियों का कराएं सर्वेक्षण : सीएम

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ समस्या के स्थायी समाधान के लिए नदी की स्थानीय परिस्थितियों के अध्ययन के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को बाढ़ सम्बन्धी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां कहीं नदी के मेन स्ट्रीम में सिल्ट की अधिकता हो, नदी उथली हो, वहां ड्रेजिंग को प्राथमिकता दी जाए और नदी को चैनलाइज किया जाए। यदि ड्रेजिंग से समाधान होना संभव न हो तब ही तटबंध अथवा कटान निरोधी अन्य उपायों को अपनाया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी नदियों के ड्रोन सर्वेक्षण कर स्थानीय परिस्थितियों के बारे में समुचित जानकारी प्राप्त कर ली जाए। शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बाढ़ की दृष्टि से अतिसंवेदनशील/संवेदनशील जिलों, पूर्ण और लंबित परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की।

## पीडीपी ने जम्मू-कश्मीर में शराबबंदी पर राजनीतिक दलों से समर्थन मांगा

एजेंसी

**श्रीनगर :** पीडीपी ने जम्मू-कश्मीर में शराबबंदी और सार्वजनिक भूमि पर बने घरों के मालिकों के लिए मालिकाना अधिकार और दिहाड़ी मजदूरों के नियमितीकरण सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर एनसी, कांग्रेस और भाजपा सहित अन्य दलों से समर्थन मांगा है।पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और कांग्रेस नेता गुलाम अहमद मीर को पत्र लिखकर आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पीडीपी विधायकों द्वारा पेश किए गए तीन विधेयकों पर समर्थन मांगा है।एक्स पर एक पोस्ट में पीडीपी ने लिखा कि उमर अब्दुल्ला साहब, जम्मू-कश्मीर को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों पर एकजुट मोर्चे का आग्रह करते हैं। पीडीपी भूमि अधिकार, श्रमिक नियमितीकरण और शराबबंदी पर महत्वपूर्ण



विधेयक पेश करती है। राजनीति को अलग रखते हुए लोगों का कल्याण पहले आना चाहिए।कांग्रेस महासचिव गुलाम अहमद मीर को महबूबा मुफ्ती द्वारा लिखे गए पत्र में पीडीपी ने कहा कि साहब हम जम्मू-कश्मीर में प्रमुख मुद्दों पर सामूहिक कार्रवाई का आग्रह करते हैं। पीडीपी संपत्ति अधिकार, श्रमिक नियमितीकरण और शराबबंदी पर महत्वपूर्ण विधेयक पेश करती है। लोगों का कल्याण राजनीति से ऊपर उठना चाहिए।इसी तरह जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा को लिखे पत्र में पीडीपी ने लिखा साहब संपत्ति अधिकार, कर्मचारी नियमितीकरण और शराबबंदी पर पीडीपी के प्रमुख विधेयकों के लिए द्विदलीय समर्थन का आग्रह करते हैं।पार्टी ने सोशल मीडिया पर मुद्दों पर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन को लिखे अपने पत्र को भी पोस्ट किया जिसमें कहा गया कि संपत्ति अधिकार, कर्मचारी नियमितीकरण और शराबबंदी पर पीडीपी के प्रमुख विधायी विधेयकों के लिए समर्थन का आग्रह करते हैं।

## अस्पताल में किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप, लोगों ने किया प्रदर्शन



एजेंसी

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत हड़ोआ ग्रामीण अस्पताल में ब्लड प्रेशर नापने के बहाने किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप एक स्वास्थ्यकर्मी पर लगा है। स्वास्थ्यकर्मी को सजा देने की मांग करते हुए स्थानीय लोगों ने सड़क पर आगजनी कर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने इस मामले में अस्पताल के एक स्वास्थ्यकर्मी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पीड़ित किशोरी को अस्वस्थता के कारण गुरुवार को हड़ोआ ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार सुबह एक अस्पताल कर्मचारी उनका रक्तचाप जांचने गया। जांच पूरी होने के बाद, कर्मचारी चला गया। थोड़ी देर बाद वह किशोरी को दूसरे कमरे में ले जाकर कहा कि उसका रक्तचाप फिर से मापा जाएगा। आरोप है कि स्वास्थ्यकर्मी लड़की से छेड़खानी करने लगा। लड़की ने उसे धक्का देकर दूर धकेलने की कोशिश की।आरोप है कि स्वास्थ्यकर्मी ने उसे कमरे में ही बंधक बना लिया। तभी लड़की के चिल्लाने पर आरोपित डरकर वहां से भाग गया।वार्ड में वापस आकर किशोरी ने अपनी मां को स्वास्थ्यकर्मी की करतूत बतायी। इस पर पीड़िता के परिवार के सदस्यों ने स्वास्थ्यकर्मी को सजा देने की मांग को लेकर अस्पताल में विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि जब अस्पताल प्रशासन ने मामले पर ध्यान नहीं दिया तो परिजनों और स्थानीय निवासियों ने अस्पताल के सामने सड़क पर आगजनी कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बड़ते तनाव को देखते हुए आरोपित स्वास्थ्यकर्मी को गिरफ्तार कर लिया।

### आरजी कर त्रासदी : सीबीआई कर रही पूरक आरोप पत्र की निगरानी

**कोलकाता :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जल्द ही कोलकाता की एक विशेष अदालत में आरजी कर त्रासदी से जुड़े मामले में पूरक आरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी कर रही है। इस आरोप पत्र को नई दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय की एक विशेष कानूनी टीम की सीधी निगरानी में तैयार किया जा रहा है। सीबीआई की कोशिश है कि 17 मार्च से पहले यह पूरक आरोप पत्र दाखिल कर दिया जाए, क्योंकि उसी दिन सर्वोच्च न्यायालय में इस मामले की अगली सुनवाई तय है। पूरक आरोप पत्र में मुख्य रूप से साक्ष्यों से छेड़छाड़ के पहलू को उजागर किए जाने की संभावना है।सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट, उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज और जब्त किए गए विभिन्न मोबाइल सिम कार्ड की जांच के निष्कर्ष इस आरोप पत्र के आधार बनेंगे। इसी कारण, सीबीआई के वकील ने टाला थाना के पूर्व थाना प्रभारी अभिजीत मंडल द्वारा अपने मोबाइल सिम कार्ड की वापसी के लिए दायर अर्जी का विरोध किया।

## बिहार में राजग सरकार बनने के बाद शिक्षा स्वास्थ्य से लेकर हर क्षेत्र में काम हुआ : राज्यपाल

एजेंसी

**पटना :** बिहार विधानमंडल का बजट सत्र शुक्रवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। राज्यपाल ने राज्य सरकार के विकास कार्यों और आने वाले समय में सरकार की योजनाओं को सदन में क्रम से रखा। उन्होंने कहा कि बिहार में 2005 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने के बाद से शिक्षा-स्वास्थ्य से लेकर हर क्षेत्र में काम हुआ है।राज्यपाल ने कहा कि नई सरकार बनने के बाद से ही राज्य में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है। राज्य में बड़ी संख्या में सड़कों और पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया। सरकार ने बिहार में महिला सशक्तीकरण पर विशेष जोड़ दिया है। पंचायती राज, नगर निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या काफी कम थी। अब समूहों की संख्या 10



लाख 63 हजार हो गई है। इसमें जीविका दीदियों की संख्या एक लाख 41 हजार से अधिक है। इस मौके पर दोनों सदनों के सदस्यों के साथ विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधानपरिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने शुरू से ही वंचित वर्गों के लिए काम किया। इन्हें मुख्यधारा में जोड़ने के लिए कई योजना चला रही है। मुस्लिम समुदाय के मदरसों को सरकारी सहायता दी जा रही है। इसमें पढ़ाने वाले शिक्षकों को सरकारी शिक्षक के अनुरूप वेतन दिया जा रहा है।

राज्य में धान, गेहूं और मक्का का उत्पादन दोगुना हो गया है। मछली उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर हो गया है।राज्य में 24 नवम्बर 2005 को नई सरकार बनने के बाद राज्य में कानून का राज है तथा लगातार विकास का काम हो रहा है। राज्य सरकार ने हमेशा सुशासन एवं न्याय के साथ विकास पर जोर दिया है, जिसका अर्थ है सभी क्षेत्रों का विकास एवं सभी वर्गों का उत्थान। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क, पेयजल आदि क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य में अब किसी तरह के डर और भय का वातावरण नहीं है। राज्य में प्रेम, आपसी भाईचारा और शांति का माहौल है।